




नस्लीय समानता विस्थापन-विरोधी टूल

# हमारे मुद्दों का फैसला हमारी भागीदारी के बिना नहीं होगा!

कम्युनिटी के प्रति जवाबदेही





# किसी स्थान के मूल निवासियों को मान्यता देना

हम मूल निवासियों और स्वदेशी लोगों को इस स्थान के ऑस्टिन, टेक्सास के रूप में पहचाने जाने से पहले मूल प्रबंधक के रूप में स्वीकार करना और उनका सम्मान करना चाहते हैं और साथ ही हम मूल निवासियों और स्वदेशी लोगों और उनके पारंपरिक क्षेत्रों के बीच मौजूद स्थाईस्थाई संबंधों को पहचानना और उनका सम्मान करना चाहते हैं। इस जगह के मूल निवासियों को मान्यता देना वास्तव में उन लोगों के प्रति कृतज्ञता और प्रशंसा की अभिव्यक्ति है जिनके क्षेत्र में हम रहते हैं और साथ ही, यह उन मूल निवासियों और स्वदेशी लोगों को सम्मानित करने का एक तरीका है, जो प्राचीन काल से इस स्थान पर रह रहे हैं और काम कर रहे हैं। किसी स्थान के मूल निवासियों को मान्यता देना अतीत या ऐतिहासिक संदर्भ पर आधारित नहीं है। उपनिवेशवाद एक वर्तमान और सतत प्रक्रिया है, और हमें यह याद रखना चाहिए कि हम एक उपनिवेशितभूमि पर रहकर इसमें भाग ले रहे हैं।

हम आदरपूर्वक स्वीकार करते हैं कि आज हम जिस भूमि पर रह रहे हैं, वह टोंकावा, अपाचे, यसलेटा डेल सुर पुएब्लो, लिपान अपाचे जनजाति, याकी इंडियंस का टेक्सास बैंड, कोहुइलटेकन जनजातियों और अन्य सभी जनजातियों की पारंपरिक और पैतृक मातृभूमि है जिनका यहाँउल्लेख नहीं हुआ है। इसके अतिरिक्त, हम टेक्सास के अलबामा-कौशट्टा जनजाति, टेक्सास की किकापू जनजाति, कैरिज़ो और कमक्रूडो, टिगुआ पुएब्लो, कैड्डो, कोमांचे, किओवा, विचिटा, चिकासॉ, वेको राष्ट्रों और उन और सभी मूल निवासियों और स्वदेशी लोगों और कम्युनिटीज़ को स्वीकार करते हैं और उनका सम्मान करते हैं, जो यहाँ हमेशा से टेक्सास के टर्टल द्वीप पर इस भूमि और क्षेत्र का हिस्सा रहे हैं या अब बन गए हैं। सूचीबद्ध सभी मूल निवासी और स्वदेशी लोग टेक्सास को अपनी मातृभूमि के रूप में दावा नहीं करते, क्योंकि कई को जबरन उनकी मातृभूमि से टेक्सास में स्थानांतरित कर दिया गया था।

उस लंबे इतिहास को समझना जिसने हमें इस भूमि पर रहने के लिए प्रेरित किया है और इस इतिहास के संदर्भ में अपनी जगह को पहचानने की कोशिश करना हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। टेक्सास राज्य औपनिवेशिक शक्तियों द्वारा की गई हिंसा का ही एक उत्पाद है, जो बल का उपयोग कर श्वेत लोगों के वर्चस्व को बनाए रखने में रुचि रखते थे। मध्य टेक्सास के मूल निवासियों और स्वदेशी लोगों का कई बार नरसंहार किया गया है अर्थात, उनका शिकार किया गया, उन्हें हिरासत में लिया गया, उन्हें धर्मान्तरित किया गया और लगातार उपनिवेशित किया गया। बहुत से लोग इस देश में समाहित भी हो गए, जिनमें अधिकांश कोहुइलटेकन कहलाने वाले और कई लिपान अपाचे शामिल हैं, जिनके पास कोई समझौता या पहचान नहीं है।

इस स्थान पर जो भी भूमि विकास हुआ है, वह मानवता की असमानता और अन्याय के एक लंबे इतिहास के साथ अटूट रूप से जुड़ा हुआ है, जो उपनिवेशवाद और गुलामी की परंपरा द्वारा लोगों, भूमि और प्राकृतिक संसाधनों का शोषण करके किया गया है। आज, पूर्वी ऑस्टिन में अश्वेत, स्वदेशी और विभिन्न नस्लों और रंगों के लोगों (BIPOC) का चल रहा विस्थापन श्रम शोषण, भूमि की चोरी, परिदृश्य के परिवर्तन, और संस्कृतियों के विलुप्त होने की परंपरा से जुड़ा हुआ है। संसाधनों की तलाश में, विभिन्न सरकारों ने अतीत में कई पारिस्थितिक प्रणालियों, पारंपरिक मानव ज्ञान और जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए आवश्यक बातचीत को नष्ट किया है, और इन्हें नष्ट करना जारी रखा है। इसलिए हमें पक्के इरादे के साथ यह सोचने की ज़रूरत है कि हम कैसे इस स्थान और यहाँ के स्वदेशी लोगों के प्रति सम्मान स्थापित करेंगे।

# अभिस्वीकृति


ये उन लोगों के नाम हैं जो पहले से ही ऑस्टिन से विस्थापित हो चुके हैं, साथ ही वे जो वर्तमान में हमारी कम्युनिटी में अभिजात्यवाद (जेंट्रीफिकेशन) और किफ़ायकिफ़ायती सुविधाओं की कमी के दबाव और चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

## ऑस्टिन शहर के मतदाता

## नस्लीयनस्लीय समानता के सक्रिय सदस्य (कैटलिस्ट)

एना एग्वायर मोनी
अलकांतारा सुज़ाना
अल्मांज़ा मार्सिया
बेकफोर्ड निक्की
बर्डसॉन्ग
गेविनो फर्नांडीज़ जूनियर
वैलेरी फ़्रूज
कोरी हिल मेलोनी
हाउस मार्गरिट हॉर्टन
लिंडा जैक्सन
क्रिस्टियाना जेफर्स
क्रिश्चियन जॉर्डन नूर
के
लूनर लानास
डेनियल ल्यानेस
अरी लूना
लैक्रेशिया नीको मालकॉम
एलिज़ाबेथ मैसी क्रिस्टल
मैक्सवेल तमिका क्विन
लेस्बिया रामोस बेट्टी
टेलर सेरेना तिजेरिना
लिरिक वार्डलो
स्टेफ़नी वेब जैस्मीन
विलिस
लैनिस यंग

## ऑस्टिन शहर के प्रोजेक्ट लीड्स

नेफ़र्टिटी जैकमन, कम्युनिटी डिस्प्लेसमेंट प्रिवेंशन ऑफिसर, हाउसिंग एंड प्लानिंग डिपार्टमेंट ब्रायन ओक्स, चीफ इक्विटी ऑफिसर, इक्विटी ऑफिस

## ऑस्टिन शहर का अतिरिक्त स्टाफ

प्रखर बाजपेयी, ऑफिस ऑफ़ इनोवेशन
कारा बर्ट्रोन, हाउसिंग एंड प्लानिंग डिपार्टमेंट सुज़ाना कार्बाजल, इकोनॉमिक डेवलपमेंट डिपार्टमेंट केली कोलमैन, इक्विटी ऑफिस
लियान कोंटे, प्रोजेक्ट कनेक्ट ऑफिस जेनिफर गोलेच,
प्रोजेक्ट कनेक्ट ऑफिस अमांडा जस्सो, इक्विटी
ऑफिस
एरिका लीक, हाउसिंग एंड प्लानिंग डिपार्टमेंट लैसी पैटरसन,
हाउसिंग एंड प्लानिंग डिपार्टमेंट केरी ओ'कॉनर, ऑफिस ऑफ़
इनोवेशन
अल्बा सेरेनो, ऑफिस ऑफ़ इनोवेशन
सैम टेडफोर्ड, हाउसिंग एंड प्लानिंग डिपार्टमेंट रेचल टेपर, हाउसिंग एंड प्लानिंग डिपार्टमेंट

## समान विकास सलाहकार

रयान कर्रन
नोरा लियू

यह रिपोर्ट नस्लीयनस्लीय समानता के सक्रिय सदस्यों (कैटलिस्ट) के साथ साझेदारी में ऑस्टिन शहर के कर्मचारियों के साथ सह-निर्मित की गई थी, और इसमें समान विकास सलाहकारों की मदद भी शामिल थी।

# विषय सूची

किसी स्थान के मूल निवासियों को मान्यता देना........................................................................ 2

अभिस्वीकृति.................................................................................................................... 3

अध्याय 1: नस्लीयनस्लीय समानता विस्थापन-विरोधी टूल क्या है?............................................ 7




अध्याय 1 इस टूल की आवश्यकता, इसे कैसे विकसित किया गया, नस्लीय समानता के सिद्धांतों और महत्वपूर्ण परिभाषाओं की व्याख्या करता है। प्रमुख शब्दों की साझा परिभाषाएँ असमानताओं और  विस्थापन को समझने और उनका मुकाबला करने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

अध्याय 2: नस्लीयनस्लीय समानता का विज़न और इसके चालक ...................................... 27





अध्याय 2 में नस्लीय समानता का विज़न, मिशन और इसके छह चालकों के बारे में बताया गया है। यह विचारों का एक एकीकृत ताना-बाना प्रस्तुत करता है, जिनमें से प्रत्येक एक समान भविष्य के विज़न के एक घटक को संबोधित करता है।

अध्याय 3: मूल कारण और वर्तमान युग की असमानताएँ................................................. 39




अध्याय 3 मौजूदा असमानताओं और उनके ऐतिहासिक मूल का अवलोकन प्रदान करता है। एक सहयोगी ऑनलाइन टूल का उपयोग करके, उपयोगकर्ता इंटरैक्टिव मानचित्र में विस्थापन जोखिमों को देख सकते हैं और अवसरों तक पहुँच प्राप्त कर सकते हैं।

**अध्याय 4: नस्लीयनस्लीय समानता विस्थापन-विरोधी टूल........................................ 53**




अध्याय 4 विस्थापन-विरोधी फंड और अन्य नीतियों, योजनाओं, कार्यक्रमों और परियोजनाओं के प्रस्तावों का मूल्यांकन करने के लिए एक इंटरैक्टिव स्कोरकार्ड है। इसे ऑस्टिन ट्रांज़िट पार्टनरशिप, कैपिटल मेट्रो, सिटी ऑस्टिन, पार्टनर संगठनों और कम्युनिटी के सदस्यों सहित विभिन्न प्रकार के लोगों द्वारा उपयोग करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, विशेष रूप से वे, जो विस्थापन से सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं।

**अध्याय 5: कम्युनिटी के नेतृत्व में कार्यान्वयन और जवाबदेही................................ 65**





अध्याय 5 टूल को इस तरह से लागू करने के लिए सात रणनीतियों और कार्यों की रूपरेखा तैयार करता है, जिससे इसके प्रति विश्वास पैदा हो और कम्युनिटी के प्रति जवाबदेह हो।

**उपसंहार ........................................................................................ 84**

**परिशिष्ट I ...................................................................................... 85**

**परिशिष्ट II ..................................................................................... 86**

*कवर और अध्याय शीर्षक पृष्ठ नस्लीयनस्लीयसमानता की सक्रिय सदस्या (कैटलिस्ट) जैस्मीन विलिस द्वारा डिज़ाइन किए गए हैं*


What community
SHOULD
look like. . .
कम्युनिटी किस प्रकार
की होनी चाहिए...
John

# अध्याय 1: नस्लीयनस्लीय समानता विस्थापन-विरोधी टूल क्या है?

**प्रोजेक्ट कनेक्ट के सभी निर्णयों में नस्लीयनस्लीयसमानता के लिए एक विज़न को केंद्रित करने के लिए कम्युनिटी प्राथमिकताओं, डेटा और अनुसंधान का उपयोग करना**

## कार्यवाई के लिए बुलावा

**समानता स्थापित करने की प्रक्रिया में सिस्टम्स और नीतियाँ महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।**

ऑस्टिन के मतदाताओं ने एक साहसिक कार्य किया, जब उन्होंने प्रोजेक्ट कनेक्ट  का समर्थन करने के लिए $300 मिलियन विस्थापन-विरोधी फंड की मंजूरी दी। इस फंड में इस बात पर ज़ोर दिया गया है कि ऑस्टिन ट्रांज़िट पार्टनरशिप, कैपिटल मेट्रो, और ऑस्टिन शहर उन लोगों के साथ साझेदारी में और उनकी मदद के लिए काम करे, जो विस्थापन के दबाव से सबसे अधिक प्रभावित हैं, ताकि हमारी नींव मज़बूत हो और ऑस्टिन एक ऐसा शहर बने, जिसके परिणाम हमारे मूल्यों के अनुरूप हों।

नवाचार और उद्यमशीलता की भावना वाले शहर के रूप में, ऑस्टिन बहुत प्रभावशाली है। बल्कि, यह देश के सबसे तेजी से बढ़ते महानगरीय क्षेत्रों में से एक है, जो बड़ी-बड़ी टेक्नोलॉजिकल कॉरपोरेशन को अपनी तरफ आकर्षित करता है। हालांकि, जब हम विभिन्न नस्लों और रंगों वाली कम्युनिटीज़ और कम आय वाले पड़ोसियों की उपेक्षा करना शुरू करते हैं, तो ऐसे परिवर्तन हमारे शहर का वैभव नहीं बने रहते क्योंकि हमारी वास्तविक ताकत हमारी सांस्कृतिक, नस्लीय और आर्थिक विविधता पर आधारित है।

असमानताएँ सभी को आहत करती हैं - न कि केवल सामाजिक और आर्थिक सीढ़ी के निचले पायदान पर रहने वालों को। जिन क्षेत्रों और देशों में दूसरों की तुलना में बेहतर आर्थिक समानता है, उनका आर्थिक विकास दूसरों की तुलना में अधिक टिकाऊ और मज़बूत है, और वहाँ कम्युनिटी के अधिकांश लोगों के लिए बेहतर परिणाम हैं।[1] अगर हम एक ऐसे समाज का निर्माण करते हैं जहाँ सभी लोग अपने सपनों को पूरा कर सकें और अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दे सकें, तो इससे हम सभी को लाभ होगा। समानता के परिणामस्वरूप, हर कोई अमेरिकी सपने को साझा कर सकता है और हमारे शहर को बढ़ने और मज़बूत करने में मदद कर सकता है।

ऑस्टिन शहर, ऑस्टिन ट्रांज़िट पार्टनरशिप और कैपिटल मेट्रो के लिए चुनौती यह है कि वह एक ऐसे निष्पक्ष और न्यायपूर्ण प्रणाली का निर्माण करे जहाँ सभी नागरिकों के पास सर्वोत्तम अवसर हों। सुरक्षित और किफ़ायती आवास, स्वस्थ भोजन, स्वच्छ पानी और अपनी कम्युनिटी के साथ संबंध बुनियादी मानवीय जरूरतें हैं। फिर भी एक मोहल्ले से दूसरे मुहल्ला में, इन बुनियादी ज़रूरतों तक लोगों की पहुँच बहुत भिन्न-भिन्न होती है। नस्ल, आय और ज़िप कोड यह निर्धारित करते हैं कि हम कितने स्वस्थ हैं और यहाँ तक कि यह भी कि हम कितने समय तक जीवित रहते हैं। समानता हमसे आह्वान करती है कि हम सबसे ज़्यादा ज़रूरतमंद कम्युनिटीज़ की बेहतरी के लिए उन्हें अधिक से अधिक अवसर प्रदान करें, और जिन लोगों के पास सीमित विकल्प हैं, उनके लिए अधिक-से-अधिक विकल्प विकसित करें ताकि कम्युनिटी के सभी वर्ग फल-फूल सकें।

---

[1] अमेरिका का कल: समानता विकास का एक उच्च मॉडल है, पॉलिसीलिंक 2011

किफ़ायती आवास, स्थानीय रोज़गार, और दिन-प्रतिदिन के संसाधन जैसे स्वस्थ भोजन, गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा देखभाल, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, और कुशल परिवहन व्यक्ति का  नस्ल, उसकी राष्ट्रीयता, आय, या ज़िप कोड की परवाह किए बिना सभी के लिए सुलभ होना चाहिए। लेकिन वास्तव में हमारी संस्थाएँ और हमारी नीतियाँ निर्धारित करती हैं कि धन, स्वास्थ्य और समृद्धि तक किसकी पहुँच है। इन संसाधनों को कैसे वितरित किया जाता है, इसकी असमानताओं को अंतर परस्पर रूप से जुड़ी शक्तियों के नेटवर्क द्वारा बनाए रखा जाता है। उदाहरण के लिए, हम जानते हैं कि जब छात्र भूखे या बीमार होते हैं, तो उनके लिए स्कूल में अच्छा प्रदर्शन करना बहुत मुश्किल हो जाता है; इसलिए हमारे युवाओं को जीवन के लिए तैयार करने के लिए भोजन, स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा सभी बहुत महत्वपूर्ण हैं। इन संसाधनों को कम्युनिटी के सभी  वर्गों के लिए पूरी तरह से सुलभ बनाने के लिए शक्तियों के इस पूरे नेटवर्क का सामना करने की आवश्यकता है।

विभिन्न नस्लों और रंगों वाली कम्युनिटीज़ और कम-आय वाली कम्युनिटीज़ नियमित रूप से उनके लिए किए गए निर्णयों और उनकी आवाज़ों, वरीयताओं और शक्तियों की अवहेलना के रूप में संस्थागत नस्लवाद का सामना करते हैं। यह आवश्यक है कि सभी ऑस्टिन नागरिक निर्णय लेने, योजना बनाने, विकास, लाभ और समृद्धि में समान रूप से शामिल हों। सबसे सार्थक, न्यायसंगत और टिकाऊ उपाय केवल उन कम्युनिटीज़ के साथ साझेदारी करके बनाए जा सकते हैं, जिनके पास जीवित अनुभव और ज्ञान और उन सभी चीज़ों के बारे विशेषज्ञ सलाह है, जो स्वस्थ रहने और फलने-फूलने के लिए आवश्यक हैं।इसलिए इन बातों का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए और इन पर काम किया जाना चाहिए।

सभी उपाय व्यापक होने चाहिए। भविष्य की नौकरियों के लिए एक कुशल कार्यबल का होना महत्वपूर्ण है। सभी क्षेत्रों में पूर्ण रोज़गार की बाधाओं को दूर करने से अधिक कौशल और रचनात्मकता आती है। एक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रणाली भविष्य की अर्थव्यवस्था की ज़रूरतों को पूरा कर सकती है। यदि लोगों के आस पड़ोस में मज़बूत और जीवंत लोग हों और उनकी किफ़ायती और स्वस्थ खाद्य पदार्थों, सुरक्षित और कुशल परिवहन, और किफ़ायती और गुणवत्ता वाले आवास तक पहुँचहो तो वे निश्चित रूप से इससे लाभान्वित होंगे, स्वस्थ बनेंगे, और सफल हो पाएँगे। सभी ऑस्टिन निवासियों को ऑस्टिन अर्थव्यवस्था में प्रबंधकों, मालिकों और आविष्कारकों के रूप में पूरी तरह से योगदान करने में सक्षम होना चाहिए।

नस्लीयनस्लीय समानता विस्थापन-विरोधी टूल इस बढ़ते क्षेत्र को एक ऐसा स्थान बनाने के लिए ऑस्टिन शहर, ऑस्टिन ट्रांज़िट पार्टनरशिप, कैपिटल मेट्रो को आवश्यक मार्गदर्शन और स्वरूप प्रदान करता है जहाँ हर कोई अपनी पूरी क्षमता का उपयोग कर सकता है।

## नस्लीयनस्लीय समानता विस्थापन-विरोधी टूल की आवश्यकता क्यों है?

ऑस्टिन का पूर्वी क्रिसेंट क्षेत्र आंशिक रूप से नस्लीय समझौतों और नस्लीय भेदभाव के इतिहास के कारण बनी संस्कृति, पहचान और इतिहास में समृद्ध है, जो ऑस्टिन में बड़े पैमाने पर मौजूद था। इन नीतियों और प्रथाओं के परिणामस्वरूप, विभिन्न नस्लों और रंगों के लोगों का अपनी इच्छानुसार रहना संभव नहीं था और यहाँ तक कि उन्हें कई मोहल्लों, व्यवसायों, सार्वजनिक सुविधाओं (स्कूलों और पुस्तकालयों सहित), और अन्य संस्थानों में प्रवेश की अनुमति भी नहीं थी।[2] नस्लीय रूप से भेदभावपूर्ण प्रथा एँ, जो स्पष्ट रूप से विभिन्न नस्लों और रंगों के लोगों को किसी संपत्ति को पट्टे पर लेने, खरीदने या यहाँ तक कि उसमें बसने की क्षमता को केवल कुछ मोहल्लों तक सीमित करती हैं, उनके परिणामस्वरूप ऐसे तंग ज़िले बने हैं, जिनमें एक पूरी कम्युनिटी की प्रमुख संरचना एँ शामिल थीं। घर, सामान और सेवा एँ, सांस्कृतिक केंद्र और पूजा स्थल, सभी आम तौर पर इन तंग सीमाओं के भीतर स्थित थे। नतीज़तन, ये मोहल्ले इन कम्युनिटीज़ के जीवन पर केंद्रित उत्कृष्ट सोशल नेटवर्क और सांस्कृतिक केंद्रों के साथ स्पष्ट रूप से पहचाने जाने योग्य केंद्र बन गए। लोगों के स्थानांतरित होने या विस्थापित होने के काफी समय बाद, यह आज भी सच है। साथ ही, रेड लाइनिंग के इतिहास ने इन कम्युनिटीज़ को संसाधनों से वंचित और हमारी आक्रामक अर्थव्यवस्था में विकसित होने के अयोग्य बना दिया है।

बुनियादी ढाँचे के निवेश में कमी, सीमित संसाधन स्कूलों, और वाणिज्यिक और आवास ऋण पर प्रतिबंधों का इन मोहल्लों और यहाँ के लोगों पर स्थाई प्रभाव पड़ा है। क्षेत्रीय रियल एस्टेट की कीमतों में वृद्धि के रूप में, इन मोहल्लों का शहर के केंद्र में स्थित होना और किफ़ायती होना इन्हें वांछनीय बनाता है, भले ही यह अभी यह अभी भी ऐसे लोगों के घरों के रूप में हैं जो आवासीय, वाणिज्यिक और कम्युनिटी विस्थापन के दबावों का सामना करने में सबसे कम सक्षम हैं। समृद्ध विविध संस्कृति वाली कम्युनिटी को बनाए रखने के लिए, हमें उन लोगों की रक्षा करनी चाहिए जो सबसे अधिक जोख़िम में हैं।

परिवहन में निवेश से कम्युनिटीज़ को लाभ हो सकता है, लेकिन इस सुधार के परिणामस्वरूप संपत्ति की कीमतें भी बढ़ सकती हैं और नए विकास कार्य भी शुरू हो सकते हैं। प्रत्येक दो परिवर्तनों के परिणामस्वरूप संपत्ति करों, किराए और व्यवसाय या कम्युनिटी संगठन चलाने की लागत में वृद्धि हो सकती है। कम आय वाले परिवार, किराएदार, छोटे व्यवसाय के मालिक और अन्य कमज़ोर समूह, जो जीवन यापन की उच्च लागत बर्दाश्त नहीं कर सकते, उनके अपने घरों से बाहर निकलने की संभावना है। इस नकारात्मक प्रभाव से बचने के लिए, मतदाताओं ने नवंबर 2020 के चुनाव में प्रोजेक्ट कनेक्ट के लिए धन के साथ-साथ विस्थापन की रोकथाम के लिए $300 मिलियन की मंजूरी दी। नस्लीय समानता विस्थापन-विरोधी टूल मार्गदर्शन करेगा कि $300 मिलियन कैसे खर्च किए जाने चाहिए।

[2] ऑस्टिन प्रतिबंधित: प्रगतिवाद, ज़ोनिंग, निजी नस्लीय वाचाएँ, और एक अलग शहर का निर्माण

## नस्लीयनस्लीय समानता विस्थापन-विरोधी टूल कैसे बनाया गया?

नस्लीय नस्लीयसमानता में सुधार करने और विस्थापन को कम करने के प्रयास में, नस्लीय नस्लीयसमानता के सक्रिय सदस्यों (कैटलिस्ट)—कम्युनिटी के वो सदस्य, जो अपने जीवित अनुभव के कारण नस्लीय नस्लीयसमानता के विशेषज्ञ हैं—ने नस्लीय नस्लीयसमानता विस्थापन-विरोधी टूल ("टूल") को बनाने के लिए शहर के कर्मचारियों और समान विकास सलाहकारों के साथ मिलकर काम किया है।

यह टूल नीति, योजना, कार्यक्रम और फंडिंग निर्णयों में नस्लीय नस्लीयसमानता को केंद्र में रखने के लिए कम्युनिटी प्राथमिकताओं, डेटा और अनुसंधान का उपयोग करता है। इसे कार्यशालाओं और चर्चाओं की एक श्रृंखला के माध्यम से चार महीनों में बनाया गया था।

यह टूल ऑस्टिन ट्रांज़िट पार्टनरशिप, कैपिटल मेट्रो और ऑस्टिन शहर के निर्वाचित अधिकारियों, नेताओं और कर्मचारियों; कम्युनिटी के सदस्यों; और अन्य भागीदारों की निम्नलिखित कार्यों में मदद करेगा:

1. अधिक न्यायसंगत परिणामों के लिए परिवहन के निवेश में $7.1 बिलियन का मूल्यांकन और रूपरेखा तैयार करना, और
2. कम्युनिटी से संबंधित ऐसी परियोजनाओं के लिए $300 मिलियन लगाना, जो अतीत में हुए विस्थापन के नुकसान का निवारण करती हैं, और भविष्य के विस्थापन को रोकती हैं।

यह टूल प्रोजेक्ट कनेक्ट का एक हिस्सा है, जो एक शहरव्यापी त्वरित परिवहन सिस्टम है, जिसमें लाइट रेल, तेज़ रफ़्तार बसें, नए पार्क और सवारी सुविधाएं, और साइकिल चालकों और पैदल चलने वालों के लिए सुधार शामिल होंगे। 13 साल की अवधि में इस सिस्टम को बनाने के लिए संघीय और स्थानीय निधियों में $7.1 बिलियन का निवेश किया जाएगा।

सिटी काउंसिल ने भूमि अधिग्रहण, आर्थिक गतिशीलता निवेश, और किफ़ायती आवास वित्तपोषण टूल्स के लिए $300 मिलियन के विस्थापन-विरोधी फंड्स के व्यापक वैध उपयोगों को रेखांकित किया है।[3] इस टूल में इन श्रेणियों और अन्य के लिए कम्युनिटी से संबंधित प्राथमिकता एँ शामिल हैं।

[3] सिटी काउंसिल प्रस्ताव संख्या 20200423-038

## नस्लीय नस्लीयसमानता विस्थापन-विरोधी टूल का उद्देश्य

इस टूल को निर्णयों में नस्लीय नस्लीयसमानता के स्पष्ट विचार को एकीकृत करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह एक परिणाम के साथ-साथ एक प्रक्रिया भी है। इस टूल के उपयोग से ऐसी रणनीतियाँ और कार्रवाइयाँ विकसित करने में मदद मिल सकती है, जो नस्लीयनस्लीयअसमानता, अर्थात् विस्थापन को खत्म करती हैं, और सभी समूहों के लिए सफलता में सुधार करती हैं।

इसके साथ ही, टूल के निरंतर उपयोग से सरकार के निर्णय लेने में सार्थक भागीदारी को बढ़ावा देने और अपने सभी लोगों की सेवा करने की सरकार की क्षमता में सुधार करने के लिए, नई कम्युनिटी सहभागिता और साझेदारी रणनीतियों का विकास होगा। यह टूल कम्युनिटी में विश्वास का निर्माण करेगा। इस टूल के उपयोग को बढ़ावा देने से एक ऐसी प्रशासनिक व्यवस्था बनेगी जो पहले से कहीं अधिक न्यायसंगत, जवाबदेह और पारदर्शी होगी।

## नस्लीयनस्लीयसमानता विस्थापन-विरोधी सिद्धांत[4]

यह टूल निम्नलिखित सिद्धांतों के तहत बनाया गया है:

- सिस्टम को ठीक करें, लोगों को नहीं; उन सभी नीतियों और संस्थाओं को बदलें, जो सभी सफलता संकेतकों के बीच असमानता के वास्तविक कारण हैं।
- सबसे अधिक प्रभावित लोगों पर ध्यान केंद्रित करें: सुनिश्चित करें कि सभी रणनीतियाँ इन कम्युनिटीज़ के प्रति जवाबदेह विभिन्न रंगों और नस्लों के नेताओं को शामिल करके विभिन्न रंगों और नस्लों की कम्युनिटीज़ के अनुभव पर आधारित हैं और उन्हीं से निकली हैं।
- मौजूदा असमानताओं के मूल कारणों को समझें और पता करें कि कैसे प्रोजेक्ट कनेक्ट की कार्रवाइयाँ इन्हें बदतर बनाने की बजाय बेहतर बना सकती हैं।
- प्रभावों और नस्लीय असमानताओं की पहचान करने और मापने योग्य, परिणाम-आधारित समानता लक्ष्यों को निर्धारित करने के लिए कम्युनिटी द्वारा सत्यापित डेटा का उपयोग करें। डेटा की नई परतें उपलब्ध होते ही नए प्रासंगिक मेट्रिक्स के एकीकरण की सुविधा प्रदान करें। विधियों को केवल डेटा से प्रेरित नहीं किया जा सकता है, लेकिन डेटा केंद्रीय है। डेटा गुणात्मक और मात्रात्मक होता है; कम्युनिटी के सदस्यों की आवाज़ों और स्थानीय स्वास्थ्य, जनसांख्यिकी और अन्य स्रोतों से।
- सबसे अधिक प्रभावित कम्युनिटीज़ पर असमान परिणामों या बोझ को हटा दें।
- सभी उपायों और निर्णय लेने में नस्लीयनस्लीयसमानता को बढ़ावा दें।
- सबसे ज़्यादा ज़रूरी कामों की रणनीतियों को लक्षित करने और नियमित रूप से उनकी समीक्षा करने और हितधारकों को इन रणनीतियों के प्रभाव की रिपोर्ट करने के लिए नस्ल और नस्ल के आधार पर अलग-अलग किए गए डेटा का उपयोग करें।

[4] नस्लीय समान नीति प्लेटफार्मों के लिए रेस फॉरवर्ड सिद्धांतों द्वारा संशोधित

## नस्लीयनस्लीयसमानता के लिए शहर की प्रतिबद्धता को कार्यान्वित करना

ऑस्टिन शहर, ऑस्टिन ट्रांज़िट पार्टनरशिप, और कैपिटल मेट्रो ने विभिन्न कानूनों और प्रबंधन नीतियों में समानता टूल का उपयोग करने की अपनी प्रतिबद्धता को व्यवस्थित रूप से संहिताबद्ध किया है।[5] मतदाताओं के साथ शहर के समझौते सहित, यह कानून, निम्नलिखित उद्देश्यों के लिए टूल के उपयोग की अनुमति देता है:

- विस्थापन को रोकने और अधिक आर्थिक अवसर प्रदान करने के लिए, मोहल्ले के स्तर पर और शहर भर में विभिन्न रणनीतियाँ बनाने के लिए उन कम्युनिटीज़ के साथ मिल कर काम करना, जिन्हें विस्थापन का ख़तरा है या जिन्होंने विस्थापन का अनुभव किया है।
- सभी निर्णयों की समीक्षा करने में ऑस्टिन ट्रांज़िट पार्टनरशिप बोर्ड की सहायता करना ताकि वे सभी को समान रूप से इस परिवहन परियोजना और इस से संबंधित सुविधाओं को प्रदान कर सकें।
- प्रोजेक्ट कनेक्ट के समान विकास के लिए पारदर्शी संरचनाओं को डिज़ाइन करना और उन्हें जनता पर लागू करना।
- समानता लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए की गई प्रगति को ट्रैक करना।
- इस प्रक्रिया में भाग लेने और संसाधनों तक पहुँचने में कम्युनिटीज़ को आने वाली बाधाओं को ट्रैक करना।

शहर के इक्विटी ऑफिसर और कम्युनिटी डिस्प्लेसमेंट प्रिवेंशन ऑफिसर ने, टूल के उपयोग को नस्लीयनस्लीयसमानता के प्रति शहर की प्रतिबद्धता के साथ संरेखित करने के लिए, शहर के अन्य विभागों के साथ मिलकर इसे डिज़ाइन करने और इसकी व्यवस्थाओं की निगरानी में अग्रणी भूमिका निभाई है। व्यावहारिक रूप से, इसमें निम्नलिखित बातें शामिल हैं:

- नस्लीयनस्लीयसमानता के लिए शहर के मूल्यों और साझा जनादेश पर ध्यान केंद्रित करना
- निर्णय लेने वाली संरचनाओं में विस्थापन से सबसे अधिक प्रभावित कम्युनिटीज़ पर ध्यान केंद्रित करना और शक्ति का पुनर्संतुलन करना
- उन लोगों के प्रति जवाबदेह होना, जो विस्थापन के दबावों से सबसे अधिक सीधे तौर पर प्रभावित हुए हैं।

[5] सिटी काउंसिल प्रस्ताव संख्या 20200807-003, विस्थापन से संबंधित मेयर व सिटी काउंसिल को ज्ञापन (7/21/2020)

## नस्लीयनस्लीयसमानता को बढ़ावा देना और विस्थापन से होने वाले नुकसान को रोकना

एक समान विकास रणनीति के तहत, शहर नस्लीयनस्लीयऔर सामाजिक समानता के लेंस के माध्यम से सभी नीतियों, कार्यक्रमों और निवेशों की समीक्षा करेगा। यह रणनीति अश्वेत, स्वदेशी और विभिन्न नस्लों और रंगों के लोगों (BIPOC) के लोगों और अन्य प्राथमिकता वाली आबादी के विस्थापन को रोकने और विभिन्न अवसरों तक उनकी पहुँच बढ़ाने के लिए सभी विकास कार्यों को संभालेगी। यह टूल ऐसा ही एक लेंस है।

वैसे तो परिवहन में निवेश किसी अवसर तक पहुँचने के लिए एक कम्युनिटी के परिवहन के उपयोग में सुधार कर सकते हैं, दूसरी ओर, इससे लोगों के रहने या एक छोटे से व्यवसाय को चलाने की लागत में भारी शहर-व्यापी वृद्धि हो सकती है, साथ ही स्थानीय स्तर पर किराये, भूमि और घर की बिक्री की कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। नतीज़तन, विभिन्न रंगों और नस्लों की कम्युनिटीज़ को नागरिकों, व्यवसायों और कम्युनिटी संस्थानों के विस्थापन की अपेक्षाकृत उच्च दर का अनुभव होता है, जिससे इन कम्युनिटीज़ के सैकड़ों वर्षों के व्यवस्थित सरकार-समर्थित निष्कासन और स्थानांतरण की प्रक्रियाएँ जारी रहती हैं।

मोहल्लों में परिवहन में सुधार के अनपेक्षित परिणामों में इस परिवहन सिस्टम द्वारा सबसे अधिक यात्रा करने वाले यात्रियों को दूसरे स्थान पर स्थानांतरित करना शामिल है, जो दैनिक यात्रा के अलावा दूसरी यात्राओं के लिए परिवहन पर सबसे अधिक निर्भर हैं। इससे ट्रांज़िट यात्रियों की संख्या और किराए से उत्पन्न राजस्व में कमी आ जाती है।[6] विस्थापित निवासियों की जगह उच्च आय वाले निवासियों द्वारा ले ली जाती है, जिनमें से अधिकांश के पास अपनी कार होती है, जो अधिकांशतः दिन-प्रतिदिन की यात्रा के लिए परिवहन का उपयोग करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप वाहन उपयोग और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में उल्लेखनीय वृद्धि होती है।[7]

प्रोजेक्ट कनेक्ट संयुक्त उद्यमों, साझेदारियों, और BIPOC के स्वामित्व वाले प्राइम और उप-ठेकेदारों, और डिज़ाइन और परियोजना प्रबंधन सलाहकारों के साथ-साथ जनशक्ति कार्यक्रमों और कम्युनिटी संगठन साझेदारियों के उपयोग के माध्यम से BIPOC कम्युनिटीज़ में रचनात्मक निवेश का एक मॉडल भी हो सकता है। BIPOC में जीवन के सभी क्षेत्रों के लोग, मालिकों से लेकर इंटर्न, छात्र और अकुशल श्रमिक शामिल हैं। सुझाव तैयार करने और निर्णयों की समीक्षा करने के लिए टूल का उपयोग करने से असमानता कम होगी, महंगे अनपेक्षित परिणामों से बचा जा सकेगा, और सभी के लिए बेहतर परिणाम प्राप्त होंगे।

---

[6] पोर्टलैंड में, आर्थिक विस्थापन ट्रांज़िट यात्रियों की कमी का कारक हो सकता है

[7] अमेरिका के परिवहन-समृद्ध पड़ोस में विविधता बनाए रखना: मोहल्लों में समान परिवर्तन के टूल्स

## कम्युनिटी-केंद्रित और शहर-समर्थित सह-निर्माण प्रक्रिया

इस टूल को नस्लीयनस्लीयसमानता के सक्रिय सदस्यों (कैटलिस्ट), विस्थापन के दबाव से सर्वाधिक प्रभावित कम्युनिटी के सदस्यों ने तैयार किया है, जिन्होंने नस्लीयनस्लीयसमानता और विस्थापन विरोधी विशेषज्ञता का इस्तेमाल किया है। इन सक्रिय सदस्यों (कैटलिस्ट) ने नस्लीयनस्लीयसमानता की एक साझा समझ बनाने, टूल को बनाने और कम्युनिटी शक्ति बनाने के लिए चार महीने तक एक साथ काम किया।

इस टूल के निर्माण में मदद करने के लिए, चीफ इक्विटी ऑफिसर और कम्युनिटी डिस्प्लेसमेंट प्रिवेंशन ऑफिसर सहित शहर के कर्मचारियों की एक अंतर-विभागीय टीम ने सक्रिय सदस्यों (कैटलिस्ट) के साथ मिलकर काम किया। कर्मचारियों ने मुआवज़े के प्रबंधन, अनुवाद/व्याख्या, परियोजना प्रबंधन, और समन्वय, तकनीकी जानकारी, डेटा विश्लेषण और सार्वजनिक संचार के रूप में सहायता प्रदान की।

विस्थापन के जोख़िम से जुड़ी विशेषताओं के आधार पर 117 कम्युनिटी अनुप्रयोगों में से तीस नस्लीयनस्लीयसमानता के सक्रिय सदस्यों (कैटलिस्ट) का चयन किया गया। इस अवसर को जनता के लिए व्यापक रूप से उपलब्ध कराया गया था, उन लोगों तक पहुँचने पर विशेष ध्यान देने के साथ, जो दूसरों की तुलना में विस्थापन के अधिक जोख़िम में हैं, और जो शायद पहले ही विस्थापित हो चुके हैं; आवेदन करने के अवसर को डिजिटल रूप से उन समूहों या संगठनों के साथ साझा किया गया, जो सबसे अधिक जोख़िम वाले लोगों की सेवा करते हैं या उनमें शामिल हैं। Facebook पर विशेष रूप से ध्यान दिया गया, विशेष रूप से उन पेजेज़ पर जहाँ लोग अपनी दैनिक जीवन की गतिविधियों को अंजाम देते हैं, जैसे सांस्कृतिक रूप से प्रासंगिक वस्तुओं और सेवाओं का सूक्ष्म व्यापार, और सांस्कृतिक/जनसांख्यिकीय ग्रुप्स। Covid-19 के कारण, शहर के कर्मचारियों ने सीमित संख्या में व्यक्तिगत रूप से जुड़ाव किया, लेकिन जानकारी को उन सभी संस्थाओं के साथ साझा किया गया था जो अपनी स्वयं की गतिविधियों का संचालन कर रहे थे, जैसे कि भोजन वितरित करना, उपलब्ध सहायता या सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियानों के बारे में जानकारी देना, या जो प्रासंगिक आबादी के साथ नियमित रूप से कम्युनिटी आयोजन गतिविधियों का संचालन कर रहे थे।




*चित्र 1 । विकास की टाइमलाइन*

लगभग सभी सक्रिय सदस्य (कैटलिस्ट) अश्वेत, स्वदेशी और विभिन्न

नस्लों और रंगों के लोगों में से हैं (BIPOC), पूर्वी क्रिसेंट के वर्तमान या पूर्व निवासी हैं, और ऑस्टिन की औसत आय से कम कमाते हैं; इनमें से आधे लोगों के पास कार तक पहुँच भी नहीं है।

**88%** पूर्वी क्रिसेंट के वर्तमान या पूर्व निवासी हैं

**100%** ऑस्टिन की औसत आय से कम कमाते हैं

**50%** कोई निजी वाहन नहीं है या परिवहन पर निर्भर हैं

**90%** विभिन्न नस्लों और रंगों के लोग हैं

**57%** अफ्रीकी अमेरिकी हैं
**37%** हिस्पैनिक, लैटिनो/ए, लैटिनक्स, चिकेनक्स हैं
**20%** स्वदेशी हैं
**7%** एशियाई अमेरिकी, हवाई या पैसिफ़िक द्वीप के मूल निवासी हैं
**13%** श्वेत हैं
**नोट**: कुछ सदस्य अपनी पहचान एक से अधिक नस्लीयनस्लीयया राष्ट्रीय समूह से संबंधित होने के रूप में करते हैं

*चित्र 2 सक्रिय सदस्यों (कैटलिस्ट) की जनसांख्यिकीय जानकारी*

सक्रिय सदस्यों (कैटलिस्ट) और सलाहकारों ने सामाजिक दूरी की आवश्यकताओं को पूरा करते हुए वर्चुअल कार्यशालाओं और सार्थक जुड़ाव को बढ़ावा देने वाली चर्चाओं की एक श्रृंखला के माध्यम से इस टूल को चार महीनों में विकसित किया है।

यह प्रक्रिया ऑस्टिन शहर, ऑस्टिन ट्रांज़िट पार्टनरशिप और कैपिटल मेट्रो के सक्रिय सदस्यों (कैटलिस्ट) और कर्मचारियों के द्वारा नस्लीयनस्लीयसमानता, समान विकास और कम्युनिटी शक्ति पर केंद्रित दो प्रारंभिक प्रशिक्षणों प्राप्त करने के साथ शुरू हुई। इसके बाद, पाँच कार्यशालाओं की प्रक्रिया के दौरान, सक्रिय सदस्यों (कैटलिस्ट) ने टूल के निम्नलिखित घटकों का निर्माण किया:

1. नस्लीयनस्लीयरूप से समान विकास का विज़न, मिशन,और इसके चालक
2. विस्थापन-विरोधी फंड के लिए व्यक्ति, स्थान,और उद्देश्य प्राथमिकताएँ
3. विस्थापन रोधी फंड प्रस्तावों और अन्य नीतियों, योजनाओं, कार्यक्रमों और परियोजनाओं के मूल्यांकन के लिए स्कोरिंग मानदंड
4. प्रोजेक्ट कनेक्ट और में दीर्घकालिक भागीदारी के लिए कम्युनिटी संसाधन और कम्युनिटी के नेतृत्व वाली विकास परियोजनाओं की क्षमता
5. न्यायसंगत निर्णय लेने की प्रक्रिया के लिए सिद्धांत और सीमाएँ
6. विस्थापन-विरोधी फंड के अलावा सिस्टम में बदलाव की ज़रूरत
7. प्रक्रियाओं, प्रगति और परिणामों की निगरानी के लिए कम्युनिटी से संबंधित डेटा

## मुख्य परिभाषाएँ

मतदाताओं द्वारा अनुमोदित प्रोजेक्ट कनेक्ट विस्थापन-विरोधी फंड की सफलता के लिए प्रमुख शब्दों की साझा परिभाषाएँ महत्वपूर्ण हैं। इस कारण से, टूल बनाने की प्रक्रिया दो कार्य सत्रों के साथ शुरू हुई जिसमें सक्रिय सदस्यों (कैटलिस्ट) के साथ-साथ शहर, कैपिटल मेट्रो और ऑस्टिन ट्रांज़िट पार्टनरशिप के कर्मचारी शामिल थे, ताकि उन ताकतों की एक आम समझ पैदा की जा सके जिन्होंने असमानता और विस्थापन का उस दबाव बनाया और उसे कायम रखा है जिसे हम आज देखते हैं ; और ताकि इस दबाव को खत्म करने के लिए साझा परिभाषाएं और रूपरेखा बनाई जा सके। ये अवधारणाएँ टूल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। टूल को समझने और इसे लागू करने के लिए उपयोगी मुख्य शब्दों की परिभाषाएं निम्नलिखित हैं। इन्हें इस तरह से सूचीबद्ध किया गया है कि किसी एक शब्द को समझने से बाद के शब्दों को समझने में मदद मिलती है।

**शक्ति:** शक्ति का अर्थ है "कुछ करने में सक्षम होना।" इसका परिणाम अन्य लोगों के लिए वास्तविकता को परिभाषित करने की क्षमता हो सकती है और दूसरों से उनके खुद के लिए वास्तविकता निर्धारित करने की क्षमता छीननी हो सकती है।

> "विस्थापन शक्ति से जुड़ी हुई है। बाज़ार पर, नीति पर, जगह की पहचान पर अधिकार यानि शक्ति। विस्थापन सांस्कृतिक अर्थ को मिटाने की प्रक्रिया है।"
> *- मैनुअल पैस्टर, दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय*

**कम्युनिटी की शक्ति:** कम्युनिटी (कम्युनिटीज़) की क्षमता जिससे वह स्वयं के लिए वास्तविकता निर्धारित करने के लिए प्रणालीगत असमानताओं का सामना करती है (हैं)।

**नस्लीय समानता:** जब सफलता किसी की नस्ल से नहीं आंकी जाती है और परिणाम सभी के लिए बेहतर होते हैं।

**संस्थागत नस्लवाद:** जब कई संस्थानों की नीतियाँ, प्रथाएँ और प्रक्रियाएँ दशकों और पीढ़ियों से विभिन्न नस्लों और रंगों के लोगों की अनदेखी करते हुए श्वेत लोगों के लिए बेहतर काम करती हैं - भले ही अनजाने में। संस्थागत नस्लवाद ने एक ऐसी दूरगामी व्यवस्था का निर्माण किया है जिससे विभिन्न नस्लों और रंगों की कम्युनिटीज़ पर विनाशकारी प्रभाव पड़ा है।

**मूल कारण**: नस्लीय न्याय को प्राथमिकता देकर, हम विस्थापन और असमान विकास के मूल कारणों को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध बनते हैं ताकि हम उन उपायों पर ध्यान केंद्रित कर सकें जो सबसे प्रभावी हैं और सबसे बड़ी ज़रूरतों को पूरा करते हैं। नस्लीय असमानता के मुख्य कारणों में से एक वह अंतर्निहित स्थिति है जो इस संपूर्ण कारण और प्रभाव की प्रक्रिया को चालू करती है जिससे अंततः वह असमानताओं पैदा होती हैं जिन्हें आज हम धन, स्वास्थ्य, आवास, आय और जीवन की अन्य गुणवत्ता के परिणामों के रूप में देखते हैं। गुलामी, उपनिवेशवाद, निजी अनुमान, और अश्वेत और भूरे रंग वालों की कम्युनिटीज़ में नगरपालिका निवेश को कम करने की विरासत हमारी कानूनी, राजनीतिक, भूमि उपयोग और आर्थिक प्रणालियों में अंतर्निहित है। विस्थापन इसी विरासत की ही एक व्याप्ति है। विस्थापन की समस्या के समाधान के लिए के लिए लोगों को किराये की सहायता जैसे अल्पकालिक उपाय जैसे महत्वपूर्ण हैं, लेकिन मूल कारणों से निपटने के दीर्घकालिक उपाय विस्थापन के दबाव को अधिक व्यापक रूप से और सक्रिय रूप से खत्म करने के लिए

अधिक महत्वपूर्ण हैं। परिशिष्ट I में स्थानीय सरकारों द्वारा की गई उन कार्रवाइयों की आंशिक सूची प्रदान की गई है जिन्होंने असमान विकास का समर्थन किया है और समर्थन करना जारी रखा है। संक्षेप में कहा जाए तो, हम जो नस्लीय असमानताएँ आज देखते हैं, वे अंतर्निहित या जैविक नहीं हैं; वे संस्थागत नस्लवाद से पैदा हुई हैं और अभी तक जारी हैं। चूंकि इन असमानताओं को बनाया गया था, इसलिए मूल कारणों को स्वेच्छा से हल करके उनके अस्तित्व को "समाप्त" किया जा सकता है।

**BIPOC:** अश्वेत, स्वदेशी और विभिन्न नस्लों और रंगों के लोग अलग-अलग पृष्ठभूमि से आते हैं। सभी सुविधाओं, लाभों और/या उपलब्धियों तक पहुँचने की उनकी क्षमता संस्थागत नस्लवाद द्वारा निर्धारित की जाती है; उन्हें संस्थागत नस्लवाद का बोझ उठाना पड़ता है।

**नस्लीय रूप से समान विकास:** संस्थागत नस्लवाद के परिणामस्वरूप, BIPOC कम्युनिटीज़ को आम तौर पर सार्वजनिक और निजी निवेश से लाभ नहीं होता है। या तो उनके मोहल्लों को सार्वजनिक और निजी विनिवेश का सामना करना पड़ता है, या जब इस तरह के निवेश अंततः किए जाते हैं, तो वे रियल एस्टेट संपत्ति मूल्यों में वृद्धि का कारण बनते हैं और ऐसे विस्थापन दबाव डालते हैं, जिसका मुकाबला करने के लिए, BIPOC कम्युनिटीज़ कई मूल कारणों (जैसे कम रोज़गार, व्यक्तिगत या व्यावसायिक ऋण में भेदभाव, संपत्ति की कीमतों में गिरावट के कारण स्कूलों में धन की कमी, रियल एस्टेट में निहित स्वार्थों के मामलों में कानूनी सहायता की कमी, आदि) से तैयार नहीं होतीं।
इसलिए, नस्लीय रूप से समान विकास के माध्यम से निम्नलिखित लक्ष्यों को प्राप्त किया जाना चाहिए:

- जो लोग वर्तमान में मोहल्ले में रह रहे हैं और काम कर रहे हैं, साथ ही साथ इसमें आने वाले नए लोगों को भी जीवन की गुणवत्ता वाले परिणामों का समान रूप से अनुभव मिले, और ऐसा ना हो कि वर्तमान निवासियों, आम तौर पर BIPOC कम्युनिटीज़ को विस्थापित किया जा रहा हो जबकि नए आने लोग सार्वजनिक निवेश से लाभ उठा रहे हों और जीवन की बेहतर गुणवत्ता का आनंद ले रहे हों।
- सार्वजनिक और निजी निवेश, कार्यक्रम और नीतियाँ विभिन्न नस्लों और रंगों की कम्युनिटीज़ सहित निवासियों की ज़रूरतों को पूरा करती हों; नस्लीय असमानताओं को कम करती हों; और इतिहास और वर्तमान की परिस्थितियों को ध्यान में रखती हों।

**इंटरसेक्शनैलिटी:** लोग अपने जीवन में एक से अधिक विविध भूमिकाएँ निभाते हैं। सभी ऐतिहासिक रूप से हाशिए के समूह - जैसे BIPOC, LGBTQ लोग, महिलाएँ, विकलांग लोग, और कम आय वाले परिवार, कुछ नाम - प्रणालीगत असमानता का अनुभव करते हैं। बहुत से लोग और बहुत सारी कम्युनिटीज़ इन पहचानों के चौराहे पर रहते हैं, और एक साथ कई असमानताओं का अनुभव करते हैं। आपस में मिलने वाले तरीकों का जवाब देना महत्वपूर्ण है, वो बाधाएँ जो लोगों के लिए उनकी पूरी क्षमता तक पहुँचने के अवसरों को सीमित करती हैं। जाति और नस्लवाद पर ध्यान केंद्रित करके, ऑस्टिन शहर सभी कम्युनिटीज़ को प्रभावित करने की अपनी क्षमता को पहचानता है। नस्लीय असमानताओं को दूर करने के लिए संस्थागत और संरचनात्मक दृष्टिकोण अन्य हाशिए वाले समूहों के लाभ के लिए लागू किया जा सकता है, और किया जाएगा।

**अवसर तक पहुँच:** जब जीवन के आवश्यक घटकों को पाने में आने वाली बाधाओं को हटा दिया जाता है। इसमें एक अच्छी शिक्षा, नौकरी के अवसर, बुनियादी भुगतान वाली नौकरियाँ,

सांस्कृतिक रूप से प्रासंगिक सामान और सेवाएँ, स्वस्थ भोजन, प्रभावी सुरक्षित परिवहन, नागरिक सुविधाएँ, और सामाजिक, आर्थिक, मानसिक और शारीरिक कल्याण के अन्य महत्वपूर्ण तत्वों के लिए बाधाओं को दूर करना शामिल है।

**क्षमता निर्माण:** कम्युनिटी-आधारित संगठनों के साथ दीर्घकालिक साझेदारी स्थापित करना, जिन्होंने नेतृत्व विकास, संगठनात्मक और साझेदारी के बुनियादी ढाँचे, और नीति दर बाद नीति, समस्या-दर-समस्या, साल-दर-साल, समानता प्राप्त करने के उद्देश्य से स्थाई नागरिक क्षमता को बढ़ाने के लिए आंदोलन का समर्थन करके सफल परिणाम प्रदान करने के लिए, अतीत में, BIPOC कम्युनिटीज़ के नेतृत्व में काम किया है, उनके साथ काम किया है, उनके लिए काम किया है और उनके प्रति जवाबदेह रही हैं।

**विस्थापन विरोधी:** यह स्वीकार करना कि लाभ कमाने की उनकी क्षमता की परवाह किए बिना सभी लोगों को एक क्षेत्र में रहने का अधिकार है। इसमें बाजार-आधारित निवेशकों की अपील के आधार पर मजदूर वर्ग के निवासियों को अलग-थलग ना करना और विविध सामाजिक-आर्थिक अनुभवों सहित स्वस्थ सामाजिक-पारिस्थितिकी तंत्र का सम्मान करना शामिल है।

**किफ़ायती आवास:** ऐसे आवास जो मोहल्ले के उन निवासियों के लिए सुरक्षित, सभ्य, सही आकार के, और लंबी अवधि के लिए सही कीमत पर हों जो या तो वर्तमान में विस्थापन के जोख़िम में हैं या जो अतीत में विस्थापित हो गए थे। इसमें बहुत किफ़ायती आवास और सार्वजनिक आवास, साथ ही किराये और बिक्री के लिए उपलब्ध घर शामिल होने चाहिए। ऐसे मोहल्ले में विकसित एक स्टूडियो जहाँ लोगों ने $ 35,000 की आय पर परिवारों का पालन-पोषण किया हो, जो एक ऐसे व्यक्ति या जोड़े के लिए किफ़ायती है जो क्षेत्र की औसत आय (एएमआई) का 80% अर्जित करता है,  क्षेत्र के किराए में वृद्धि और विस्थापन का कारण बनेगा। यह " किफ़ायती आवास" की परिभाषा को पूरा नहीं करता है।


**सांस्कृतिक एंकर:** कम्युनिटी-आधारित संगठन जो उनकी कम्युनिटी की स्थिरता के लिए आवश्यक होते हैं। वे सांस्कृतिक पहचान को सुदृढ़ करने के लिए एकत्रित होने के स्थानों के रूप में सेवा प्रदान करने के साथ-साथ अपनी कम्युनिटी को सेवाएँ, समर्थन और वकालत प्रदान करते हैं। सांस्कृतिक एंकर अक्षत कम्युनिटीज़ के प्रमुख घटकों में से हैं।

**विस्थापन:** जब लोग प्रत्यक्ष, आर्थिक, सांस्कृतिक या जलवायु दबाव के कारण अपने घरों और मोहल्लों को छोड़ने पर मजबूर हो जाते हैं।

**विस्थापन के चालक:** परिवहन विस्थापन का एक महत्वपूर्ण चालक हो सकता है।[8] विस्थापन के कारकों को समझना, कम्युनिटी स्थिरता के लिए आवश्यक कम्युनिटी एंकरों की पूरी श्रृंखला प्रदान करने के लिए निवेश को संतुलित करने में मदद कर सकता है।

---

[8] सिटी काउंसिल प्रस्ताव संख्या 20200423-038 में लिखा है कि "हमारी कम्युनिटी की ज़रूरतों के अनुसार, परिवहन सुविधाओं में सुधार के परिणामस्वरूप संपत्ति के मूल्य और कीमतों में वृद्धि हो सकती है। ये परिणाम अंततः विस्थापन का कारण बन सकते हैं, और अपेक्षाकृत कम आय वाले नागरिकों को प्रभावित कर सकते हैं।"




*चित्र 3। विस्थापन के चालक (क्रेडिट: पॉलिसीलिंक)*

- **प्रत्यक्ष:** लोगों, व्यवसायों और कम्युनिटी संगठनों को संभावित कार्रवाइयों की एक बड़ी संख्या के कारण एक जगह को छोड़ने पर मजबूर किया जाता है। अधिग्रहण अधिकार, बेदखली, फोरक्लोज़र, खराब प्रबंधन के कारण रहने की समस्याएँ, कैद, पट्टे की समाप्ति, और मालिक द्वारा किराये की संपत्ति की बिक्री इसके कुछ उदाहरण हैं।
- **आर्थिक:** रियल एस्टेट की कीमतों के आसमान छूने या असफल अर्थव्यवस्था के कारण आय या कमाई में आई गिरावट के कारण लोग, व्यवसाय और कम्युनिटी संगठन उस स्थान पर और अधिक समय तक रहने का जोख़िम नहीं उठा सकते हैं। इन लागतों में किराया, संपत्ति कर और उपयोगिताएँ इत्यादि शामिल हो सकती हैं।
- **सांस्कृतिक:** लोग इन कारणों से किसी जगह को छोड़ देते हैं कि उन्हें लगता है कि वे अब उस जगह से संबंधित नहीं हैं, ऐसा चाहे या तो इसलिए हो कि नए मोहल्ले वासी दूसरों पर अपनी अपेक्षाएँ लगाते हैं या ऐसे व्यवसाय जो कुछ विशिष्ट सामान और सेवाएँ प्रदान करते थे, वे चले गए हैं। जैसे-जैसे आवासीय परिवर्तन का पैमाना आगे बढ़ता है, और दुकानें और सेवाएँ नए निवासियों पर ध्यान केंद्रित करती हैं, शेष निवासियों को पड़ोस में शारीरिक रूप से रहने के बावजूद अव्यवस्था की भावना महसूस हो सकती है। यह मोहल्ले के बदलते नस्लीय या राष्ट्रीय चरित्र को भी प्रतिबिंबित कर सकता है, न कि केवल इसकी वर्ग संरचना को।
- **जलवायु:** जलवायु या पर्यावरणीय घटनाओं के कारण भी लोगों किसी जगह को छोड़ने पर मजबूर हो सकते हैं, भले ही ऐसे घटनाएँ मानवीय या संस्थागत प्रथाओं द्वारा उत्पन्न हुई हों या नहीं।


**नस्लीय समानता के चालक** (देखें अध्याय दो)**:** विचारों का एक एकीकृत ताना-बाना, जिनमें से प्रत्येक एक समान भविष्य के विज़न के एक घटक को संबोधित करता है। नस्लीय समानता के चालकों और परिणामों को अलग-अलग देखना सही नहीं है; आज की असमानताओं को पैदा करने वाले संस्थागत नस्लवाद को समाप्त करने के लिए उचित रूप से डिज़ाइन, समन्वित और समयबद्ध निवेश ज़रूरी हैं। यदि उन्हें अलग-अलग कर के देखा जाए, तो परिणाम एक कारोबारी जीत होगी जो स्थाई परिवर्तन की ओर नहीं ले जाती। यदि इन्हें एक साथ हासिल किया गया, तो इनके पास परिवर्तनकारी प्रणालियों को बदलने की क्षमता है, जो यादृच्छिक आर्थिक विकास के वर्तमान पथ से आगे बढ़ने के लिए आवश्यक है, एक ऐसा मार्ग जो कई लोगों को पिछड़ा बनाता है और ऐसी विविधता से समझौता करता है जो ऑस्टिन को रहने, काम करने और खेलने के लिए एक आकर्षक जगह बनाती है।

1. आवासीय, वाणिज्यिक और कम्युनिटी विस्थापन को रोकें। ऐसी नीतियाँ और कार्यक्रम लागू करें जो प्राथमिकता वाले लोगों, व्यवसायों और कम्युनिटी संगठनों को उनके मोहल्ले में रहने और फलने-फूलने की अनुमति दें।
2. आर्थिक गतिशीलता और अवसरों को आगे बढ़ाएँ। प्राथमिकता वाली आबादी के लिए आर्थिक अवसरों को बढ़ावा दें, उद्यमिता का समर्थन करें और सांस्कृतिक एंकरों को बढ़ावा दें। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, प्रशिक्षण, और बुनियादी भुगतान वाली नौकरियों तक पहुँच प्रदान करें।
3. स्थानीय कम्युनिटी की संपत्तियों को मज़बूत करना। स्थानीय कम्युनिटी चरित्र, सांस्कृतिक विविधता, छोटे व्यवसायों और मूल्यों का सम्मान करें। सांस्कृतिक कम्युनिटीज़ को संरक्षित और मज़बूत करें और उनके निवासियों, नेताओं, संगठनों, छोटे व्यवसायों और सहयोगियों की क्षमता का निर्माण करें ताकि वे अधिक आत्मनिर्णय कर सकें।
4. परिवहन गतिशीलता और कनेक्टिविटी को बढ़ावा दें। परिवहन पर निर्भर कम्युनिटीज़ का समर्थन करने वाले प्रभावी और किफ़ायती परिवहन में निवेश को प्राथमिकता दें।
5. सभी मोहल्लों को स्वस्थ और सुरक्षित बनाएँ। कम्युनिटी स्वास्थ्य को बढ़ाने वाले ऐसे मोहल्ले विकसित करें जिनकी सार्वजनिक सेवाओं तक पहुँच हो; स्वस्थ, किफ़ायती और सांस्कृतिक रूप से प्रासंगिक आहार तक पहुँच हो; और जिनमें सभी के लिए सुरक्षित वातावरण हो।
6. सभी मोहल्लों के लिए समान पहुँच। सुख-सुविधाओं की कमी को पूरा करने के लिए, आवास और रोज़गार विकल्पों की आपूर्ति और विविधता का विस्तार करने, और अवसरों तक पर्याप्त पहुँच वाले मोहल्लों में समान पहुँच प्रदान करने के लिए, सार्वजनिक और निजी विकास का लाभ उठाएँ।

**नस्लीय समानता विस्थापन-विरोधी की प्राथमिकताएँ** (देखें अध्याय 5):
सक्रिय सदस्यों (कैटलिस्ट्स) द्वारा पहचानी गई प्राथमिकताएँ-जिनके लिए लोगों और स्थानों को विस्थापन-विरोधी फंड से लाभ होना चाहिए और इस फंड को किन उद्देश्यों के लिए निवेश किया जाना चाहिए।

**1। लोग।** [BIPOC] जिन्हें विस्थापन का ख़तरा है।

**प्राथमिकता वाली आबादी:** वो BIPOC जो विस्थापन के जोख़िम में हैं, एक विशेष सबसेट के साथ जो और भी अधिक जोख़िम में हैं जिसमें अफ्रीकी अमेरिकी, मूल अमेरिकी और स्वदेशी लोग, लैटिनक्स, या अप्रवासी जो किरायेदार भी हैं, वरिष्ठ गृहस्वामी, निम्न-आय वाले कर्मचारी, LGBTQ के लोग, विकलांग लोग, ऐसे परिवार जिनके बच्चे स्कूल में पढ़ते हैं, बेघर युवा, और/या पूर्व कैदी, शामिल हैं।





*चित्र 4। प्राथमिकता वाली आबादी*

**स्थान-पूर्वी क्रिसेंट:** विस्थापन के प्रति सर्वाधिक संवेदनशील क्षेत्र को आमतौर पर "पूर्वी क्रिसेंट" कहा जाता है। इस क्षेत्र का नक्शा एक उल्टे अक्षर "C" की तरह है और इसे तीन राजमार्गों द्वारा हल्के ढंग से परिभाषित किया गया है: पश्चिम में I-35 (विशेषकर कोलोराडो नदी के उत्तर में), उत्तर और पूर्व में US 183 , और दक्षिण में US 71। पूर्वी क्रिसेंट में रहने वाले लोगों की कई पीढ़ियों को क्षेत्र में जबरन विस्थापन के साथ-साथ अलगाव, रेड लाइनिंग और विनिवेश का सामना करना पड़ा है। अभी हाल ही में, पूर्वी क्रीसेंट को अभिजात्यवाद (जेंट्रीफिकेशन) और इस क्षेत्र से विस्थापन के नए सिलसिलों का सामना करना पड़ा है।




*चित्र 5। पूर्वी क्रिसेंट का नक्शा*

**प्राथमिकता वाले स्थान:** नए परिवहन निवेश के कारण उत्पन्न होने वाले विस्थापन दबाव को प्रभावी ढंग से कम करने के लिए, *अपरूटेड प्रोजेक्ट*और विस्थापन जोख़िम का मानचित्रण करने वाला शहर का काम इस बारे में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करता है कि विस्थापन-विरोधी फंड किस तरफ लगना चाहिए।[9] फंड निवेश को उन क्षेत्रों में प्रोजेक्ट कनेक्ट स्टेशनों के एक मील के भीतर के क्षेत्रों पर केंद्रित किया जाना चाहिए जो विस्थापन जोख़िम के अधीन असुरक्षित, सक्रिय या स्थाई हैं (जिसका नक्शा नीचे दिया गया है)।




*चित्र 6। प्रोजेक्ट कनेक्ट के नस्लीय समानता विस्थापन-विरोधी नक़्शे से ली गई एक इमेज जो प्रोजेक्ट कनेक्ट के स्टेशन से 1 मील की दूरी पर विस्थापन के जोख़िम वाले क्षेत्रों को दिखाती है (ऑनलाइन नक्शे के लिए लिंक)*

[9] अपरूटेड: ऑस्टिन के अभिजात्यवादी (जेंट्रीफाइंग) मोहल्लों में आवासीय विस्थापन और इसके बारे में क्या किया जा सकता है

2. **प्राथमिकता वाले उद्देश्य:** सक्रिय सदस्यों (कैटलिस्ट) ने अपनी कम्युनिटीज़ और मोहल्लों में सार्वजनिक और निजी विनिवेश के लंबे इतिहास के परिणामस्वरूप, अपनी अस्थिर स्थिति को ठीक करने के लिए धन निवेश करने के लिए एक संतुलित रणनीति की आवश्यकता निर्धारित की है। वे अतीत, वर्तमान और भविष्य के विस्थापन खतरों को संबोधित करने और विस्थापन दबावों की जटिल गतिशील प्रकृति को प्रतिबिंबित करने वाले उपायों की पेशकश करने की आवश्यकता देखते हैं। जबकि आवासीय विस्थापन और किफ़ायती आवास सर्वोच्च प्राथमिकता है, यह स्पष्ट है कि फंड्स से व्यापार और सांस्कृतिक विस्थापन दबाव भी रुकने चाहिए।

   प्राथमिकता वाले सभी उद्देश्यों को संतुलन बनाने और अधिकतम प्रभाव डालने के लिए को विस्थापन विरोधी फंड के सबसे बड़े से सबसे छोटे प्रस्तावित वितरण के अनुसार सूचीबद्ध किया गया है।

   1. *किफ़ायती आवास*
      - ◊ लागत प्रभावी होने पर मौजूदा कम लागत वाले बाजार दर किराये के आवास की खरीद करें, और इसे दीर्घकालिक किफ़ायती आवश्यकताओं (99 वर्ष) के साथ विनियमित किफ़ायती आवास में परिवर्तित करें और विस्थापन के जोख़िम वाले स्थानीय निवासियों के लिए इनका किराया क्षेत्रीय औसत आय के हिसाब से होने की बजाय, किफ़ायती दरों पर हो। जब संभव हो, जीर्ण – शीर्ण अवस्था वाली और परित्यक्त संपत्तियों की खरीद और पुनर्वास करके वृद्धिशील विकास को प्राथमिकता दें।
      - ◊ ऊपर वर्णित समान दीर्घकालिक किफ़ायती आवश्यकताओं के साथ नए बहु-परिवार और मिश्रित-उपयोग वाले किफ़ायती आवास का निर्माण करें। नए निर्माणों में, स्थानीय नागरिकों के घर के आकार और बेडरूम की ज़रूरतें प्रतिबिंबित होनी चाहिए।
      - ◊ कम आय वाले BIPOC परिवारों के लिए उनकी सामर्थ्य के अनुसार घर के स्वामित्व वाले अवसर पैदा करने के लिए, किराये के घरों (स्कैटर्ड साइट होम, टाउनहोम और बहु-पारिवारिक इकाइयाँ) का निर्माण करें या घरों को किराए के मकान में बदलें, ताकि उन्हें पैसे बचाने का मौका मिल सके। सहकारी साझा समानता के मॉडल को दीर्घकालिक सस्ती सुविधाएँ प्रदान करने और घरेलू संपत्ति के साथ-साथ कम्युनिटी संपत्ति को जमा करने के लिए डिज़ाइन किया जा सकता है, या व्यक्तिगत समानता के मॉडल का उपयोग घरेलू संपत्ति बनाने के लिए किया जा सकता है।
   2. *BIPOC के स्वामित्व वाले व्यवसाय*
      - ◊ पेरोल, उपकरण किराए पर लेने, और पट्टे जैसी वस्तुओं के लिए गुणवत्ता वाले कम लागत वाले ऋण सहित संसाधन प्रदान करें; व्यवसाय शुरू करने और विकसित करने के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करें; और किरायेदार सुधार, आदि के लिए अनुदान प्रदान करें।
      - ◊ किफ़ायती व्यापार के लिए मौजूदा स्थान को सुरक्षित करने और बाजार मूल्य से कम किराए पर ऐसे नए स्थानों का निर्माण करने के लिए पूंजी तक पहुँच प्रदान करें और उभरते और बढ़ते व्यवसायों के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करें।

3. ***BIPOC निवासियों के तत्काल विस्थापन को कम करें***
   - ◊ कम आय वाले किरायेदारों और मकान मालिकों को नकदी सहायता, किराया या बंधक राहत और यूटिलिटी सहायता प्रदान करें।
   - ◊ कम आय वाले दीर्घकालिक मकान मालिकों के लिए संपत्ति कर छूट प्रदान करें और उनके बकाया करों का भुगतान करें।
   - ◊ कम आय वाले किरायेदारों और मकान मालिकों को यूटिलिटी राहत प्रदान करें।
4. ***उच्च गुणवत्ता वाली नौकरियाँ***
   - ◊ रोज़गार के लिए प्रणालीगत बाधाओं का सामना करने वाले BIPOC श्रमिकों के लिए शिक्षुता, नौकरी प्रशिक्षण, और बुनियादी भुगतान वाली नौकरियों हासिल करने वाले कैरियर मार्ग प्रदान करने वाले कार्यबल कार्यक्रमों का निर्माण और विस्तार करें।
   - ◊ सेवा नौकरियों सहित उचित भुगतान और लाभों वाली नौकरियों की गुणवत्ता में सुधार करें।
   - ◊ अच्छी गुणवत्ता वाले करियर-मार्ग, बुनियादी भुगतान वाली नौकरियों के रास्ते में आने वाली बाधाओं को दूर करें, विशेष रूप से उच्च गुणवत्ता वाली नौकरियों और नस्लीय रूप से असमान कार्यबल वाले उद्योगों में।
5. ***सांस्कृतिक एंकर***
   - ◊ सांस्कृतिक एंकर के रूप में सेवा करने वाली BIPOC द्वारा संचालित गैर-लाभकारी संगठनों के लिए पूंजी प्रदान करें ताकि वे अपनी जगह खरीदकर या अपने स्वामित्व वाली स्थान का विस्तार या सुधार करके दीर्घकालिक स्थिरता बना सकें।
6. ***लैंड बैंक***
   - ◊ प्राथमिकता वाली आबादी के लाभ के लिए भूमि खरीदें, विशेष रूप से उन लोगों के लिए जो विस्थापन के जोख़िम में हैं, जो संपत्ति के भविष्य के उपयोग को सूचित और मार्गदर्शन करेंगे। संपत्तियों के भविष्य का उपयोग विस्थापन-विरोधी फंड की आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं पर पूरा उतरना चाहिए।
   - ◊ उस भूमि की खरीद पर ज़ोर दें जो स्पष्ट रूप से त्याग दी गई है।
   - ◊ फोरक्लोज़र संकट से क्षतिग्रस्त दीर्घकालिक BIPOC निवासियों के लिए घर के स्वामित्व वाले अवसर पैदा करने के लिए फोरक्लोज़र, बेदखली, नीलामी आदि का सामना करने वाली संपत्तियों की खरीद करें।
7. ***कम्युनिटी की शक्ति और क्षमता*** *(देखें कम्युनिटी क्षमता निर्माण फंड का विवरण)*
   - ◊ BIPOC के नेतृत्व वाले और BIPOC-सेवारत कम्युनिटी-आधारित संगठनों का समर्थन करने के लिए धन प्रदान करें जो सफल परिणाम प्रदान करते हैं।
8. ***किरायेदार और गृहस्वामी अधिकारों को मज़बूत करें***
   - ◊ फोरक्लोज़र, बेदखली, या निहित स्वार्थ के कार्यों का अनुभव करने वाले किरायेदारों और मकान मालिकों के लिए कानूनी और वित्तीय सहायता प्रदान करें।
   - ◊ किरायेदार और गृहस्वामी शिक्षा और पहुँच का समर्थन करें।
   - ◊ प्राथमिकता वाली आबादी के किरायेदारों को उनके इमारतें खरीदने और उन्हें गुणवत्तापूर्ण आवास मानकों तक लाने में सहायता करें।

4. **संतुलित आवंटन प्राथमिकताएँ:** विस्थापन दबाव का अनुभव करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ़ नस्लीय भेदभाव संस्थागत नस्लवाद, संस्थागत नीतियों, कार्यक्रमों और प्रक्रियाओं के एक नेटवर्क के कारण होता है, जो BIPOC की बजाय श्वेत लोगों के लिए बेहतर काम करता है। विस्थापन के दबाव को कम करने के लिए सभी सिस्टम्स में सामंजस्यपूर्ण और संतुलित निवेश की आवश्यकता होती है। सक्रिय सदस्यों (कैटलिस्ट) से पूछे गए इस सर्वेक्षण , के परिणामों को देखने के लिए, कि वे धन का आवंटन कैसे कर सकते हैं, परिशिष्ट II देखें।




*चित्र 7। टूल का उपयोग करने के परिणामस्वरूप प्राप्त की जाने वाली संतुलित आवंटन प्राथमिकताएँ*

5. **सिस्टम बदलाव की प्राथमिकताएँ**: नीतियों, प्रथाओं और संस्थानों में खर्च में परिवर्तन एक सिस्टम, या मूल कारण, स्तर पर विस्थापन को संबोधित करके विस्थापन-विरोधी फंड के प्रभाव को बढ़ाएगा। ये परिवर्तन ऑस्टिन शहर, ऑस्टिन ट्रांज़िट पार्टनरशिप और कैपिटल मेट्रो द्वारा किए जाने चाहिए और इसके लिए भुगतान विस्थापन रोधी फंड के **बाहर** से होना चाहिए।

# नस्लीय समानता का विज़न और इसके चालक



# अध्याय 2: नस्लीय समानता का विज़न और इसके चालक

**प्रोजेक्ट कनेक्ट की सफलता का एक विज़न जिसमें कोई भी विस्थापित नहीं होता और हर कोई ट्रांज़िट और कम्युनिटी-निर्माण में इस निवेश के परिणामस्वरूप फलता-फूलता है।**

## विज़न और मिशन

एक वांछित न्यायसंगत परिणाम की स्थापना और असमानताओं को खत्म करने के लिए रणनीतियाँ नस्लीय समानता विस्थापन-विरोधी टूल के महत्वपूर्ण घटक हैं। टूल के उपयोग के लिए विज़न और मिशन के स्टेटमेंट निम्नलिखित हैं।

### विज़न

*हम ऑस्टिन को इस रूप में देखने की कल्पना करते हैं कि यह अपनी मज़बूत कम्युनिटीज़ और समावेशी मोहल्लों के लिए जाना जाए और इसकी आर्थिक और नस्लीय विविधता उस नींव के रूप में काम करे जो शहर की अभिनव और उद्यमशीलता की भावना को बढ़ावा देती हो। हम ऑस्टिन को इस रूप में देखने की कल्पना करते हैं जिसमें आने वाले सभी नस्लीय समूहों, नए BIPOC प्रत्यारोपणों का स्वागत हो, और वो जो अपने मूल और लंबे समय से बसे BIPOC निवासियों, व्यवसायों और कम्युनिटी संगठनों को महत्व देता हो। हम एक ऐसा भविष्य देखते हैं जिसमें हम सभी ऑस्टिनवासी, जाती या धन-दौलत की परवाह किए बिना, अपने भविष्य को निर्धारित करने की शक्ति के साथ फलते-फूलते हैं।*

इस विज़न को सक्रिय सदस्यों की (कैटलिस्ट) चर्चा के दौरान तैयार किया गया था जिसमें उन्होंने बताया था कि उन्हें अपने मोहल्लों के बारे में क्या-क्या पसंद है, और प्रोजेक्ट कनेक्ट के सफल होने पर वह अपनी कम्युनिटीज़ के लिए क्या कल्पना करते हैं, कि जहाँ कोई भी विस्थापित ना होता हो और हर कोई आगे बढ़ता हो।

*Sería bonito vivir en una comunidad, libre de diferencias raciales, religión, políticas, social, compartiendo y ayudándonos unos con otros, transparencia política, que el salario de los trabajadores sea justo y equilibrado al esfuerzo físico, no importando idiomas ni nacionalidades. Un lugar feliz todo un cuento de hadas.*
*– लेस्बिया रामोस, नस्लीय समानता की सक्रिय सदस्या*

### मिशन

*लोगों, व्यवसायों और कम्युनिटी संगठनों के विस्थापन को रोककर; विस्थापित लोगों को लौटने का अधिकार देकर; यह सुनिश्चित करके कि सभी परिवारों के पास सही आकार और उचित मूल्य के आवास हों; यह सुनिश्चित करके कि लोगों को अच्छे भुगतान वाली नौकरियाँ मिले; और हमारा आस-पड़ोस सुरक्षित और स्वस्थ रहे; इस विज़न को प्राप्त करेंगे और हम यह सब उन BIPOC कम्युनिटीज़ के प्रति जवाबदेह होते हुए करेंगे, जो विस्थापन के जोख़िम में हैं।*

यह मिशन स्टेटमेंट प्रोजेक्ट कनेक्ट निवेशों द्वारा विस्थापित होने की बजाय, विस्थापन के जोख़िम वाले कम्युनिटीज़ के खुशहाल जीवन को सुनिश्चित करने के लिए रणनीतियों के बारे में सक्रिय सदस्यों की (कैटलिस्ट) चर्चा के दौरान तैयार किया गया था।

| | | | |
|---|---|---|---|
| सपोर्ट | सामुदायिक कार्यक्रम | आरामदायक | शहरी – ग्रामीण |
| शांत | पड़ोसी | Quinceneara अभ्यास | सुविधाजनक |
| पारगमन | चलना | समुदाय | अपार्टमेंट |
| परिवार के अनुकूल | Bipoc लोग | विविधता-जातीयता | गतिविधि |
| चर्च जाना | प्रकृति और जल | पड़ोसियों के साथ साझा करना | मेरे लोग |
| सुरक्षा | Bipoc | परिचित | विविधता |
| विभिन्न जातियों और रंगों के लोग | वास्तविक संबंधित | सामाजिक-आर्थिक विविधता | खेल खेलना |
| बहुसांस्कृतिक | सुन्दर दृश्य | संस्कृति | शक्तिशाली |
| संगीत भित्ति चित्र खुलापन | सुरक्षित | अन्य बच्चों के आसपास होना | परिवार |
| पड़ोसियों से बात करना | प्यारा | सड़क पर बातचीत | संस्कृतिवाद |
| परिवार | खाना | पारिवारिक गतिविधियाँ | |
| बाल आयोजन | झील | हरियाली | |
| हरा और प्रकृति से भरपूर | निशान (ट्रेल) | परिवार के आसपास होना | |

*चित्र 8। वर्ड क्लाउड के रूप में इस प्रश्न के उत्तर: "आपको अपने मोहल्ले में सबसे ज़्यादा क्या पसंद है?" (क्रेडिट: सक्रिय सदस्यों (कैटलिस्ट) की चर्चा)*

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| राजनीति | निर्वाह मजदूरी | वित्तीय सहायता | किराएदार को सहायता | Cmynidad |
| फ़ंडिंग | हमारी आवास परियोजना | किफ़ायती आवास | विचारशील निवेश | सब्सिडी |
| पुलिस को डिफंड करना | रोज़गार | वित्तीय संसाधन | सभी के लिए आवास | आवास |
| कर सुधार | कम्यूनिकेसिओन | पर्यावरण संबंधी | शहर द्वारा भूमि का उपयोग | पैसा |
| स्थायित्व | सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल | जड़ें | समुदाय सपोर्ट | डिफंड करना |
| नौकरियाँ | समानता | जागरूकता | सांस्कृतिक विविधता | वेतन |
| आर्थिक गतिशीलता | कम आय वाले आवास | किराया विनियमित करना | अधिकारों की रक्षा | पुलिस |
| एंटी - अभिजात्यवाद (जेंट्रीफिकेशन) | सामुदायिक शक्ति | जवाबदेही | प्रतिनिधित्व | भूमि ट्रस्ट |
| एकजुटता | संपत्ति कर दर कैप | प्रतिक्रिया (फ़ीडबैक) का अवसर | बढ़ी हुई आय | स्वास्थ्य देखभाल |
| नस्लवाद विरोधी | किरायेदार का खरीदने का अधिकार | वित्तीय समानता | स्वामित्व | दया |
| सामुदायिक व्यस्तता | अपराधीकरण समाप्त करना | नस्लीय समानता | संवेदना | |
| मानव अधिकार के रूप में आवास | निवेश | आय-प्रतिबंधित आवास | एकजुटता | |
| स्वयं काम | सुरक्षा और सेवाएं | समान अवसर | आवाज़ | |
| सीमित इक्विटी कॉप्स | परिवारों को स्थिर करना | वित्तीय निवेश | क्षतिपूर्ति | |
| किफायती सेवाएं | संगठित | समुदाय के साथ संपर्क | सम्मान | |
| मुफ्त सुविधाएँ | वित्तीय सहायता | मुझे और अधिक पैसे कमाने में मदद करें | उखड़ना | |

*चित्र 9। वर्ड क्लाउड के रूप में इस प्रश्न के उत्तर: "विस्थापन के चालकों के लिए कौन-कौन से मारक हैं? शहर के बढ़ने के साथ-साथ, कौन सी ऐसी चीज़ें हैं, जो कम्युनिटीज़ के विस्थापन के बजाय उनके विकास का कारण बनती हैं?" (क्रेडिट: सक्रिय सदस्यों (कैटलिस्ट) की चर्चा)*


# नस्लीय समानता के चालक

इस विज़न को प्राप्त करने और मिशन को क्रियान्वित करने के लिए (1) मज़बूत कम्युनिटीज़ और लोगों और (2) समान पहुँच वाले महान स्थानों पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने और निवेश करने की आवश्यकता है।

- **मज़बूत कम्युनिटीज़ और लोग:** विस्थापन के दबाव का सामना करने में स्थिरता और लचीलापन दिखने वाले लोग और कम्युनिटीज़ बेहतर प्रदर्शन करती हैं। ऐसी अक्षत कम्युनिटी जिसमें लोग, नस्ल, राष्ट्रीयता या पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना, उच्च गुणवत्ता वाली नौकरियाँ और वित्तीय सुरक्षा; सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त सामान, सेवाएँ और समर्थन; और मज़बूत सोशल नेटवर्क जो कई संस्कृतियों को शामिल करने का समर्थन करते हैं, प्राप्त करने में सक्षम होते हैं, उनके परिणाम बेहतर निकलते हैं।
- **समान पहुँच वाले महान स्थान:** ऐसा शहर जहाँ के सभी मोहल्ले स्वस्थ, सुरक्षित होते हैं, और अपने निवासियों को कल्याण के प्रमुख निर्धारकों तक पहुँच प्रदान करते हैं जो समावेश को बढ़ावा देते हैं।

नस्लीय समानता टूल को प्राथमिकता वाली आबादी के लिए नुकसान को कम करने और समान परिणामों में सुधार करने के लिए **नस्लीय समानता के छह चालकों** के इर्द-गिर्द डिज़ाइन किया गया है। समान परिणाम प्राप्त करने के लिए संसाधनों का समान रूप से वितरण करने की बजाय न्यायसंगत रूप से वितरण करना आवश्यक है। हालांकि यह सबसे ज़्यादा जरूरत वाले विशिष्ट मोहल्लों के लिए लक्षित हैं, इन चालकों से पूरे शहर के सभी मोहल्लों को लाभ होगा। कुछ चालक विशिष्ट प्राथमिकता वाली आबादी की सबसे बड़ी असमानताओं पर लक्षित होने चाहिए, जैसे कि अश्वेत युवाओं में बेरोज़गारी। विस्थापन के दबाव को कम करने के लिए इन सभी चालकों को एक साथ संतुलित तरीके से लागू करने की आवश्यकता होगी।

सक्रिय सदस्यों (कैटलिस्ट) की पहले तीन चालकों को आगे बढ़ाने की रणनीतियों के बारे में विस्तृत चर्चा विवरण के नीचे शब्द बबल में सूचीबद्ध है।



**चालक नंबर एक:** आवासीय, वाणिज्यिक और कम्युनिटी विस्थापन को रोकें

**चालक नंबर दो:** आर्थिक गतिशीलता और अवसरों को आगे बढ़ाएँ

**चालक नंबर तीन:** स्थानीय कम्युनिटी की संपत्तियों को मज़बूत करना

**चालक नंबर चार:** परिवहन गतिशीलता और कनेक्टिविटी को बढ़ावा दें

**चालक नंबर पाँच:** सभी मोहल्लों को स्वस्थ और सुरक्षित बनाएँ

**चालक नंबर छह:** सभी मोहल्लों के लिए समान पहुँच

*चित्र 10। नस्लीय समानता के चालक*

## चालक नंबर एक: आवासीय, वाणिज्यिक और कम्युनिटी विस्थापन को रोकें

ऑस्टिन को सांस्कृतिक, नस्लीय और आर्थिक रूप से विविध एक अंतरराष्ट्रीय शहर बने रहने के लिए कम्युनिटीज़ के लिए महत्वपूर्ण निम्नलिखित संरचनाओं के प्रति एक विस्थापन-विरोधी प्रतिबद्धता की आवश्यकता होती है:
उनके घर, व्यवसाय जो सांस्कृतिक रूप से आवश्यक सामान, सेवाएँ और नौकरियाँ प्रदान करते हैं, और कम्युनिटी एंकर जो उन्हें समर्थन प्रदान करते हैं और सांस्कृतिक पहचान और संरक्षण को मज़बूत करते हैं।

इसके लिए निम्नलिखित न्यायसंगत परिणामों पर एक समन्वित और बड़े पैमाने पर ध्यान देने की आवश्यकता होगी:

- **आवासीय विस्थापन को रोकें**:
    - ◊ ***विकास का प्रबंधन करें*** - विकास को समान रूप से वितरित करें ताकि प्राथमिकता वाली आबादी को बड़े पैमाने पर कम्युनिटी परिवर्तन के अप्रत्यक्ष विस्थापन जोख़िमों से बचाया जा सके।
    - ◊ ***नुकसान को रोकें***- आवास की बढ़ती लागत और विध्वंस, पुनर्विकास, और किफ़ायती आवास विशेष रूप से परिवार के आकार की इकाइयों के रूपांतरण के बोझ और लाभों को समान रूप से वितरित करें।
    - ◊ ***किफ़ायती आवास बनाएँ और उनका रखरखाव करें***- विशेष रूप से बच्चों वाले परिवारों के लिए किराये और स्वामित्व वाले आवास की लागत के बोझ में आने वाली नस्लीय असमानताओं को समाप्त करें। आवास सभ्य, सुरक्षित, सही आकार के, और वर्तमान निवासियों के लिए सही कीमत वाले और लंबी अवधि के लिए किफ़ायती होने चाहिए। इसमें किराये और स्वामित्व वाली इकाइयाँ शामिल हैं।
    - ◊ ***बढ़ी हुई लागत को कम करें***-संपत्ति कर, बिक्री कर, और बांड्स के बोझ और लाभों को समान रूप से वितरित करें।
- **वाणिज्यिक विस्थापन को रोकें:**
    - ◊ ***विकास का प्रबंधन करें***–विकास को समान रूप से वितरित करें ताकि प्राथमिकता वाली आबादी की सेवा करने वाले व्यवसायों को बड़े पैमाने पर कम्युनिटी परिवर्तन से पैदा हुए अप्रत्यक्ष विस्थापन जोखिमों से बचाया जा सके।
    - ◊ ***नुकसान को रोकें***- बढ़ते किराए और प्राथमिकता वाली आबादी की सेवा करने वाले व्यवसायों के स्वामित्व वाले वाणिज्यिक स्थान के विध्वंस और पुनर्विकास के बोझ और लाभों को समान रूप से वितरित करें।
    - ◊ ***किफ़ायती कमर्शियल स्पेस बनाएँ***- प्राथमिकता वाले आबादी की सेवा करने वाले व्यवसायों के लिए व्यावसायिक स्थानों की लागत के बोझ में आने वाली नस्लीय असमानताओं को समाप्त करें।
    - ◊ ***पूंजी तक पहुँच***-छोटे व्यवसायों, विशेष रूप से BIPOC के स्वामित्व वाले व्यवसायों के लिए पूंजी तक पहुँच में आने वाली नस्लीय असमानताओं को समाप्त करें।

◊ ***बढ़ी हुई लागत को कम करें***-नीतियों, परमिट, करों और शुल्कों के बोझ और लाभों को समान रूप से वितरित करें, विशेष रूप से उन व्यवसायों पर जो प्राथमिकता वाली आबादी की सेवा करते हैं।

- **कम्युनिटी विस्थापन को रोकें:**
  - ◊ ***विकास का प्रबंधन करें*** - विकास को समान रूप से वितरित करें और अवसर तक पहुँच बढ़ाने के लिए लक्षित सुधार करें ताकि एक कम्युनिटी की जटिल संरचना बरकरार रह सके और प्राथमिकता वाली आबादी को उस जगह पनपने की क्षमता मिल सके।
  - ◊ ***नुकसान को रोकें*** - बढ़ते किराए, विध्वंस और पुनर्विकास के बोझ और लाभों को समान रूप से वितरित करें ताकि किसी भी अक्षत कम्युनिटी के ये प्रमुख घटक कम, विस्थापित या बाधित न हों।
  - ◊ ***सांस्कृतिक एंकर*** - कम्युनिटी की सेवा करने वाले प्रतिष्ठानों को बनाए रखना और मज़बूत करना जो महत्वपूर्ण सामान, सेवाएँ, वकालत और समर्थन प्रदान करते हैं, और कम्युनिटी का केंद्र होते हैं।
  - ◊ ***सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त सामान और सेवाएँ*** - प्राथमिकता वाली आबादी की सेवा करने वाले व्यवसायों और व्यावसायिक ज़िलों को संरक्षित और मज़बूत करें।
  - ◊ ***सांस्कृतिक व्यापार ज़िले*** - सांस्कृतिक व्यापारिक ज़िलों को संरक्षित और मज़बूत करें क्योंकि वे अपनी कम्युनिटीज़ के वास्तविक और प्रतीकात्मक केंद्र होते हैं।
  - ◊ ***सोशल नेटवर्क*** - उन अनौपचारिक संबंधों को बनाए रखें और व्यवधान से बचाएँ, जिन्हें एक साथ मिलाकर "गांव" बनता है और जो व्यक्तियों, परिवारों और कम्युनिटीज़ का समर्थन करते हैं।

## विस्थापन को रोकने के लिए रणनीतियाँ:
### विस्थापन रोधी फंड प्राथमिकताएँ



## चालक नंबर दो: आर्थिक गतिशीलता और अवसरों को आगे बढ़ाएँ

लोगों की हमारी मज़बूत अर्थव्यवस्था में योगदान करने और लाभ उठाने की क्षमता के लिए प्रभावी शिक्षा और प्रशिक्षण, स्पष्ट रास्तों और उच्च गुणवत्ता वाले करियर की तरफ खुले दरवाज़ों, सुरक्षा और विभिन्न पैमानों और प्रकारों पर उद्यमशीलता के अवसरों वाली स्थानीय अर्थव्यवस्था की आवश्यकता होती है।

इसके लिए निम्नलिखित न्यायसंगत परिणामों पर एक समन्वित और बड़े पैमाने पर ध्यान देने की आवश्यकता होगी:

- **प्रभावी शिक्षा:** प्री-के से उच्च माध्यमिक तक सभी स्तरों पर शैक्षिक सफलता और प्राप्ति में आने वाली नस्लीय असमानताओं को समाप्त करें।
- **वित्तीय सुरक्षा:** रोज़गार, मजदूरी और नौकरी के क्षेत्रों में आने वाली नस्लीय असमानताओं को समाप्त करें।
    - ◊ ***अच्छी नौकरियाँ* -** सभी मोहल्लों के लोगों के लिए बुनियादी भुगतान, करियर-मार्ग, परिवार का खर्चा चलने वाली नौकरियों (सेवा अर्थव्यवस्था सहित) और मध्यम वर्ग की नौकरियों में वृद्धि करें।
    - ◊ ***प्रभावी प्रशिक्षण* -** सभी लोग बुनियादी भुगतान वाली नौकरियों में प्रवेश करने की अनुमति रखते हों।
    - ◊ ***खुले दरवाज़े* -** करियर-मार्ग, बुनियादी भुगतान वाली नौकरियों और उच्च गुणवत्ता वाले करियर की बाधाओं को दूर करें; श्रम भेदभाव को रोकें; क्षेत्र के कार्यबल की व्यापकता और पदानुक्रम में आने वाली नस्लीय असमानताओं को समाप्त करें।
- **संपत्ति:** संपत्ति में आने वाली नस्लीय असमानताओं को समाप्त करें। संपत्ति आपात स्थितियों का सामना करने और वयस्कों और अगली पीढ़ी के लिए माध्यमिक शिक्षा के बाद का खर्च वहन करने की लचीलापन प्रदान करती है। विरासत के रूप में प्राप्त संपत्ति, विशेष रूप से जब यह पीढ़ी दर पीढ़ी अर्जित की गई हो, हमारे बच्चों को उनके पैरों पर खड़े होने में मदद करती है; और मकान मालिकों के पास आवास स्थिरता का एक अतिरिक्त स्तर होता है, जो किराएदारों के पास नहीं होता। संपत्ति कर्मचारी और किराएदार होने से नहीं बनती है।
    - ◊ ***न्यायसंगत गृह स्वामित्व* -** संपत्ति बनाने के रास्ते में आने वाली बाधाओं को दूर करें; गृह स्वामित्व के रास्ते में आने वाली नस्लीय असमानताओं को समाप्त करें।
    - ◊ ***मज़बूत स्थानीय अर्थव्यवस्था* -** व्यावसायिक सफलता में आने वाली नस्लीय असमानताओं को समाप्त करें।
    - ◊ ***मज़बूत छोटे व्यवसाय* -** पूंजी तक पहुँच, उद्यमशीलता के अवसरों तक पहुँच; और दीर्घकालिक स्थिरता में आने वाली नस्लीय असमानताओं को समाप्त करें।

आर्थिक गतिशीलता और अवसर को आगे बढ़ाने की रणनीतियाँ:
**विस्थापन रोधी फंड प्राथमिकताएँ**




## चालक नंबर तीन: स्थानीय कम्युनिटी की संपत्तियों को मज़बूत करना

प्राथमिकता वाली आबादी के लिए किसी जगह में बढ़ने की क्षमता और ऑस्टिन के लिए एक महानगरीय शहर के रूप में अपनी पहचान से लाभ जारी रखने के लिए आवश्यक है ताकि प्राथमिकता वाली आबादी के पास उनके भविष्य को आकार देने की क्षमता हो और जो संपत्तियाँ उन्हें अलग करती हों और मज़बूत करती हों वे मज़बूत और स्पष्ट रूप से पहचाने जाने योग्य हों। कम्युनिटी चरित्र, सांस्कृतिक पहचानकर्ता और मूल्यों का सम्मान और उनका सुधार महत्वपूर्ण है। साथ में, वे अक्षत कम्युनिटी के आवश्यक घटक बनते हैं।

इसके लिए निम्नलिखित न्यायसंगत परिणामों पर एक समन्वित और बड़े पैमाने पर ध्यान देने की आवश्यकता होगी:

- **अक्षत कम्युनिटीज़:** सोशल नेटवर्क की रक्षा करें और स्थानीय संपत्तियों और प्राथमिकता वाले आबादी के संसाधनों को मज़बूत करें ताकि उन लोगों के बीच नस्लीय असमानताओं को बंद किया जा सके जो ऐसे पूर्ण मोहल्लों में रहते हैं, जो सुरक्षित हैं, और सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त वस्तुओं और सेवाओं तक सुविधाजनक सोशल नेटवर्क के साथ सुविधाजनक पहुँच रखते हैं। इसमें विभिन्न प्रकार के आवास विकल्प, किफ़ायती स्वस्थ भोजन और अन्य वाणिज्यिक सेवाएँ, गुणवत्ता वाले पब्लिक स्कूल, सार्वजनिक खुले स्थान और मनोरंजक सुविधाएँ, किफ़ायती सक्रिय परिवहन विकल्प और नागरिक सुविधाएँ शामिल हैं।

- **कम्युनिटी चरित्र:** स्थानीय कम्युनिटी के चरित्र, सांस्कृतिक विविधता, छोटे व्यवसायों और कम्युनिटी मूल्यों की रक्षा करें ताकि उन लोगों के बीच नस्लीय असमानताओं को बंद किया जा सके जो मोहल्ला परिवर्तन से लाभान्वित होते हैं और जो इसके बोझ को वहन करते हैं।
- **सांस्कृतिक एंकर और नेटवर्क:** सांस्कृतिक एंकरों को संसाधनों को समान रूप से वितरित करें जो उनकी कम्युनिटीज़ के लिए स्थिरता प्रदान करते हैं और उन्हें चलाते हैं, और उन लोगों के बीच नस्लीय असमानताओं को बंद करे जो मोहल्ला परिवर्तन से लाभान्वित होते हैं और जो इसके बोझ को वहन करते हैं। प्रभावी और काम करने वाले कम्युनिटी नेतृत्व के लिए एक संरचना के रूप में सांस्कृतिक एंकरों के नेटवर्क का समर्थन करें। वे एक पूर्ण विस्थापन विरोधी प्रयास के लिए आवश्यक हैं।
- **आत्मनिर्णय:** प्राथमिकता वाली आबादी का प्रतिनिधित्व, सेवा, और उनके प्रति जवाबदेह कम्युनिटी के मज़बूत नेताओं, संगठनों और गठबंधनों के विकास का समर्थन करके उन कम्युनिटीज़ के बीच में आने वाली नस्लीय असमानताओं को समाप्त करें जिनमें शहर की नीतियों, कार्यक्रमों और निवेशों को प्रभावित करने की क्षमता है।

## स्थानीय कम्युनिटी की संपत्तियों को मज़बूत करने की रणनीतियाँ:
### विस्थापन रोधी फंड प्राथमिकताएँ






## चालक नंबर चार: परिवहन गतिशीलता और कनेक्टिविटी को बढ़ावा दें

लोगों को फलने-फूलने की क्षमता के लिए प्रभावी और किफ़ायती सार्वजनिक परिवहन की आवश्यकता होती है, खासकर उन लोगों के लिए जो इस पर सबसे अधिक निर्भर हैं। ये यात्राएँ आवागमन के घंटों के दौरान आवासीय कम्युनिटी से नौकरी केंद्र तक की विशिष्ट पेशेवर आवागमन से बहुत भिन्न हो सकती हैं। सार्वजनिक परिवहन पर निर्भर कई लोगों के लिए, नौकरियों, स्कूलों, दुकानों, सेवाओं और अन्य प्रमुख स्थलों पर दिन के विभिन्न समय में यात्रा करने के लिए एक संपूर्ण नेटवर्क आवश्यक है।

इसके लिए निम्नलिखित न्यायसंगत परिणामों पर एक समन्वित और बड़े पैमाने पर ध्यान देने की आवश्यकता होगी:

- **संपूर्ण नेटवर्क:** उच्च-विस्थापन-जोख़िम वाले मोहल्लों में रहने वाली प्राथमिकता आबादी और परिवहन पर निर्भर लोगों के लिए मंज़िल और शेड्यूलिंग ज़रूरतों को पूरा करने वाले नेटवर्क को पूरा करने को प्राथमिकता देकर, काम करने के लिए लगने वाले आने-जाने के समय में और दैनिक जीवन के अन्य पहलुओं जैसे स्कूलों, गुणवत्तापूर्ण बच्चों की देखभाल, सामान और सेवाओं, सांस्कृतिक एंकरों, और मनोरंजन तक पहुँच प्राप्त करने में आने वाली नस्लीय असमानताओं को समाप्त करें।
- **किफ़ायती परिवहन:** प्राथमिकता आबादी के लिए किराए को कम करने के लिए नीतियों और कार्यक्रमों को लागू करके परिवहन लागत में आने वाली नस्लीय असमानताओं को समाप्त करें। नियोक्ताओं को कामकाजी परिस्थितियाँ नम्य बनाने के लिए प्रोत्साहित करें जो लोगों के लिए घर से काम करना आसान बनाए।
- **परिवहन के लिए न्यायसंगत पहुँच:** शहर भर में मोहल्लों तक किफ़ायती और विश्वसनीय परिवहन के माध्यम से सभी मोहल्लों के लिए समान पहुँच बनाएँ।



## चालक नंबर पाँच: सभी मोहल्लों को स्वस्थ और सुरक्षित बनाएँ

प्राथमिकता वाले लोगों और कम्युनिटीज़ की फलने-फूलने की क्षमता स्वस्थ और सुरक्षित पड़ोस में रहने की उनकी क्षमता पर निर्भर करती है जहाँ वे बुनियादी जरूरतों को पूरा कर सकते हैं। कम्युनिटी स्वास्थ्य को बढ़ाने वाले ऐसे मोहल्ले विकसित करना आवश्यक है जिनकी सार्वजनिक सेवाओं (स्कूलों, आर्थिक अवसर, गुणवत्तापूर्णबच्चों की देखभाल, नागरिक बुनियादी ढाँचे, परिवहन, पार्क, खुली जगह, स्वास्थ्य देखभाल, और अन्य सेवाओं) तक पहुँच हो; स्वस्थ, किफ़ायती और सांस्कृतिक रूप से प्रासंगिक आहार तक पहुँच हो; और जिनमें सभी के लिए सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण हो।

इसके लिए निम्नलिखित न्यायसंगत परिणामों पर एक समन्वित और बड़े पैमाने पर ध्यान देने की आवश्यकता होगी:

- **सभ्य आवास:** सुरक्षित, अच्छी तरह से प्रबंधित, सही आकार के और सही कीमत वाले आवास बनाने वाली; और उचित आवास कानूनों, मज़बूत किरायेदार सुरक्षा और सभ्य आवास गुणवत्ता मानकों को लागू करने वाली नीतियों और कार्यक्रमों को लागू करके आवास भेदभाव, गुणवत्ता और असुरक्षा में आने वाली नस्लीय असमानताओं को समाप्त करें।
- **स्वस्थ भोजन:** प्राथमिकता वाली आबादी के लिए सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त स्वस्थ भोजन उपलब्ध कराने वाली, बहु-पारिवारिक विकास में कम्युनिटी उद्यान प्रदान करने वाली, मौजूदा व्यवसायों को विस्थापित करने के समय या विस्थापन के जोख़िम वाले लोगों के मोहल्लों में प्रवेश करते समय स्वस्थ भोजन की लगत बढ़ने वाले व्यवसायों के लिए कम्युनिटी लाभ समझौतों की आवश्यकता बनाने वाली, नीतियों, कार्यक्रमों और निवेशों को लागू करके किफ़ायती स्वस्थ खाद्य पदार्थों की लागत और उपलब्धता में आने वाली नस्लीय असमानताओं को समाप्त करें।
- **सुरक्षित पड़ोस:** अपराध और दुर्घटनाओं से प्राथमिकता वाली आबादी की सुरक्षा की रक्षा करके दुर्घटनाओं, अपराध और आपातकालीन प्रतिक्रिया समय की नस्लीय असमानताओं को समाप्त करें। सार्वजनिक सुरक्षा कार्यों में आने वाली नस्लीय असमानताओं को समाप्त करें। भूमि उपयोग के उन मुद्दों को संबोधित करें जो बाढ़ और कटाव का कारण करते हैं और खाड़ियों और अन्य जल स्रोतों को दूषित करते हैं।
- **स्वस्थ वातावरण**: जनसंख्या और आस-पड़ोस के स्वास्थ्य संकेतकों जैसे अस्थमा और विषाक्त पदार्थों के संपर्क में पर्यावरणीय शमन निवेश और प्रदूषण विनियमन उपायों के माध्यम से नस्लीय असमानताओं को समाप्त करें। मोहल्ले के संकेतकों में नस्लीय असमानताओं को बंद करें जो स्वास्थ्य लाभ प्रदान करते हैं जैसे कि पेड़ की कैनोपी की मात्रा और गुणवत्ता, विशेष रूप से सड़क के पेड़, [10] और सुरक्षित और सुलभ फुटपाथ नेटवर्क। भूमि उपयोग के मुद्दों को समान रूप से संबोधित करें जो हीट आइलैंड प्रभाव का कारण बनते हैं।

[10] शहरी पैड़ों की कैनोपी शहरों के लिए क्यों महत्वपूर्ण है

## चालक नंबर छह: सभी मोहल्लों के लिए समान पहुँच

उच्च विस्थापन जोख़िम वाले क्षेत्रों में सुख-सुविधाओं की कमी को पूरा करने के लिए निजी विकास का लाभ उठाना, और इसके साथ-साथ बहिष्करण के इतिहास वाले और BIPOC परिवारों और श्रमिकों के लिए वर्तमान बाधाओं वाले मोहल्लों में समान पहुँच प्रदान करने के लिए आवास और रोज़गार विकल्पों की आपूर्ति और विविधता का विस्तार करना महत्वपूर्ण है।

इसके लिए निम्नलिखित न्यायसंगत परिणामों पर एक समन्वित और बड़े पैमाने पर ध्यान देने की आवश्यकता होगी:

- **निजी क्षेत्र का लाभ उठाना:** रोज़गार के लिए प्रणालीगत बाधाओं का सामना करने वाले BIPOC श्रमिकों के लिए निजी वाणिज्यिक निवेश को शिक्षुता, नौकरी प्रशिक्षण, कैरियर मार्ग प्रदान करने की तरफ केंद्रित करने वाली नीतियाँ बनाकर मज़दूरी में नस्लीय असमानताओं को बंद करें और नौकरियों तक समान पहुँच प्रदान करें।
- **न्यायसंगत पहुँच:** बहिष्करणीय रियल एस्टेट प्रथाओं के इतिहास वाले मोहल्लों में रहने वालों में निम्नलिखित के द्वारा नस्लीय असमानताओं को बंद करें:
  - ◊ किफ़ायती आवास में सार्वजनिक निवेश के माध्यम से निष्पक्ष आवास को सकारात्मक रूप से आगे बढ़ाना।
  - ◊ राज्य के कानून द्वारा अनुमत नए निजी विकास को किफ़ायती आवास प्रदान करने की तरफ केंद्रित करना।
  - ◊ इन नीतियों को सांस्कृतिक रूप से प्रासंगिक सेवाओं और संगठनों में अतिरिक्त निवेश के साथ जोड़ना, जो सभी कम्युनिटीज़ में सामाजिक सामंजस्य और समावेश का निर्माण करते हैं।
  - ◊ ऐसी कंपनियों को शहर के संसाधनों तक पहुँच ना प्रदान करना जो किफ़ायती आवास बनाने के लिए या उच्च भुगतान वाले पदों पर BIPOC लोगों को रखने के लिए अनिच्छा दिखाती हैं।


नस्लीय समानता के चालकों और न्यायसंगत परिणामों को अलग-अलग देखना सही नहीं है। आज की असमानताओं को पैदा करने वाले संस्थागत नस्लवाद को समाप्त करने के लिए उचित रूप से डिज़ाइन, समन्वित और समयबद्ध निवेश ज़रूरी हैं। यदि उन्हें अलग-अलग कर के देखा जाए, तो परिणाम एक कारोबारी जीत होगी जो स्थाई परिवर्तन की ओर नहीं ले जाती। यह विचारों का एक एकीकृत ताना-बाना प्रस्तुत करते हैं, जिनमें से प्रत्येक एक समान भविष्य के विज़न के एक घटक को संबोधित करता है। यदि इन्हें एक साथ हासिल किया गया, तो इनके पास परिवर्तनकारी प्रणालियों को बदलने की क्षमता है जो यादृच्छिक आर्थिक विकास के वर्तमान पथ से आगे बढ़ने के लिए आवश्यक है। यह एक ऐसा मार्ग है जो कई लोगों को पिछड़ा बनाता है और ऐसी विविधता से समझौता करता है जो ऑस्टिन को रहने, काम करने और खेलने के लिए एक आकर्षक जगह बनाती है।




2013 जैन सोरेनसेन www.jansorensen.com

## आप जिस को सब के लिए

## अच्छा मानते हैं






"समानता बाधाएँ" इमानु

## हमेशा वैसा नहीं होता है और यह

## आपकी जीवन-परिवर्तनकारी नीतियों और कार्यों में दिखाई देता है!




"मूल लोगों का दमन" क्ले जोन्स claytoonz.com

# अध्याय 3: मूल कारण और वर्तमान युग की असमानताएँ

**आज के परिणामों में ऑस्टिन के असमान विकास का इतिहास स्पष्ट है**

## ऑस्टिन के प्रणालीगत नस्लवाद का इतिहास

मौजूदा असमानताओं और उनके ऐतिहासिक मूल को समझना नस्लीय समानता विस्थापन-विरोधी टूल के उपयोग को बेहतर परिणामों के लिए डिज़ाइन करने के लिए महत्वपूर्ण है।

ऑस्टिन के प्रणालीगत नस्लवाद के लंबे इतिहास ने आवास, परिवहन, स्वास्थ्य, शिक्षा और आर्थिक परिणामों में असमानताओं को जन्म दिया।[1 1] आज मौजूद कई नस्लीय असमानताएँ अतीत और वर्तमान कानूनों, अध्यादेशों और शहर नियोजन का प्रत्यक्ष परिणाम हैं, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- **मूलनिवासी और स्वदेशी लोगों का नरसंहार और उपनिवेशीकरण**: मध्य टेक्सास के मूल निवासियों और स्वदेशी लोगों का कई बार नरसंहार किया गया है। श्वेत, मैक्सिकन और कब्ज़ा करने वाले अन्य लोगों की क्रमिक लहरों के द्वारा मूल निवासियों का शिकार किया गया, उन्हें हिरासत में लिया गया, उन्हें धर्मान्तरित किया गया और उपनिवेशित किया गया। हिंसा के बीच, मूल निवासियों का इस तरह से नस्लीय भेदभाव किया गया था कि वे भागने पर मजबूर हो गए और उन्हें मानव अभिकरण की सबसे बुनियादी धारणा से भी वंचित कर दिया।[12] स्वदेशी लोगों के व्यवस्थित विस्थापन और नरसंहार को उनके शब्दों द्वारा परिषद की बैठकों, संधि वार्ताओं, व्यापार की बैठकों, पत्रकारिता साक्षात्कारों, और अन्य द्वारा प्रलेखित किया गया है। एक रणनीति के रूप में पूरे नस्ल का जनसंहार, कभी-कभी स्पष्ट रूप में और कभी-कभी निहित रूप में पूरी तरह से नियोजित किया गया था।[13]
- **अफ्रीकी लोगों की दासता और उपनिवेशीकरण:** गुलाम अफ्रीकी लोगों के श्रम का शोषण स्पेनिश शासन के तहत टेक्सास के मूल उपनिवेश का हिस्सा था। स्पेन से अपनी स्वतंत्रता के बाद मैक्सिकन शासन के तहत गैर कानूनी होने के बावजूद, स्टीफन एफ ऑस्टिन और बसने वाले कई श्वेत लोगों ने गुलामों को रखने के अपने अधिकार की गारंटी के लिए सक्रिय रूप से काम किया। टेक्सास गणराज्य में गुलामी कानूनी था और संविधान के तहत आज़ाद अश्वेत लोगों को टेक्सास से भगा दिया गया था। टेक्सास के पहले संयुक्त राज्य अमेरिका में और बाद में अमेरिका के संघीय राज्य में शामिल होने के बाद भी अश्वेत लोगों की दासता जारी रही। मुक्ति उद्घोषणा के कानूनी रूप से दासता को समाप्त करने के बाद भी, श्वेत बागान मालिकों ने अपने दास श्रमिकों को रिहा करने से इनकार कर दिया जब तक कि दो साल बाद उद्घोषणा को लागू करने के लिए संघीय सैनिकों को टेक्सास नहीं भेजा गया। जिम क्रो साउथ में अश्वेत लोगों के खिलाफ़ श्वेत लोगों द्वारा भेदभाव और हिंसा मुक्ति के बाद और कई दशकों तक अच्छी तरह से जारी रही। मध्य टेक्सास में अफ्रीकी अमेरिकियों के जीवन को सदियों से दासता, हिंसा और कानूनी भेदभाव द्वारा आकार दिया गया है।

---

[1 1] विरासत के रूप में समानता: ऑस्टिन का अलगाव और अभिजात्यवाद (जेंट्रीफिकेशन)

[12] फाइंडिंग लॉस्ट–टेन वार्ड

[13] टेक्सास का इतिहास: टेक्सास में मूल अमेरिकियों के साथ क्या हुआ?

- **फ्रीडम कालोनियों का विस्थापन:** क्लार्क्सविले, व्हीटविले, किन्चोनविले, मेसनटाउन और ग्रेगरीटाउन जैसी कम्युनिटीज़ को गृहयुद्ध के बाद पूर्व में गुलाम बनाए गए लोगों द्वारा स्थापित किया गया था, और यह पूरे शहर और इसके बाहरी इलाके में फैली हुई थीं। नस्लीय अलगाव और अश्वेत परिवारों के पूर्वी ऑस्टिन में स्थानांतरण को लागू करने के लिए, शहर ने उन्हें आसपास के मोहल्लों के द्वारा उपयोग की जाने वाली सार्वजनिक सेवाओं से वंचित कर दिया, जैसे कि पक्की सड़कें, फुटपाथ, स्ट्रीट लाइटिंग, सीवर और बाढ़ नियंत्रण उपाय। साथ ही, स्थानीय नीतियों जैसे ऑस्टिन के लिए 1928 सिटी प्लान को अपनाने और बैंकिंग भेदभावपूर्ण प्रथाओं के साथ संस्थागत नस्लवाद के कारण, फ्रीडम कॉलोनी के निवासियों को अपने घरों को बनाए रखने या सुधारने में काफी संघर्ष करना पड़ा।
- **मैक्सिकन अमेरिकियों का हटाना:** ऑस्टिन के पुराने फर्स्ट वार्ड के हिस्से और शोल क्रीक के किनारे बसे लोग मुख्य रूप से मैक्सिकन और मैक्सिकन अमेरिकी थे। कोलोराडो नदी के स्थिरीकरण और ऑस्टिन के व्यापारिक ज़िले "डाउनटाउन" के उदय के परिणामस्वरूप बढ़े हुए भूमि मूल्य ने मैक्सिकन अमेरिकी निवासियों, व्यवसायों और चर्चों को बाहर कर दिया।
- **1928 का ऑस्टिन के लिए सिटी प्लान और एक अलग "नीग्रो ज़िला" का निर्माण**: 20वीं सदी की शुरुआत में ज़ोनिंग और नियोजन नीति के माध्यम से, शहर ने एक "नीग्रो ज़िला" की स्थापना की, जिसे अश्वेत लोगों को श्वेत लोगों से अलग रखने के लिए डिज़ाइन किया गया था। सिटी प्लानर्स इस बात को जानते थे कि वे कानूनी तौर पर नस्लीय आधार पर पड़ोस को बांट नहीं सकते, लेकिन उन्होंने "नीग्रो ज़िला" के निर्माण की सिफारिश की क्योंकि अश्वेत लोगों की सबसे बड़ी आबादी पहले से ही पूर्वी ऑस्टिन में स्थित थी। उन्होंने योजना में लिखा:

  > नस्ल अलगाव की समस्या के संबंध में ऑस्टिन के साथ-साथ अन्य शहरों में भी काफी चर्चा हुई है। वर्तमान में हमें ज्ञात किसी भी ज़ोनिंग कानून के तहत इस समस्या को कानूनी रूप से हल नहीं किया जा सकता है। ऑस्टिन के हमारे अध्ययन में, हमने पाया है कि ईस्ट एवेन्यू के पूर्व और सिटी कब्रिस्तान के दक्षिण के क्षेत्र को छोड़कर, नीग्रो लोग व्यावहारिक रूप से शहर के सभी हिस्सों में काफी कम संख्या में मौजूद हैं। केवल इसी क्षेत्र के लगभग सभी निवासी नीग्रो हैं। हमारी सिफारिश है कि नस्ल अलगाव की समस्या के समाधान के लिए निकटतम दृष्टिकोण से इस ज़िले को एक नीग्रो ज़िले के रूप में घोषित करना होगा...[14]

  यह ज़िला शहर का एकमात्र हिस्सा था जहाँ अश्वेत लोग को स्कूलों, सार्वजनिक उपयोगिताओं और अन्य सार्वजनिक सेवाओं तक पहुँच प्राप्त थी। हालांकि, शहर ने ज़िले में सार्वजनिक सेवाओं की फंडिंग को कम कर दिया, और निजी डेवलपर्स ने निवासियों के लिए अलग विकल्प के रूप में उपयोगिताओं को प्रदान करने से इनकार कर दिया, जैसा कि श्वेत मोहल्लों में आम था। 1960 और 1970 के दशक तक ज़िले के कुछ हिस्सों में सड़कों को पक्का नहीं किया गया था। यह ज़िला सबसे कम ज़ोनिंग प्रतिबंधों वाला क्षेत्र भी था।
- **रेडलाइनिंग:** ऑस्टिन में लोगों और औद्योगिक उपयोगों के अलगाव और एकाग्रता को होम ओनर्स लोन कॉरपोरेशन (HOLC) द्वारा और आगे कायम रखा गया था, जिसे 1933 में अमेरिकी कांग्रेस द्वारा डिफ़ॉल्ट रूप से बंधक को पुनर्वित्त करने और फोरक्लोज़र को रोकने के लिए स्थापित किया गया था। 1935 में निगम ने 239 शहरों के लिए सरकार समर्थित बंधक और अन्य ऋणों के लिए सुरक्षा के स्तर को इंगित करने के लिए आवासीय सुरक्षा मानचित्र बनाए। नक़्शे में

---

[14] ऑस्टिन, टेक्सास के लिए एक सिटी प्लान,

"सर्वश्रेष्ठ" क्षेत्रों को टाइप A ग्रेड दिया गया था। ये क्षेत्र मुख्य रूप से शहर के बाहरी इलाके में समृद्ध उपनगर थे। "अभी भी योग्य" मोहल्लों को टाइप B ग्रेड दिया गया था, और पुराने मोहल्लों को टाइप C ग्रेड दिया गया था और उन्हें "कमज़ोर" माना जाता था। टाइप D मोहल्लों को "खतरनाक" लेबल किया गया था और ऋण के लिए सबसे जोख़िम भरा माना जाता था। ऑस्टिन के टाइप D क्षेत्रों में ज़्यादातर "नीग्रो ज़िले" के आस पड़ोस के क्षेत्र ही थे। इसका मतलब था कि उस क्षेत्र में संपत्ति खरीदने के इच्छुक परिवार-अक्सर अश्वेत परिवार- अनुकूल शर्तों के साथ ऋण नहीं पा सकते थे। जिन परिवारों ने संपत्ति खरीदी थी, उन्हें श्वेत मध्यस्थ खरीदारों के माध्यम से जाना पड़ता था या छोटे घर खरीदने पड़ते थे और बाद में वह अधिक पैसा जमा करके इसे बढ़ाते थे।
रेडलाइनिंग ने अश्वेत संपत्ति मालिकों को अपनी इमारतों को बनाए रखने, मरम्मत करने और बड़ा करने में भी सीमित कर दिया; क्योंकि उनके पास केवल व्यक्तिगत धन ही उपलब्ध रहता था; और बाद में इसी के कारण इन मोहल्लों को "झुग्गी बस्तियों" के रूप में समझा जाने लगा।

- **नस्लीय प्रतिबंधात्मक अनुबंध और पृथक सार्वजनिक आवास:** निजी कार्यों और अनुबंधों में "केवल कोकेशियान" या "केवल श्वेत" का इस्तेमाल करने वाले त्रि-नस्लीय अलगाव का एक नया रूप सामने निकल कर आया। इसने "अफ़्रीकी मूल के लोग नहीं" की पहले इस्तेमाल की जाने वाली भाषा से एक बदलाव को चिह्नित किया जो  मेक्सिको या "मैक्सिकन वंश" के लोगों की बढ़ती संख्या के लिए एक सीधी प्रतिक्रिया थी। इस त्रि-नस्लीय प्रणाली ने पूर्वी ऑस्टिन के बाहर कई इलाकों में अश्वेत और लैटिनक्स दोनों लोगों को घर खरीदने या किराए पर लेने से रोक दिया।[15] आवास के निर्माण के लिए वित्तपोषण को सुरक्षित करने के लिए संघीय आवास प्रशासन द्वारा इन विलेख प्रतिबंधों की अक्सर आवश्यकता होती थी।

  1930 के दशक में, सिटी काउंसिल ने नस्लीय रूप से अलग सार्वजनिक आवास, सांता रीटा कोर्ट (मैक्सिकन अमेरिकियों के लिए), रोज़वुड कोर्ट (अफ़्रीकी अमेरिकियों के लिए) और चाल्मर्स कोर्ट (श्वेत लोगों के लिए) के निर्माण के लिए मतदान किया, जो राष्ट्र में पहली संघीय सार्वजनिक आवास परियोजना थी, और यह सभी ईस्ट ऑस्टिन में स्थित थे।

- **ऑस्टिन में प्रारंभिक चीनी आप्रवासियों को संपत्ति रखने से प्रतिबंधित किया गया था:** भेदभावपूर्ण कानूनों ने चीनी आप्रवासियों (जिन्हें संघीय कानून के तहत नागरिकता से प्रतिबंधित किया गया था) को ऑस्टिन में संपत्ति के अधिकार से वंचित कर दिया। इन अप्रवासियों की पत्नियों से उनकी अमेरिकी नागरिकता और इसके लाभ छीन लिए जा सकते थे।
- **1957 में पूर्वी ऑस्टिन के बड़े क्षेत्रों को एक औद्योगिक क्षेत्र के रूप में नामित किया गया था:** 1957 की औद्योगिक विकास योजना ने गारंटी दी कि प्रदूषणकारी उद्योग मुख्य रूप से विभिन्न नस्लों और रंगों की कम्युनिटीज़ में ही स्थित रहेंगे और इसके परिणामस्वरूप खतरनाक रहने की स्थिति, संपत्ति के मूल्यों में कमी, और टैंक फार्म और होली स्ट्रीट पावर प्लांट जैसी ज़हरीली संपत्तियों का निर्माण हुआ। कम संपत्ति मूल्यों का मतलब है कि संपत्ति के मालिकों के धन में कमी हो गई, इससे उन्हें अपने भवनों को बनाए रखने और विस्तार करने के लिए ऋण प्राप्त करना मुश्किल हो गया, और इसने बाद के वर्षों में निहित स्वार्थों वाली खरीद प्रथाओं के द्वार खोल दिए।
- **I-35 और Mopac का निर्माण:** बीसवीं सदी के मध्य में, संघीय सरकार ने अंतरराज्यीय राजमार्ग व्यवस्था के निर्माण पर भारी सब्सिडी दी।
  देश भर के शहरों में, परिवहन एजेंसियों ने नए राजमार्गों के लिए जगह बनाने के लिए प्रभावित कम्युनिटीज़ से बहुत कम या कोई इनपुट लिया बिना, उन मार्गों का चयन किया, जिन्होंने स्थापित केंद्रीय मोहल्लों को ध्वस्त कर दिया, जहाँ अक्सर विभिन्न नस्लों और रंगों के लोग की कम्युनिटीज़ रहती थीं।

[15] ऑस्टिन प्रतिबंधित: प्रगतिवाद, ज़ोनिंग, निजी नस्लीय वाचाएँ, और एक अलग शहर का निर्माण

21 अगस्त, 1958 को, सिटी काउंसिल ने I-35 को चौड़ा करने के लिए भूमि अधिग्रहण को मंजूरी दे दी ताकि ईस्ट एवेन्यू को I-35 में विस्तारित किया जा सके, जिस्मने उन्होंने मुख्य रूप से श्वेत और लैटिनक्स घरों से संपत्ति ज़ब्त कर ली।[16] जबकि ऑस्टिन में नस्लीय अलगाव I-35 के निर्माण से पहले का था, 1960 के दशक की शुरुआत में जब यह पूरा हुआ, तो इस नए राजमार्ग ने शहर को भौतिक रूप से विभाजित कर दिया और यह आज भी आसपास की कम्युनिटीज़ के स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचाता है। 1971 में, MoPac एक्सप्रेसवे के निर्माण ने ऐतिहासिक क्लार्क्सविले फ्रीडम कॉलोनी में लगभग एक-तिहाई घरों को नष्ट कर दिया, जिससे कई अश्वेत परिवारों का विस्थापन हुआ। जब क्रॉसटाउन एक्सप्रेसवे परियोजना से मोहल्ले के दूसरे आधे हिस्से को नष्ट करने की आशंका बनी, तो क्लार्क्सविले के निवासी शहर के विरुद्ध अदालत में चले गए, मोहल्ले को फ्रीवे योजनाओं से हटा दिया, और मोहल्ले के लिए राज्य और संघीय ऐतिहासिक पदनाम जीते।


- **शहरी नवीनीकरण या "शहरी निष्कासन":** इस संघ द्वारा फंड किए गए कार्यक्रम ने मलिन बस्तियों और "अभिशप्त" क्षेत्रों को तोड़कर पुनर्विकास के लिए साइटों के अधिग्रहण और समाशोधन को सब्सिडी दी। 1% से भी कम धन पुनर्वास करने वाले निवासियों की सहायता के लिए गया। ऑस्टिन के शहरी नवीकरण प्रयासों ने मुख्य रूप से ब्रैकेनरिज (1969), यूनिवर्सिटी ईस्ट (1968), कीलिंग (1966), और ब्लैकशियर (1969) जैसे बहुसंख्यक श्वेत और लैटिनक्स आबादी वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया। इन परियोजनाओं ने बड़े क्षेत्रों से विभिन्न नस्लों और रंगों के लोगों को विस्थापित किया और विस्थापित परिवारों को लौटने के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान किए बिना पूर्व आवासीय भूमि को पार्कों और स्कूलों में बदल दिया। इसलिए इस कार्यक्रम को विभिन्न नस्लों और रंगों के कई लोगों द्वारा "शहरी निष्कासन" के रूप में नामित किया गया।
- **पर्यावरण नीतियों और अध्यादेशों ने विशेष रूप से पश्चिमी ऑस्टिन पर ध्यान केंद्रित किया, जिससे अधिक गहन विकास पूर्वी ऑस्टिन की तरफ निर्देशित हुआ**: 1990 के दशक की शुरुआत में, मुख्य रूप से श्वेत पश्चिमी ऑस्टिन के घर मालिकों ने एडवर्ड्स एक्विफर पर पेयजल संरक्षण क्षेत्र जैसे कड़े विकास-नियंत्रण अध्यादेशों की सफलतापूर्वक वकालत की। 1990 के दशक के अंत तक, शहर ने पश्चिमी ऑस्टिन में पर्यावरणीय रूप से संवेदनशील क्षेत्रों से पूर्वी ऑस्टिन तक विकास और पुनर्विकास को दूर करने के लिए डिज़ायर्ड डेवलपमेंट ज़ोन (DDZ) की स्थापना की, जिसके कारण श्वेत और लैटिनक्स लोगों का जेंट्रीफिकेशन और विस्थापन हुआ। इन योजनाओं को आज भी पूर्वी ऑस्टिन को लक्षित करने के लिए सक्रिय रूप से संदर्भित किया जाता है।
- **ऑस्टिन की अर्थव्यवस्था को नवाचार और प्रौद्योगिकी के केंद्र के रूप में विविधता प्रदान करने के लिए शहर समर्थित ज़ोनिंग और आर्थिक विकास गतिविधियों ने शहर के सभी हिस्सों में समान समृद्धि नहीं लाई है:** 1950 के दशक से आज तक, व्यापारिक नेताओं ने तकनीकी उद्योग (मुख्य रूप से श्वेत कार्यबल) के साथ शहर के आर्थिक आधार का विस्तार करने के लिए एक आर्थिक विकास प्रयास का नेतृत्व किया है। चूंकि विस्फोटक स्थानीय अर्थव्यवस्था और सांस्कृतिक चमक प्रति दिन 150 नए निवासियों को आकर्षित करती है और रहने की लागत को बढ़ाती है, पूर्वी ऑस्टिन के आवासीय मोहल्लों में पुराने घरों और अपार्टमेंट इमारतों को उच्च आय वाले, तेज़ रियल एस्टेट बाज़ार में प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम, अक्सर श्वेत परिवारों और डेवलपर्स द्वारा खरीदा गया है।


[16] छिपी योजना: ऑस्टिन के योजना इतिहास में विभिन्न नस्लों और रंगों की कम्युनिटीज़ को शांत करना

# इतिहास आज भी हमारे साथ है: रेड और येल्लो लाइनिंग के प्रभाव

प्रोजेक्ट कनेक्ट के कई निवेश नस्लीय रूप से प्रेरित विनिवेश के लंबे इतिहास वाले क्षेत्रों में किए जा रहे हैं। इस इतिहास के वर्तमान प्रभाव अभी भी उन घरों और व्यवसायों द्वारा अनुभव किए जाते हैं जो पूंजी, अंतर-पीढ़ी के धन और राजनीतिक शक्ति के लिए बाधाओं, आदि का अनुभव करते हैं। यह इतिहास और इसकी विरासत इन क्षेत्रों को रियल एस्टेट की अटकलों और विस्थापन के लिए परिपक्व बनाती है, जिसे नए पारगमन निवेशों से बढ़ावा मिल सकता है।

पृष्ठ 40 पर वर्णित, रेडलाइनिंग की प्रक्रिया, इस इतिहास का एक अच्छा उदाहरण है। जैसा कि नीचे दिया गया नक्शा इंगित करता है, टाइप D क्षेत्रों में ज़्यादातर, 1928 सिटी प्लान  द्वारा परिभाषित "नीग्रो ज़िले" के आस पड़ोस के छेत्र हैं। सरकारी नीति के कारण टाइप D और C क्षेत्रों को सार्वजनिक और निजी क्षेत्र द्वारा कम निवेश किया गया था। विनिवेश के परिणामस्वरूप, इन क्षेत्रों में संपत्ति के मूल्य कम हैं, और इसलिए यह कम आय वाले लोगों और कम राजस्व वाले व्यवसायों के लिए घर हैं जो विशेष रूप से विस्थापन के प्रति अतिसंवेदनशील होते हैं।








*चित्र 11. बाईं ओर की इमेज- 1934 से मूल HOLC निवेश ग्रेड मानचित्र की इमेज। (क्रेडिट: मैपिंग इनइक्वलिटी प्रोजेक्ट, रिचमंड विश्वविद्यालय)*

*चित्र 12.दाईं ओर की इमेज- प्रोजेक्ट कनेक्ट के नस्लीय समानता विस्थापन-विरोधी नक़्शे से ली गई एक इमेज, जो 1934 से HOLC निवेश ग्रेड और प्रोजेक्ट कनेक्ट लाइन्स को दिखाती है (ऑनलाइन नक्शेके लिए लिंक)*

## वर्तमान के विस्थापन जोख़िम और असमानताएँ


ऑस्टिन के तेज़ी से विकास और जीवन यापन की बढ़ती लागत के वर्तमान संदर्भ में, अकेले बाजार की ताकतें समान विकास का उत्पादन करने में सक्षम नहीं होंगी। प्राथमिकता वाली आबादी के लिए विस्थापन जोख़िम आज भी मौजूद है और कम्युनिटी की स्थिरता और आर्थिक गतिशीलता के लिए स्थितियाँ बनाने के लिए कम्युनिटी के नेतृत्व वाली और सरकार द्वारा समर्थित कार्रवाइयाँ ना की जाए तो यह और भी बढ़ता जाएगा। अक्सर, अध्ययन मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक कारकों की जाँच नहीं करते हैं जो विस्थापन के दौरान और बाद में समीकरण का हिस्सा होते हैं। विस्थापन एक दर्दनाक अनुभव है जिसका मानसिक के साथ-साथ शारीरिक दीर्घकालिक प्रभाव हो सकता है। सामाजिक, भौतिक और आर्थिक कल्याण के प्रमुख निर्धारकों का एक स्कैन इंगित करता है कि वे समान रूप से वितरित नहीं हैं और कई कम्युनिटीज़ के पास पहले से ही फलने-फूलने के साधन नहीं हैं।




**इस अध्याय को एक ऑनलाइन नक्शा श्रृंखला के साथ जोड़ा गया है जो उपयोगकर्ताओं को एक इंटरेक्टिव नक़्शे के प्रारूप में भौगोलिक जानकारी देखने की अनुमति देता है।**

## विस्थापन जोख़िम

*अपरूटेड: ऑस्टिन के अभिजात्यवादी (जेंट्रीफाइंग) मोहल्लों में आवासीय विस्थापन और इसके बारे में क्या किया जा सकता है* - टेक्सास विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ और ऑस्टिन (2018) में टेक्सास विश्वविद्यालय में कम्युनिटी और क्षेत्रीय योजना कार्यक्रम के साथ संकाय की एक संयुक्त पहल है।[17] इस परियोजना ने ऐसे अभिजात्यवादी (जेंट्रीफाइंग) मोहल्लों की पहचान की जहाँ के निवासी विस्थापन के उच्चतम जोख़िम में हैं। शोधकर्ताओं ने तीन-भाग का विश्लेषण किया: असुरक्षित आबादी की उपस्थिति, आवास बाजार की समझ और जनसांख्यिकीय परिवर्तन। असुरक्षित आबादी का निर्धारण करने के लिए, अपरूटेड लेखकों ने उन निवासियों की पहचान करने के लिए संकेतकों का उपयोग किया, जो अकादमिक शोध के अनुसार, आवास की लागत उठाने में सबसे कम सक्षम हैं। सक्रिय सदस्यों (कैटलिस्ट) ने बताया कि यह पूरी सूची नहीं है, और ऐसे कई अन्य समूह हैं जिन पर विचार किया जाना चाहिए जैसे: विभिन्न नस्लों और रंगों के सेवानिवृत्त लोग, जो करों का भुगतान करने में असमर्थ या संघर्ष कर रहे हैं, जो लोग चिकित्सकीय रूप से कमज़ोर हैं, विकलांग, और पालक देखभाल या दंड व्यवस्था से बाहर निकलने वाले लोग, आदि।





*चित्र 13। अपरूटेड रिपोर्ट ग्राफ़िक*

[17] अपरूटेड: ऑस्टिन के अभिजात्यवादी (जेंट्रीफाइंग) मोहल्लों में आवासीय विस्थापन और इसके बारे में क्या किया जा सकता है

शहर ऑस्टिन के हाउसिंग एंड प्लानिंग के कर्मचारियों ने 2019 में इस डेटा को अपडेट किया और निम्नलिखित श्रेणियों को सरल बनाया।

1. **असुरक्षित:** असुरक्षित आबादी मौजूद है, कोई महत्वपूर्ण जनसांख्यिकीय परिवर्तन नहीं है, कुछ क्षेत्र उच्च मूल्य और उच्च प्रशंसा क्षेत्रों के करीब हैं।
2. **सक्रिय विस्थापन जोख़िम:** असुरक्षित आबादी मौजूद है, सक्रिय जनसांख्यिकीय परिवर्तन, आवास बाजार का मूल्य बढ़ रहा है या इसमें तेज़ी आ रही है।
3. **स्थाई विस्थापन जोख़िम:** असुरक्षित आबादी विस्थापित हो गई है, काफी जनसांख्यिकीय परिवर्तन हुआ है, आवास बाजार का मूल्य बढ़ रहा है और इसमें तेज़ी आ रही है
4. **ऐतिहासिक बहिष्करण:** इन क्षेत्रों ने ऐतिहासिक रूप से असुरक्षित आबादी को बाहर रखा है और अन्य स्थानों की तरह अभिजात्यवाद (जेंट्रीफिकेशन) और विस्थापन के अधीन नहीं है।

जैसा कि नक्शा इंगित करता है, विस्थापन के उच्चतम जोख़िम वाले क्षेत्र - जिन्हें असुरक्षित, सक्रिय और स्थाई विस्थापन जोख़िम के रूप में परिभाषित किया गया है - प्रभावी रूप से उस क्षेत्र का पालन करते हैं जिसे पूर्वी क्रिसेंटके रूप में जाना जाता है।




*चित्र 14। प्रोजेक्ट कनेक्ट के नस्लीय समानता विस्थापन-विरोधी नक़्शे से ली गई एक इमेज, जो विस्थापन जोख़िम की श्रेणियों और प्रोजेक्ट कनेक्ट लाइन्स को दिखाती है (ऑनलाइन नक्शे*के लिए लिंक)

टूल में विस्थापन जोख़िम श्रेणियों का उपयोग सक्रिय सदस्यों (कैटलिस्ट) के अनुभव की मात्रात्मक रूप से पुष्टि करने के लिए किया जाता है, जो उन्हें पूर्वी क्रीसेंट के उन मोहल्लों से मिलता है जहाँ विस्थापन का जोख़िम सबसे ज़्यादा है। यह इन क्षेत्रों को निवेश किए जाने वाले विस्थापन-विरोधी फंड की प्राथमिकता के रूप में मान्य करता है।

संवेदनशील, सक्रिय और स्थाई विस्थापन की तीन श्रेणियाँ भी सक्रिय सदस्यों (कैटलिस्ट) द्वारा रिपोर्ट की गई विस्थापन प्रक्रिया की अस्थाई प्रकृति को दर्शाती हैं। वे जानते हैं कि विस्थापन कब हो सकता है, यह वास्तविक समय में कैसा दिखता है, और विस्थापन के होने के बाद इसके स्थाई प्रभाव क्या होते हैं। टूल में विस्थापन जोख़िम श्रेणियों का उपयोग यह मूल्यांकन करने के लिए किया जा सकता है कि क्या प्रोजेक्ट कनेक्ट के निर्णय, विशेष रूप से धन संबंधी निर्णय, इस अस्थाई प्रक्रिया के लिए जिम्मेदार हैं। उदाहरण के लिए, स्थाई विस्थापन के क्षेत्रों में निवेश को विस्थापित कम्युनिटीज़ को फिर से स्थापित करने में मदद करने के लिए डिज़ाइन किया जाना चाहिए।[18] उच्च जोख़िम वाले क्षेत्रों में निवेश भूमि की लागत बढ़ने से पहले कम्युनिटी के नेतृत्व वाली परियोजनाओं के लिए भूमि सुरक्षित करने को प्राथमिकता दे सकता है। सक्रिय विस्थापन के क्षेत्रों में मौजूदा निवासियों के लिए अधिक स्थिर निवेश की आवश्यकता हो सकती है जैसे कि किरायेदार और मकान मालिक के अधिकार या कम लागत वाले बाज़ार दर आवास के अधिग्रहण और संरक्षण।

विस्थापन जोख़िम श्रेणियों में उपयोग किए गए डेटा विशिष्ट मोहल्लों के लिए समाधान निर्धारित करने के लिए अपर्याप्त हैं। सरकारी कर्मचारियों और नेताओं को इस तरह से इसका इस्तेमाल करने का लालच नहीं करना चाहिए। शहर के साथ जुड़ाव और भागीदारी के माध्यम से विस्थापन के जोख़िम वाली कम्युनिटीज़ द्वारा विस्थापन-विरोधी स्थान-आधारित रणनीतियों और परियोजनाओं को विकसित किया जाना चाहिए। यह श्रेणियाँ इन नियोजन प्रक्रियाओं के लिए एक शुरूआत प्रदान करती हैं, लेकिन केवल इन्हीं पर निर्भर नहीं हो सकती हैं।

## अवसरों तक पहुँच

अवसर तक पहुँच का तात्पर्य उन सुविधाओं को प्राप्त करने की क्षमता से है जो सामाजिक, आर्थिक और भौतिक कल्याण के प्रमुख निर्धारक हैं। ये विस्थापन को रोकने के महत्वपूर्ण घटक भी हैं।

यह टूल पूछता है कि क्या नीतियाँ और विस्थापन विरोधी निवेश कम्युनिटीज़ द्वारा पहचाने गए अवसरों की कमी को पूरा करते हैं या मौजूदा सुविधा का लाभ उठाते हैं। ऑस्टिन शहर ने कुछ ऐसी सुविधाओं का मानचित्रण किया है जिन्हें सक्रिय सदस्यों (कैटलिस्ट) ने पहचाना और अनुसंधान ने पुष्टि की है कि वे जीवन की उच्च गुणवत्ता के आवश्यक घटक हैं।


अतिरिक्त डेटा बिंदुओं को टूल के पूरे जीवन में मैप किया जाना चाहिए। पूरे शहर में अवसर के समान वितरण की दिशा में प्रगति को अधिक आसानी से ट्रैक करने के लिए और एक विशिष्ट स्थान में विस्थापन के जोख़िम वाले लोगों के अनुरूप समाधानों के डिज़ाइन को सुविधाजनक बनाने के लिए विस्थापन जोख़िम श्रेणियों के साथ मिलाकर काम करने के लिए एक अवसर सूचकांक भी बनाया जाना चाहिए।

---

[18] पोर्टलैंड शहर की वरीयता नीति

## स्वस्थ, किफ़ायती भोजन से निकटता


स्वस्थ खाद्य खुदरा विक्रेताओं का यह नक्शा स्वस्थ, किफ़ायती भोजन तक पहुँच को दर्शाता है। यह माना जाता है कि इनमें से अधिकतर स्थान सांस्कृतिक रूप से संदर्भित भोजन पर आधारित नहीं हैं, बल्कि "वैध" खुदरा विक्रेताओं पर आधारित हैं। नीचे दिया गया नक्शा SNAP सुविधाओं को स्वीकार करने वाले स्वस्थ खाद्य भंडारों से 5,
10, 15 और 20 मिनट की पैदल दूरी के भीतर के क्षेत्रों को दिखाता है। अधिकांश
स्वस्थ खाद्य खुदरा विक्रेता पूर्वी क्रिसेंट के बाहर स्थित हैं।




*चित्र 15। प्रोजेक्ट कनेक्ट के नस्लीय समानता विस्थापन-विरोधी नक़्शे से ली गई एक इमेज, जो SNAP को स्वीकार करने वाले स्वस्थ खाद्य भंडारों से निकटता और प्रोजेक्ट कनेक्ट लाइन्स को दिखाती है (ऑनलाइन नक्शेके लिए लिंक)। (क्रेडिट: सिटी ऑफ़ ऑस्टिन ऑफ़ सस्टेनेबिलिटी से मिला डेटा)*

## एक सार्वजनिक पुस्तकालय से निकटता


पुस्तकालय शहर द्वारा अनुरक्षित सार्वजनिक सुविधाएँ हैं जो शैक्षिक, राजनीतिक, सामाजिक और नागरिक कार्यों की सेवा प्रदान करती हैं। नीचे दिया गया नक्शा किसी पुस्तकालय से 5, 10, 15 और 20 मिनट की पैदल दूरी के भीतर के क्षेत्रों को दिखाता है।




*चित्र 16। प्रोजेक्ट कनेक्ट के नस्लीय समानता विस्थापन-विरोधी नक़्शे से ली गई एक इमेज, जो सार्वजनिक पुस्तकालयों से निकटता प्रोजेक्ट कनेक्ट लाइन्स को दिखाती है (ऑनलाइन नक़्शे के लिए लिंक)*

## किसी पब्लिक स्कूल से निकटता

पब्लिक स्कूल ऑस्टिन इंडिपेंडेंट स्कूल डिस्ट्रिक्ट (AISD) और अन्य स्कूल ज़िलों द्वारा बनाए गए सार्वजनिक सुविधाएँ हैं जो शैक्षिक, राजनीतिक, सामाजिक और नागरिक कार्यों की सेवा प्रदान करती हैं। नीचे दिया गया नक्शा किसी AISD पब्लिक स्कूल से 5, 10, 15 और 20 मिनट की पैदल दूरी के भीतर के क्षेत्रों को दिखाता है। 2017 में, $1.1 बिलियन डॉलर के स्कूल बांड की मतदाता स्वीकृति के तुरंत बाद,[19] AISD ने छह पूर्व ऑस्टिन प्राथमिक विद्यालयों-ब्रुक, नॉर्मन, सिम्स, मेट्ज़, सांचेज़ और ज़वाला-के समेकन का प्रस्ताव रखा-और प्रभावी रूप से पूर्वी क्रिसेंट फंड्स को बाहर स्थानांतरित कर दिया।[20] 2019 में, ज़िले ने पीज़, ब्रूक, मेट्ज़ और सिम्स प्राथमिक विद्यालयों को बंद करने की मंज़ूरी दी, जिनमें से तीन पूर्वी क्रिसेंट में स्थित हैं। यह स्वीकार किया जाता है कि 2017 AISD स्कूल बांड ने पूर्वी क्रिसेंट में कई स्कूलों को वेस्ट ऑस्टिन में शैक्षिक अवसरों के संरक्षण के पक्ष में बंद कर दिया।[21] स्टेफ़नी हॉली, ज़िले की चीफ इक्विटी ऑफिसर, ने ज़ोर दिया कि ज़िले की स्कूल बंद करने की योजना नस्लीय और आर्थिक अलगाव की पुरानी नीतियों को कायम रखती है।[22]




*चित्र 17। प्रोजेक्ट कनेक्ट के नस्लीय समानता विस्थापन-विरोधी नक़्शे से ली गई एक इमेज, जो पब्लिक स्कूलों से निकटता, 2019-2020 स्कूल वर्ष के लिए बंद कर दिए गए चार पब्लिक स्कूलों, और प्रोजेक्ट कनेक्ट लाइन्स को दिखाती है (ऑनलाइन नक्शे के लिए लिंक)*

[19] मतदाताओं ने $1.1B ऑस्टिन ISD बांड को मंज़ूरी दी, जो मध्य टेक्सास के इतिहास में सबसे बड़ा है


[20] AISD की स्कूलों को बंद करने, समेकित करने की योजना से जनता का भरोसा टूटा है

[21] 2017 बॉन्ड सारांश तालिका

[22] ऑस्टिन के स्कूलों को बंद करने ने ज़िले के नस्लवादी इतिहास को और आगे बढ़ाया, रिपोर्ट कहती है

## किसी कम्युनिटी मनोरंजन केंद्र से निकटता

कम्युनिटी मनोरंजन केंद्र ऑस्टिन शहर द्वारा बनाई गई सार्वजनिक सुविधाएँ हैं जो युवाओं और किशोरों, वयस्कों और 50+ वरिष्ठ नागरिकों के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम पेश करती हैं। यह स्वीकार किया जाता है कि ऑस्टिन शहर के भीतर तैराकी के लिए नस्लीय प्राथमिकताओं के आधार पर सेंट जॉन और कीलिंग पूल को बंद कर दिया गया था।[23] नीचे दिया गया नक्शा किसी कम्युनिटीम नोरंजन केंद्र से 5, 10, 15 और 20 मिनट की पैदल दूरी के भीतर के क्षेत्रों को दिखाता है।




*चित्र 18. प्रोजेक्ट कनेक्ट के नस्लीय समानता विस्थापन-विरोधी नक़्शे से ली गई एक इमेज जो कम्युनिटी मनोरंजन केंद्र और प्रोजेक्ट कनेक्ट लाइन्स को दिखाती है (ऑनलाइन नक़्शे के लिए लिंक)*

23 ऑस्टिन शहर का एक्वेटिक्स मास्टर प्लान; ऑस्टिन शहर के एक्वेटिक्स मास्टर प्लान के लिए साइट उपयुक्तता रेटिंग और नक्शा; ऑस्टिन शहर की एक्वेटिक्स सुविधा का अवलोकन; पार्क और मनोरंजन विभाग रिपोर्ट कार्ड



# अध्याय 4: नस्लीय समानता विस्थापन-विरोधी टूल

**प्रोजेक्ट कनेक्ट के निवेश, नीति, योजना और कार्यक्रम निर्णयों का मूल्यांकन करने के लिए एक ढाँचा**

## प्रोजेक्ट कनेक्ट निर्णयों को सूचित करना और उनका मूल्यांकन करना

शहर के पास गहरी जड़ों वाली संस्थागत असमानताओं को दूर करने और विशेष रूप से नस्लीय और आर्थिक असमानताओं को बंद करने के लिए कम्युनिटी-संचालित निवेश निर्णय लेने का अवसर और दायित्व है। यह इस तरह से किया जाना चाहिए जिससे विस्थापन के जोख़िम वाले कम्युनिटीज़ को सबसे अधिक समर्थन मिले ताकि वे अर्थव्यवस्था में पूरी तरह से भाग ले सकें और फल-फूल सकें। यदि यह अवसर की कमी वाले क्षेत्रों में सफल हो जाती हैं, तो विशेष रूप से प्राथमिकता वाली आबादी का समर्थन करने के लिए डिज़ाइन किए गए निवेश से अवसरों में सुधार होगा और साथ ही विस्थापन जोख़िम में कमी आएगी।
ऑस्टिन के तेज़ी से विकास और घर की बढ़ती कीमतों के वर्तमान संदर्भ में, अकेले बाजार की ताकतें समान विकास का उत्पादन नहीं कर पाएँगी। प्राथमिकता वाली आबादी के लिए विस्थापन जोख़िम आज भी मौजूद है और कम्युनिटी की स्थिरता और आर्थिक गतिशीलता बनाने वाली सरकारी कार्रवाइयाँ ना की जाए तो यह और भी बढ़ता जाएगा। संसाधनों तक सीमित पहुँच, जिसका सामना कुछ लोगों को करना पड़ता है, तब तक रहेगी जब तक सभी मोहल्लों में समान पहुँच बनाने के लिए अंतराल को भरने और बाज़ार की ताकत का लाभ उठाने में सरकार हस्तक्षेप नहीं करती। इसलिए, शहर निर्णय लेने के मानकीकरण की पहल इस तरह से कर रहा है कि जिन लोगों को विस्थापन और नस्लीय असमानता से कोई समस्या होती है तो उनके इनपुट पर ज़ोर नहीं दिया जाएगा या इसे बहिष्कृत किया जाएगा।

नस्लीय समानता विस्थापन-विरोधी टूल का उद्देश्य प्रोजेक्ट कनेक्ट निर्णयों में नस्लीय समानता और विस्थापन-विरोधी अभियान चलाना है। इसे ऑस्टिन ट्रांजिट पार्टनरशिप, कैपिटल मेट्रो, सिटी ऑस्टिन, पार्टनर संगठनों और कम्युनिटी के सदस्यों सहित विभिन्न प्रकार के लोगों द्वारा उपयोग करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, विशेष रूप से वे जो विस्थापन से सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। इसका उपयोग विस्थापन-विरोधी फंड प्रस्तावों को स्कोर करने और नीति, योजना और कार्यक्रम निर्णयों को सूचित करने के लिए किया जाता है। टूल डिज़ाइन में नस्लीय समानता के सक्रिय सदस्यों द्वारा विकसित केंद्रीय घटकों के भीतर नस्लीय समानता विस्थापन-विरोधी सिद्धांत और नस्लीय समानता के चालक शामिल हैं:

I. **कम्युनिटी संचालित:** रिश्ते की गहराई और जवाबदेही

II. **कम्युनिटी प्राथमिकताएँ:** नस्लीय समानता को बढ़ावा दें

III. **कम्युनिटी सीमाएँ:** विस्थापन नुकसान को रोकें

## प्रस्ताव पात्रता

टूल का उद्देश्य विस्थापन-विरोधी रणनीतियों का समर्थन करना और कम्युनिटी द्वारा शुरू किए गए समाधानों का समर्थन करके आर्थिक विकास के अवसरों को बढ़ावा देना है, जो उन कम्युनिटीज़ द्वारा डिज़ाइन और कार्यान्वित किए जाते हैं जो क्षेत्र के बढ़ने के साथ-साथ विस्थापन के अधीन हैं। इस प्रकार, टूल उन प्रस्तावों को प्राथमिकता देगा जो प्रस्ताव और उस कम्युनिटी के बीच संबंधों में अभ्यास और परिणाम दोनों के रूप में समान विकास के लिए पूरी तरह से संगठनात्मक प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने में सक्षम हैं, जिनके हितों का वे प्रतिनिधित्व करना चाहते हैं। सफल प्रस्ताव वे होंगे जो उनके प्रस्ताव और नस्लीय समानता के चालकों को प्रभावित करने की उनकी क्षमता के बीच एक संबंध को सबसे अच्छी तरह से स्पष्ट करेंगे। प्रस्तावों को यह भी समझाने में सक्षम होना चाहिए कि वे परियोजना की प्रभावशीलता की निगरानी करने का प्रस्ताव कैसे करते हैं, नहीं तो उन्हें अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

## निर्णय मानदंड

नस्लीय समानता विस्थापन-विरोधी टूल के उद्देश्यों को सर्वोत्तम रूप से पूरा करने वाले प्रस्तावों को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रस्तावों को इस आधार पर स्कोर किया जाता है कि वे नस्लीय समानता के चालकों और प्राथमिकताओं को कितनी अच्छी तरह संबोधित करते हैं। प्रस्तावों को मूल कारणों को संबोधित करने और प्रभाव बढ़ाने के लिए समानता के कई चालकों और प्राथमिकताओं के समन्वय के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। सिएटल इक्विटेबल डेवलपमेंट इनिशिएटिव फंड के लिए अनुकूलित और सोशल जस्टिस फंड NW के काम से अग्रणी एक प्रणाली के आधार पर आवेदनों की समीक्षा की जाएगी।[24]

- निर्णय उन प्रभावित कम्युनिटीज़ के नेतृत्व वाले संगठनों/गठबंधनों को प्राथमिकता देते हैं जो विस्थापन के उच्च जोख़िम वाली कम्युनिटीज़ में आर्थिक और नस्लीय समानता को आगे बढ़ाने पर काम कर रहे हैं।
- निर्णयों का उद्देश्य उन कम्युनिटीज़ के समर्थन को लक्षित करना है जो विस्थापन के दबाव को अनुभव कर रहे हैं, या अनुभव करने के उच्चतम जोख़िम में हैं। इसके अतिरिक्त, प्राथमिकता उन कम्युनिटीज़ को जाती है जिन्होंने ऐतिहासिक रूप से विशिष्ट नीतियों का अनुभव किया है जो विभिन्न नस्लों और रंगों के लोगों के अवसर को सीमित करते हैं।
- निर्णयों का उद्देश्य समुदायों द्वारा पहचानी गई कमियों को दूर करने के लिए अन्य नीतियों, योजनाओं, कार्यक्रमों और मौजूदा फंडिंग स्रोतों को पूरक बनाना है।

[24] सिएटल इक्विटेबल डेवलपमेंट इनिशिएटिव फंड

## अनुशंसित योग्य उपयोग

विस्थापन-विरोधी फंड प्राथमिकता वाले स्थानों के भीतर प्राथमिकता वाली आबादी के लिए निम्नलिखित का समर्थन कर सकता है:

- विस्थापन-विरोधी फंड के लिए उद्देश्य प्राथमिकताएँ
- कम्युनिटी क्षमता निर्माण फंड
- **विकास फंड** में उन परियोजनाओं के लिए पूर्व-विकास, अधिग्रहण और निर्माण शामिल हैं जो विस्थापन के दबाव को कम करते हैं और उन लोगों के लिए अवसरों की कमी को पूरा करते हैं जो विस्थापन के जोख़िम में सबसे अधिक हैं , जैसा कि टूल में बताया गया है। विस्थापन-विरोधी फंड का उद्देश्य मौजूदा फंडिंग स्रोतों को पूरक बनाना है और संपत्ति पर अनुबंधों और विलेख प्रतिबंधों की आवश्यकता हो सकती है, यह सुनिश्चित करने के लिए कि प्रस्तावित सार्वजनिक लाभ के लिए साइट का उपयोग किया जाता है।

### हामीदारी अनुशंसाएँ[25]


1. एक ही जगह के लिए कई आवेदक आवेदन कर सकते हैं। आवेदकों को साझा हितों और प्राथमिकताओं पर एक साथ काम करने के लिए कहा जा सकता है।
2. दो साल की अवधि के भीतर खर्च नहीं किए गए पुरस्कारों का सालाना पुनर्मूल्यांकन किया जाएगा ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि पुरस्कार सक्रिय रहना चाहिए या नहीं।
3. पूंजी अनुरोध परियोजना बजट में शामिल अन्य फंडर्स से लागत प्रति यूनिट और/या लागत प्रति वर्ग फुट अंडरराइटिंग मानकों के अनुरूप होना चाहिए।
4. यह सुनिश्चित करने के लिए अन्य निजी और सार्वजनिक फंडर्स के साथ समन्वय करें कि प्रस्ताव समान डिलिवरेबल्स के लिए डुप्लीकेट फंडिंग की मांग नहीं कर रहे हैं।
5. अनुमोदन और अंतिम अनुबंधों में यह सुनिश्चित करने के लिए कि परियोजना कानूनी आवश्यकताओं को पूरा करती है, और सार्वजनिक फंड्स के संभावित जोखिमों को पर्याप्त रूप से संबोधित करती है, फंडिंग की शर्तें शामिल हो सकती हैं।
6. अनुबंध उन मामलों में क्षमता निर्माण अनुदान के लिए सलाहकार खर्च पर प्रतिबंध लगा सकते हैं जहाँ आवेदक बाहरी विशेषज्ञता पर लंबी अवधि से अधिक निर्भर हो सकता है।
7. जहाँ विकास साझेदारी में जोख़िम और पुरस्कार साझेदार संगठनों के बीच समान रूप से साझा नहीं किए जाते हैं, वहाँ फंडिंग को प्रतिबंधित या अस्वीकार किया जा सकता है।

[25] सिएटल इक्विटेबल डेवलपमेंट इनिशिएटिव फंड दिशानिर्देशों से अनुकूलित

## टूल का उपयोग कैसे करें

टूल में पाँच अनुभाग शामिल हैं। प्रत्येक अनुभाग के लिए स्कोरिंग मानदंड परियोजना के डिज़ाइन और फंडिंग पुरस्कारों को सूचित करता है। एक निरंतरता पर स्कोर किया गया, प्रत्येक मानदंड एक मज़बूत प्रतिक्रिया के लिए अधिकतम 5 अंक अर्जित कर सकता है, जबकि अनुपस्थित या कमज़ोर प्रतिक्रिया 0 अंक अर्जित कर सकती है।

- **नीति, योजना और कार्यक्रम निर्णयों के लिए,** I-III अनुभागों को पूरा करें।
- **विस्थापन-विरोधी फंड क्षमता निर्माण प्रस्तावों के लिए**, I-III अनुभागों को पूरा करें।
- **विस्थापन रोधी निधि परियोजनाओं के लिए**, I-IV अनुभागों को पूरा करें। सभी प्रश्नों, I.1-3, II.A1-3, II.B1, II.C1-3, और IV.1-2, में प्रस्ताव के फंडिंग के लिए विचार किए जाने के लिए कम से कम 4 अंक प्राप्त होने चाहिए।
- खंड V का उपयोग विस्थापन-विरोधी फंड पुरस्कार निर्णयों के प्रत्येक दौर को अंतिम रूप देने से पहले किया जाना चाहिए।




**नीति, योजना और कार्यक्रम निर्णय**
I-III अनुभागों को पूरा करें।

**विस्थापन-विरोधी फंड क्षमता निर्माण प्रस्ताव**
I-III अनुभागों को पूरा करें।

**विस्थापन-विरोधी फंड परियोजनाएँ**
I-IV अनुभागों को पूरा करें। सभी प्रश्नों, I.1-3, II.A1-3, II.B1, II.C1-3, और IV. 1-2, में प्रस्ताव के फंडिंग के लिए विचार किए जाने के लिए कम से कम 4 अंक प्राप्त होने चाहिए।

**विस्थापन-विरोधी फंड आवंटन**
फंड पुरस्कार निर्णयों के प्रत्येक दौर को अंतिम रूप देने से पहले खंड V को पूरा करें।

*चित्र 19। टूल का उपयोग कैसे करें*

# नस्लीय समानता विस्थापन-विरोधी टूल

## I. कम्युनिटी संचालित: रिश्ते की गहराई और जवाबदेही

विस्थापन के बिना नस्लीय समानता और विकास को आगे बढ़ाने के लिए, सफल प्रस्तावों को:

A. एक स्थापित, जवाबदेह और समावेशी कम्युनिटीप्र क्रिया के माध्यम से विस्थापन के उच्च जोख़िम वाली कम्युनिटीज़ द्वारा उत्पन्न होना चाहिए;

B. विस्थापन के उच्च जोख़िम वाली कम्युनिटीज़ द्वारा स्थापित लक्ष्यों को प्राप्त करने की कोशिश करनी चाहिए;

C. प्रस्ताव के डिज़ाइन और कार्यान्वयन के दौरान भुगतान वाले निर्णय लेने वाले नेतृत्व में विस्थापन के उच्च जोख़िम वाली कम्युनिटीज़ के सदस्यों को शामिल करना चाहिए; और

D. विस्थापन के उच्च जोख़िम वाली कम्युनिटीज़ के प्रति जवाबदेही प्रदर्शित करनी चाहिए।

**विस्थापन-विरोधी फंड प्रस्तावों के लिए**
मानदंड 1-3 प्रत्येक में, प्रस्ताव के फंडिंग के लिए विचार किए जाने के लिए, 4 या उससे अधिक का स्कोर प्राप्त होना चाहिए।

| *मज़बूत (5 के योग्य)* | | *कमज़ोर (0 के योग्य)* | |
|---|---|---|---|
| **क्या यह प्रस्ताव....** | | *स्कोरिंग मानदंड* | **स्कोर** |
| 1. नस्लीय समानता विस्थापन-विरोधी टूल के विज़न को आगे बढ़ाता है? | ........या........ | क्या यह विज़न विस्थापन से सबसे अधिक प्रभावित लोगों के साथ बिना किसी परामर्श के तैयार किया गया था? | |
| 2. भविष्य के निर्णय लेने के लिए संस्थानों और विस्थापन के सबसे अधिक जोख़िम वाले लोगों के बीच कम्युनिटी भागीदारी के एक सहयोगी या सम्मानजनक मॉडल का उपयोग करता है? | ........या........ | पहले से किए गए निर्णयों के बारे में केवल विस्थापन के जोख़िम वाले लोगों को सूचित करता है या सभी को अनदेखा करता है? | |
| 3. विस्थापन से सबसे अधिक प्रभावित लोगों के लिए पारदर्शिता और निर्णय लेने और जवाबदेही के लिए नस्ल के आधार पर अलग-अलग किए गए डेटा का उपयोग करता है? | ........या........ | क्या यह स्पष्ट नहीं है, कि कैसे डेटा और निर्णय लेने की प्रक्रिया सबसे अधिक प्रभावित लोगों के लिए पारदर्शी और उनके प्रति जवाबदेह है? | |
| 4. पहले से स्थापित और समावेशी कम्युनिटी प्रयासों के परिणाम को दर्शाता है जिसमे विस्थापन से सबसे अधिक प्रभावित लोग शामिल थे? | ........या........ | क्या इस प्रस्ताव की ऐसे पूर्व सृजित कार्य से कोई समानता नहीं है? | |
| 5. ऐसा बजट शामिल है जो सभी कम्युनिटी भागीदारों और प्रतिभागियों को पर्याप्त और समान रूप से संसाधन देता है और कम्युनिटी गठबंधन निर्माण का समर्थन करता है? | ........या........ | क्या यह सहसाझेदारी कम्युनिटी भागीदारों और प्रतिभागियों के बिना प्रतिपूर्ति या कम भुगतान वाले कार्य पर निर्भर करता है? | |
| **I. कम्युनिटी संचालित - कुल स्कोर अधिकतम 25 अंक** | | | |

## II. कम्युनिटी प्राथमिकताएँ: नस्लीय समानता को बढ़ावा दें

विस्थापन के बिना नस्लीय समानता और विकास को आगे बढ़ाने के लिए, सफल प्रस्तावों को:

A. विस्थापन के दबाव को सार्थक रूप से कम करना चाहिए और विस्थापन के जोख़िम वाले लोगों के लिए अवसरों की कमी को पूरा करना चाहिए, जिसमें BIPOC परिवार, BIPOC के स्वामित्व वाले व्यवसाय, और BIPOC के नेतृत्व वाले सांस्कृतिक एंकर शामिल हैं (लोग);

B. विस्थापन के दबाव को सार्थक रूप से कम करना चाहिए और पूर्वी क्रिसेंट के ऐसे स्थानों में अवसरों की कमी को पूरा करना चाहिए जो विस्थापन के जोख़िम वाली कम्युनिटीज़, व्यवसायों और सांस्कृतिक एंकरों के लिए महत्वपूर्ण हैं (जगह); और

C. विस्थापन के जोख़िम वाली कम्युनिटीज़, व्यवसायों और सांस्कृतिक एंकरों के लिए सार्थक रूप से अवसरों की कमी को पूरा करना चाहिए (उद्देश्य)

### A. लोग

| | *मज़बूत (5 के योग्य)* | | *कमज़ोर (0 के योग्य)* | |
|---|---|---|---|---|
| | **क्या यह प्रस्ताव....** | | *स्कोरिंग मानदंड* | **स्कोर** |
| **विस्थापन-विरोधी फंड प्रस्तावों के लिए** मानदंड 1-3 प्रत्येक में, प्रस्ताव के फंडिंग के लिए विचार किए जाने के लिए, 4 या उससे अधिक का स्कोर प्राप्त होना चाहिए। | A1. स्पष्ट रूप से वर्णन करता है कि यह BIPOC परिवारों के लिए विस्थापन के दबाव को कैसे कम करता है, जिन्हें विस्थापन का ख़तरा है? | ........या........ | क्या यह इस बात पर विचार नहीं करता है कि इसके अनपेक्षित परिणाम BIPOC परिवारों पर विस्थापन के दबाव को कैसे बढ़ा सकते हैं? | |
| | A2. स्पष्ट रूप से वर्णन करता है कि यह BIPOC व्यवसाय के मालिकों के लिए विस्थापन के दबाव को कैसे कम करता है, जिन्हें विस्थापन का ख़तरा है? | ........या........ | क्या यह इस बात पर विचार नहीं करता है कि इसके अनपेक्षित परिणाम विस्थापन के जोख़िम में आने वाले BIPOC व्यवसाय के मालिकों पर विस्थापन के दबाव को कैसे बढ़ा सकते हैं? | |
| | A3. स्पष्ट रूप से वर्णन करता है कि यह BIPOC के नेतृत्व वाले संगठनों के लिए विस्थापन के दबाव को कैसे कम करता है, जिन्हें विस्थापन का ख़तरा है? | ........या........ | क्या यह इस बात पर विचार नहीं करता है कि इसके अनपेक्षित परिणाम विस्थापन के जोख़िम में आने वाले BIPOC के नेतृत्व वाले संगठनों पर विस्थापन के दबाव को कैसे बढ़ा सकते हैं? | |
| | A4. स्पष्ट रूप से वर्णन करता है कि यह प्राथमिकता वाली आबादी के लिए विस्थापन के दबाव को कैसे कम करता है, जिन्हें विस्थापन का ख़तरा है? | ........या........ | क्या यह इस बात पर विचार नहीं करता है कि इसके अनपेक्षित परिणाम प्राथमिकता वाली आबादी पर विस्थापन के दबाव को कैसे बढ़ा सकते हैं? | |
| | A5. स्पष्ट रूप से वर्णन करता है कि पूर्वी क्रिसेंट में BIPOC निवासियों, व्यवसायों या कम्युनिटी-आधारित संगठनों पर इसका लाभकारी प्रभाव कैसे पड़ता है? | ........या........ | क्या यह इस बात पर विचार नहीं करता है कि इसका पूर्वी क्रिसेंट में BIPOC लोगों और संस्थाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है? | |
| | A6. स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट करता है कि कौन सा नस्लीय, आय और स्थान मात्रात्मक और गुणात्मक डेटा इस प्रस्ताव को सूचित करता है? | ........या........ | क्या यह प्रस्ताव नस्लीय, आय, या स्थान डेटा पर विचार किए बिना या नस्लीय तटस्थता के ढोंग के साथ विकसित किया गया था? | |
| | A7. स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट करता है कि प्रस्ताव का उद्देश्य किन नस्लीय असमानताओं को कम करना या बंद करना है? | ........या........ | क्या यह इस बात पर विचार नहीं करता है कि इसके अनपेक्षित परिणाम नस्लीय असमानताओं को कैसे बढ़ा सकते हैं? | |
| | **II. कम्युनिटी प्राथमिकताएँ: A. लोग - कुल स्कोर (अधिकतम 35 अंक)** | | | |

## B. स्थान

| | मज़बूत (5 के योग्य) | | | कमज़ोर (0 के योग्य) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | **क्या यह प्रस्ताव...** | | | *स्कोरिंग मानदंड* | **स्कोर** |
| **विस्थापन-विरोधी फंड प्रस्तावों के लिए** मानदंड 1 को, प्रस्ताव के फंडिंग के लिए विचार किए जाने के लिए, 4 या उससे अधिक का स्कोर प्राप्त होना चाहिए। | B1. ट्रांज़िट निवेश का लाभ उठाने और लोगों के विस्थापन के दबाव को कम करने के लिए ईस्टर्न क्रिसेंट में किसी प्रोजेक्ट कनेक्ट स्टेशन के 1 मील के भीतर स्थित है? | ........या........ | | क्या यह प्रस्ताव पूर्वी क्रिसेंट में किसी प्रोजेक्ट कनेक्ट स्टेशन के 1 मील के भीतर स्थित नहीं है? | |
| | B2. शहर या अन्य सार्वजनिक स्वामित्व वाली, पहले से विकसित, और विकास योग्य भूमि और संपत्तियों का लाभ उठाकर विस्थापन विरोधी दबावों और अवसरों की कमी को दूर करने के लिए है? | ........या........ | | क्या यह विस्थापन विरोधी दबावों को कम करने और अवसरों की कमी को दूर करने के अलावा अन्य उद्देश्यों के लिए सार्वजनिक स्वामित्व वाली और विकास योग्य भूमि का उपयोग करने का प्रस्ताव करता है? | |
| | B3. स्पष्ट रूप से समझा रहा है कि यह विस्थापन जोख़िम श्रेणियों की विशेषताओं के साथ कैसे संरेखित होता है या तो यह पता करने के लिए कि क्या BIPOC कम्युनिटीज़ और कम आय वाले लोग विस्थापन के प्रति असुरक्षित हैं, सक्रिय रूप से विस्थापन का अनुभव कर रहे हैं, स्थाई ऐतिहासिक विस्थापन का अनुभव कर रहे हैं, या उन्हें किसी क्षेत्र से बाहर रखा गया है। | ........या........ | | क्या इस प्रस्ताव को विस्थापन की उन विशेषताओं पर विचार किए बिना विकसित किया गया था जो लक्षित क्षेत्र की कम्युनिटीज़ को अनुभव होती हैं? | |
| | **II. कम्युनिटी प्राथमिकताएँ: B. स्थान - कुल स्कोर (अधिकतम 15 अंक)** | | | | |

## C. उद्देश्य

**विस्थापन-विरोधी फंड प्रस्तावों के लिए**
मानदंड 1-3 प्रत्येक में, प्रस्ताव के फंडिंग के लिए विचार किए जाने के लिए, 4 या उससे अधिक का स्कोर प्राप्त होना चाहिए।

| *मज़बूत (5 के योग्य)* | | *कमज़ोर (0 के योग्य)* | |
|---|---|---|---|
| **क्या यह प्रस्ताव....** | | *स्कोरिंग मानदंड* | **स्कोर** |
| C1. कम से कम 3 नस्लीय समानता के चालकों को समान रूप से संबोधित करने के लिए पर्याप्त प्रयास का प्रतिनिधित्व करता है, जिसमें 1-3 चालकों में से कम से कम 1 शामिल हो? | ........या........ | क्या यह प्रस्ताव विशेष रूप से केवल एक नस्लीय समानता के चालक पर केंद्रित है जबकि अन्य को केवल आवेदन नियमों का पालन करने के लिए रखा गया है? | |
| C2. क्या यह प्रस्ताव विस्थापन-विरोधी फंड्स के उपयोग के लिए कम से कम एक प्राथमिकता के उद्देश्य को बढ़ावा देता है? | ........या........ | क्या प्रस्ताव सार्थक रूप से संबोधित नहीं करता है कि यह कम से कम एक प्राथमिकता के उद्देश्य को कैसे बढ़ावा देता है? | |
| C3. विस्थापन दबावों (उदाहरण के लिए रियल एस्टेट की अटकलों से बचाव) को स्पष्ट रूप से हटाकर मूल कारण स्तर पर विस्थापन को संबोधित करता है? | ........या........ | क्या यह प्रस्ताव केवल एक न्यूनतम या अस्थाई सुधार प्रदान करता है, लेकिन स्पष्ट रूप से विस्थापन के मूल कारण को संबोधित नहीं करता है? | |
| C4. समानता के चालकों को आगे बढ़ाने के लिए मापने योग्य परिणामों की पहचान करता है? | ........या........ | क्या यह प्रस्ताव आवश्यक संरचनाओं और उपायों की समझ को प्रदर्शित किए बिना केवल उपयुक्त शब्दावली का उपयोग करता है? | |
| C5. परियोजना और समानता के चालकों के बीच स्पष्ट संबंध दर्शाता है? | ........या........ | क्या इस प्रस्ताव में समानता के चालकों से कोई स्पष्ट संबंध नहीं है? | |
| C6. संपत्ति को कम्युनिटी स्वामित्व में स्थानांतरित करने का अवसर प्रदान करता है? | ........या........ | क्या यह बाज़ार-दर का विकास है, या क्या यह दीर्घकालिक समाधान (जैसे, किरायेदार द्वारा उसकी संपत्ति का अधिग्रहण या संपत्ति को किसी कम्युनिटी भूमि ट्रस्ट में शामिल करना) की बजाय केवल तात्कालिक संकट (जैसे, बेदखली रोकथाम या किराये की सहायता) को संबोधित करता है? | |
| C7. ऐतिहासिक अन्याय (उदाहरण के लिए उन कम्युनिटीज़ में निवेश करना जिन्होंने ऐतिहासिक विनिवेश का अनुभव किया या विस्थापित हुए, वरीयता नीति का समर्थन करना, आदि)? को संबोधित करता है? | ........या........ | क्या यह प्रस्ताव इस बात पर मौन है कि यह ऐतिहासिक अन्याय को कैसे संबोधित करता है और/या यह "बाज़ार" को औचित्य के रूप में संदर्भित करता है? | |
| C8. कम्युनिटी द्वारा पहचानी गई, किसी मौजूदा आवश्यकता को संबोधित करता है या सुविधा का लाभ उठाता है? | ........या........ | क्या यह प्रस्ताव कम्युनिटी की मौजूदा ज़रूरतों से संबंधित नहीं है? | |
| C9. क्या यह प्रस्ताव विस्थापन के जोख़िम वाली कम्युनिटीज़ की ज़रूरतों को पर्याप्त पैमाने पर संबोधित करता है, ताकि विस्थापन के जोख़िम वाली कम्युनिटीज़ के लिए वास्तविक लाभ पैदा किया जा सके? | ........या........ | क्या प्रस्तावित प्रभाव इतना कम है कि विस्थापन के जोख़िम वाली कम्युनिटीज़ को होने वाला लाभ ना के बराबर या अस्तित्वहीन होगा? | |
| **II. कम्युनिटी प्राथमिकताएँ: C. उद्देश्य - कुल स्कोर (अधिकतम 35 अंक)** | | | |

## III. कम्युनिटी सीमाएँ: विस्थापन नुकसान को रोकें

विस्थापन के बिना नस्लीय समानता और विकास को आगे बढ़ाने के लिए, प्रस्तावों में BIPOC निवासियों, व्यवसायों और कम्युनिटी संगठनों के लिए बढ़े हुए विस्थापन या आर्थिक नुकसान के खिलाफ़ कुछ सीमाएँ होनी चाहिए।

| *मज़बूत (5 के योग्य)* | | | *कमज़ोर (0 के योग्य)* | |
|---|---|---|---|---|
| **इस प्रस्ताव में....** | | | *स्कोरिंग मानदंड* | **स्कोर** |
| 1. क्या BIPOC कम्युनिटीज़ या कम आय वाले लोगों पर संभावित अनपेक्षित हानिकारक परिणाम स्पष्ट रूप से पहचाने गए हैं, और क्या नुकसान को कम करने के लिए सार्थक उपाय प्रस्तावित हैं? | ........या........ | क्या इससे BIPOC कम्युनिटीज़ या कम आय वाले लोगों पर असमान रूप से बोझ पड़ने की संभावना है? | | |
| 2. क्या यह स्पष्ट है कि उच्च जोख़िम वाली आबादी पर निम्न में से किसी भी प्रकार के विस्थापन दबाव को यह अपने योगदान के माध्यम से कैसे कम करता है या हल्का करता है: प्रत्यक्ष, आर्थिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय? | ........या........ | क्या यह इस बात पर बिलकुल भी विचार नहीं करता है कि इसके अनपेक्षित परिणाम केवल आर्थिक विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए इन आबादी पर प्रत्यक्ष, आर्थिक, सांस्कृतिक या पर्यावरणीय विस्थापन कैसे बढ़ा सकते हैं? | | |
| 3. क्या इस बात पर कोई विश्लेषण है कि इस प्रस्ताव से जुड़े वित्तीय लागतों (जैसे कर, बांड या शुल्क; उपयोग शुल्क या किराए; निर्माण और विकास लागत; आदि) का बोझ किसे वहन करना है या इससे किस-किस को लाभ होना है, और क्या लाभ और बोझ समान रूप से वितरित किए जाते हैं? | ........या........ | क्या BIPOC परिवार, व्यवसाय और/या कम्युनिटी संगठन लागत का एक असमान हिस्सा चुकाते हैं? | | |
| 4. क्या सभी निर्णयकर्ताओं ने Undoing Racism® कम्युनिटी ओर्गनइज़िंग वर्कशॉप में भाग लिया है और साथ ही "अपरूटेड" रिपोर्ट को भी पढ़ा है, और क्या वह अपने काम करने के ढंग में और साथ-साथ उनके प्रस्ताव के लक्ष्यों और परिणामों को आकार देने के लिए इन सामग्रियों का प्रभावी ढंग से उपयोग कर रहे हैं? | ........या........ | क्या सभी निर्णयकर्ता संस्थागत नस्लवाद को कायम रखते हुए, नस्लीय असमानताओं को बढ़ाकर और उन लोगों पर विस्थापन के दबाव को बढ़ाकर अधिक नुकसान पहुँचा रहे हैं, जिन्हें विस्थापन का सबसे अधिक ख़तरा है? | | |
| 5. क्या निर्वाचित या नियुक्त निर्णयकर्ताओं की आवश्यकता के कारण हितों के टकराव, या हितों के टकराव की उपस्थिति को रोकने के लिए मज़बूत संरचनाएँ हैं, जो खुद को या उनके परिवार के सदस्यों को उनको बचाने के प्रस्ताव से आर्थिक रूप से लाभान्वित कर सकते हैं? | ........या........ | क्या इस बात की संभावना है कि सभी निर्णयकर्ता अपने स्वार्थ से प्रेरित हों? | | |
| **III. कम्युनिटी सीमाएँ - कुल स्कोर (अधिकतम 25 अंक)** | | | | |

## IV. तर्कशीलता - केवल विस्थापन-विरोधी फंड के लिए

यह महत्वपूर्ण है कि इस प्रस्ताव को सफलतापूर्वक लागू किया जा सके।

| | *मज़बूत (5 के योग्य)* | | *कमज़ोर (0 के योग्य)* | |
|---|---|---|---|---|
| | **इस प्रस्ताव में....** | | *स्कोरिंग मानदंड* | **स्कोर** |
| मानदंड 1-2 प्रत्येक में, प्रस्ताव के फंडिंग के लिए विचार किए जाने के लिए, 4 या उससे अधिक का स्कोर प्राप्त होना चाहिए। | 1.क्या आवेदक का नेतृत्व (बोर्ड और कार्यकारी) सेवा की जा रही कम्युनिटी के नस्लीय / नस्लीय जनसांख्यिकी को दर्शाता है? | ........या........ | क्या आवेदक का नेतृत्व (बोर्ड और कार्यकारी) सेवा की जा रही कम्युनिटी के नस्लीय / नस्लीय जनसांख्यिकी को नहीं दर्शाता है? | |
| | 2. क्या यह परियोजना बजट प्रस्ताव में सभी कम्युनिटी भागीदारों को पर्याप्त रूप से संसाधन देता है? | ........या........ | क्या यह परियोजना भागीदार संगठनों और निवासियों के बिना प्रतिपूर्ति या कम भुगतान वाले कार्य पर निर्भर करती है? | |
| | 3. क्या आवेदक, औपचारिक भागीदारी सहित प्रस्तावित क्षमता-निर्माण प्रयासों को ध्यान में रखते हुए, प्रस्ताव को पूरा करने की क्षमता रखता है? | ........या........ | क्या इस प्रस्ताव का पूरा होना इस संगठन की क्षमता से स्पष्ट रूप से बाहर है? | |
| | 4. क्या आवेदक को इस बात का स्पष्ट अंदाज़ा है कि पिछले उदाहरणों के साथ प्रदर्शित प्रस्ताव के प्रोग्रामिंग पहलुओं पर कैसे अमल किया जाए? | ........या........ | क्या परियोजना के वास्तविक संचालन पूरी तरह सैद्धांतिक हैं? | |
| | 5. क्या प्रस्ताव वास्तविक लागतों को दर्शाता है और समान रूप से BIPOC कर्मचारियों और भागीदारों को निधि देता है? | ........या........ | क्या प्रस्ताव वास्तविक लागतों को नहीं दर्शाता है और असमान रूप से BIPOC कर्मचारियों और भागीदारों को निधि देता है? | |
| | 6. क्या प्रस्ताव में संभावित जोखिमों और न्यूनीकरण की पर्याप्त रूप से पहचान की गई है? | ........या........ | क्या ऐसे महत्वपूर्ण मुद्दे हैं जिन पर ध्यान नहीं दिया गया है जो परियोजना की सफलता को सीमित कर सकते हैं? | |
| | **IV. तर्कशीलता - कुल स्कोर (अधिकतम 30 अंक)** | | | |

| | **कुल योग** |
|---|---|
| **I. कम्युनिटी संचालित: रिश्ते की गहराई और जवाबदेही** | |
| **II. कम्युनिटी प्राथमिकताएँ: नस्लीय समानता को बढ़ावा दें - A. लोग** | |
| **II. कम्युनिटी प्राथमिकताएँ: नस्लीय समानता को बढ़ावा दें - B. स्थान** | |
| **II. कम्युनिटी प्राथमिकताएँ: नस्लीय समानता को बढ़ावा दें - C. उद्देश्य** | |
| **III. कम्युनिटी सीमाएँ: विस्थापन नुकसान को रोकें** | |
| **IV. तर्कशीलता - केवल विस्थापन-विरोधी फंड के लिए** | |
| ***संयुक्त योग*** | |

## बैलेंस्ड फंड पोर्टफोलियो आवश्यकताएँ - केवल विस्थापन-विरोधी फंड के लिए

प्रत्येक दौर में और समग्रता में पोर्टफोलियो में, संतुलित निवेश का लक्ष्य है। उदाहरण के लिए, किफ़ायती आवास जैसे एक उपयोग के लिए पूरी तरह से आवंटित करने की बजाय, विस्थापन के दबावों को दूर करने के लिए धन को प्राथमिकता के उद्देश्यों में वितरित किया जाना चाहिए। अंतिम विस्थापन-विरोधी फंड पुरस्कार निर्णयों से पहले, मूल्यांकनकर्ताओं को कम्युनिटी, विस्थापन दबावों, और इस दौर में अन्य प्रस्तावों के साथ-साथ पूरे पोर्टफोलियो के वर्तमान संदर्भ के भीतर उच्च स्कोरिंग प्रस्तावों की समीक्षा करने के लिए ध्यान देना चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि फंडेड परियोजनाएँ निम्नलिखित का संतुलन हासिल करें:

### लोग

- प्राथमिकता वाली आबादी का संतुलन

### स्थान

- विभिन्न विस्थापन जोख़िम श्रेणियों (असुरक्षित, सक्रिय, स्थाई) में पूर्वी क्रिसेंट के भीतर मोहल्लों का संतुलन

### उद्देश्य

- आगे विस्थापन को रोकने, सक्रिय विस्थापन को संबोधित करने, या पहले से विस्थापित लोगों को होने वाले नुकसान के निवारण के लिए विभिन्न विस्थापन जोख़िम श्रेणियों के क्षेत्रों में परियोजनाओं का संतुलन
- सॉफ्ट (कम्युनिटीऔर संगठनात्मक क्षमता-निर्माण) और हार्ड निवेश (भूमि, निर्माण, या कार्यक्रम) के लिए प्राथमिकताओं का संतुलन
- परियोजनाओं का एक संतुलन जो सहयोग को मज़बूत करता है और विस्थापन से लड़ने के लिए फंडर नेटवर्क, सरकारी एजेंसियों और कम्युनिटी गठबंधनों में संयुक्त राजनीतिक इच्छाशक्ति का निर्माण करता है
- परियोजनाओं का एक संतुलन, जो सामान्य सार्वजनिक फंडिंग स्रोतों से परे सिस्टम में बदलाव और नवाचार करने की संभावना रखता है

# कम्युनिटी के नेतृत्व में कार्यान्वयन और जवाबदेही



# अध्याय 5: कम्युनिटी के नेतृत्व में कार्यान्वयन और जवाबदेही


### नस्लीय समानता विस्थापन-विरोधी टूल का उपयोग करके विस्थापन से सबसे अधिक प्रभावित लोगों का शक्ति निर्माण

एक जवाबदेह और कम्युनिटी के नेतृत्व वाले तरीके से टूल को लागू करने के लिए नीचे वर्णित संरचना और कार्यों में सरकार और व्यापक कम्युनिटी दोनों के भीतर परिवर्तनकारी परिवर्तन पैदा करने की क्षमता है। इसके अनुसार प्रोजेक्ट कनेक्ट भागीदारों को नवाचार, प्रयोग, सीखने और चल रहे सुधार को अपनाने की आवश्यकता होती है। संरचना और कार्य निम्नलिखित हैं:

1. एक आंतरिक और बाहरी जवाबदेही संरचना का निर्माण करें
2. आत्मनिर्णय और स्वामित्व के लिए कम्युनिटी शक्ति का निर्माण और संसाधन करें
    ए. कम्युनिटी क्षमता निर्माण फंड स्थापित करें
    बी. निर्णय लेने की शक्ति को कम्युनिटी में स्थानांतरित करें
3. न्यायसंगत निर्णय लेने की प्रक्रिया के लिए सिद्धांत और सीमाएँ स्थापित करें
4. समानता के चालकों, प्राथमिकता के उद्देश्यों और संतुलित आवंटन प्राथमिकताओं को संबोधित करने के लिए विस्थापन-विरोधी फंड को डिज़ाइन करें
5. विस्थापन विरोधी प्रभाव का लाभ उठाने के लिए सिस्टम में बदलाव करें
6. एक क्रॉस-डिपार्टमेंट नस्लीय समानता विस्थापन-विरोधी कोर टीम का गठन करें
7. प्रगति और परिणामों पर निगरानी और रिपोर्ट करें

## 1. एक आंतरिक और बाहरी जवाबदेही संरचना का निर्माण करें

सफलता के लिए सरकार और कम्युनिटी नेतृत्व के बीच निरंतर साझेदारी की आवश्यकता होती है। कम्युनिटी के नेतृत्व वाली निर्णय लेने की प्रक्रिया और एक स्पष्ट सरकारी जवाबदेही संरचना की आवश्यकता होती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि निर्णय न्यायसंगत परिणामों की ओर ले जाए। **नेतृत्व, स्टाफ क्षमता, आंतरिक जवाबदेही,** और **बाहरी जवाबदेही** सभी विस्थापन से प्रभावित लोगों की शक्ति को बदलने के लिए महत्वपूर्ण हैं ताकि उन्हें ऑस्टिन के विकास में अधिक आत्मनिर्णय हो सके। ये चार क्वाड्रेंट एक जवाबदेही संरचना के लिए एक रूपरेखा बनाते हैं, जिसकी चर्चा नीचे और विस्तार से की गई है।




*चित्र 20। सिएटल इक्विटेबल डेवलपमेंट इनिशिएटिव इम्प्लीमेंटेशन फ्रेमवर्क से अनुकूलित चित्र*

## नेतृत्व

चुने गए शहर के अधिकारियों, ऑस्टिन ट्रांज़िट पार्टनरशिप बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स, और कैपिटल मेट्रो के नेताओं को सभी प्रोजेक्ट कनेक्ट निर्णयों में नस्लीय समानता को प्राथमिकता देने और संबोधित करने की तात्कालिकता के बारे में अधिक-से-अधिक सार्वजनिक और आंतरिक जागरूकता को बढ़ाना और प्रदर्शित करना जारी रखना चाहिए। एजेंसी के नेताओं को बजट संसाधनों को प्राथमिकता देनी चाहिए, बाहरी भागीदारी विकसित करनी चाहिए, कर्मचारियों को नेतृत्व करने के लिए विकसित और सक्षम करना चाहिए, और सफलता के रास्ते में आने वाली बाधाओं को सक्रिय रूप से दूर भी करना चाहिए।

## कर्मचारियों की क्षमता

इसमें शामिल सभी एजेंसी कर्मचारियों को समानता के मुद्दों की पहचान करने और उन पर कार्रवाई करने के लिए प्रशिक्षण, संसाधन और समर्थन दिया जाना चाहिए, और उन्हें नए ज्ञान और प्राथमिकताओं के अनुसार अपने कर्तव्यों को निष्पादित करने का आदेश मिलना चाहिए। इसका मतलब है कि उन्हें कम-से-कम टूल की समझ, कम्युनिटी के नेताओं के साथ साझेदारी करना, और निर्णय लेने के लिए नस्लीय रूप से अलग-अलग डेटा एकत्र करना और उसका उपयोग करना आना चाहिए। टूल के उपयोग में नस्लीय समानता और कम्युनिटी की आवाज़ों को लगातार केन्द्रित करने के लिए शहर के इक्विटी ऑफिस को डिस्प्लेसमेंट प्रिवेंशन डिवीज़न के साथ घनिष्ठ साझेदारी में काम करना चाहिए।

## आंतरिक जवाबदेही

टूल के उपयोग के माध्यम से समानता को प्राथमिकता देने और बढ़ावा देने के लिए ऑस्टिन शहर के आंतरिक तंत्र में टूल के उपयोग को सुविधाजनक बनाने के लिए एक चालू क्रॉस-डिपार्टमेंटल समन्वय टीम, विस्थापन-विरोधी फंड के लिए प्रशासनिक सहायता और एक मज़बूत निगरानी कार्यक्रम शामिल होना चाहिए। ऑस्टिन के इक्विटी अधिकारी और कम्युनिटी डिस्प्लेसमेंट प्रिवेंशन ऑफिसर को प्रोजेक्ट कनेक्ट लीडरशिप और क्रॉस-डिपार्टमेंटल समन्वय टीम के साथ मिलकर काम करना चाहिए ताकि कार्यान्वयन ढाँचे के चार क्वाड्रेंट का समर्थन और समन्वय किया जा सके।

## बाहरी जवाबदेही

विस्थापन से सबसे अधिक प्रभावित कम्युनिटीज़ को असमान विकास के बोझ और कम्युनिटी द्वारा डिज़ाइन किए गए समाधानों की प्रभावशीलता की एक परिष्कृत समझ है। संस्थानों को इन कम्युनिटीज़ के नेतृत्व और विशेषज्ञता का मान करना चाहिए और उनके प्रति जवाबदेह होना चाहिए। संस्थागत परिवर्तन और टूल कार्यान्वयन की इस आगामी अवधि के दौरान इन कम्युनिटीज़ के साथ सरकारों की भुगतान सम्मिलित भागीदारी महत्वपूर्ण होगी। प्रोजेक्ट कनेक्ट संसाधनों को पहले इन नेताओं, संगठनों और गठबंधनों को उपलब्ध कराया जाना चाहिए ताकि उनकी विशेषज्ञता नीतियों, कार्यक्रमों और निवेशों को आकार देने में मदद कर सके। इसमें निम्नलिखित के लिए फंडिंग शामिल है:

- विस्थापन विरोधी समाधानों को लागू करने के लिए गहन और सतत कम्युनिटी क्षमता निर्माण,
- नियोजन में दीर्घकालिक कम्युनिटी नेतृत्व,
- निर्णय लेने वाली संरचनाओं में भुगतान सहित भागीदारी, और
- प्रोजेक्ट कनेक्ट और विस्थापन-विरोधी फंड के कम्युनिटी कल्याण और विस्थापन जोख़िम पर प्रभाव, और प्रोजेक्ट कनेक्ट और विस्थापन-विरोधी फंड को जवाबदेह ठहराने की रिपोर्ट।

## 2. आत्मनिर्णय और स्वामित्व के लिए कम्युनिटी शक्ति का निर्माण और संसाधन करें

विस्थापन के दबावों से सबसे अधिक प्रभावित लोगों की कम्युनिटी शक्ति का निर्माण टूल के विकास और उपयोग के लिए प्राथमिकता है। टूल बनाने में, सक्रिय सदस्यों (कैटलिस्ट) ने इस बात पर ज़ोर दिया कि टूल का उपयोग और विस्थापन-विरोधी निवेश, कम्युनिटी को भुगतान किए गए निर्णय लेने वाली संरचनाओं में केंद्रित करके शक्ति को पुनर्संतुलित करे।
सक्रिय सदस्य (कैटलिस्ट) आम सहमति में थे कि प्रोजेक्ट कनेक्ट निर्णय लेने वाली संरचनाओं को कम्युनिटी के साथ साझेदारी के सहयोगी या सम्मानजनक मॉडल का उपयोग करना चाहिए।
इन संरचनाओं को अधिकार की स्पष्ट मान्यता और कम्युनिटी के नेताओं और कम्युनिटी-आधारित संगठनों के नेतृत्व और/या सार्थक रूप से भाग लेने के लिए प्रारंभिक और निरंतर वित्त पोषण की आवश्यकता होती है।

### कम्युनिटी क्षमता निर्माण फंड स्थापित करें

$300 मिलियन के विस्थापन-विरोधी फंड में से $27 मिलियन का उद्देश्य BIPOC के नेतृत्व वाले और BIPOC- सेवारत कम्युनिटी-आधारित संगठनों का समर्थन करना है जो सफल परिणाम प्रदान करते हैं। अनुदान समझौते के लिए आवश्यक होगा कि इसको प्राप्त करने वाला विशिष्ट डिलिवरेबल्स और बेंचमार्क प्रदर्शित करे, जो यह दर्शाते हों कि विस्थापन के दबाव को कम करने और विस्थापन के जोख़िम वाले लोगों के लिए अवसरों की कमी को पूरा करने के लिए टूल के प्रस्तावित परिणामों को वितरित करने में अतिरिक्त क्षमता कैसे उनकी सहायता करने में सक्षम होगी। धन के उपयोग में गठबंधन भागीदारों को शामिल करने के लिए संगठनों को दृढ़ता से प्रोत्साहित किया जाता है, और जो बार-बार बेंचमार्क को पूरा करने में विफल रहते हैं, वे आगे की भागीदारी को खो सकते हैं।

कम्युनिटी क्षमता निर्माण फंड की स्थापना निम्नलिखित श्रेणियों के उपयोगों के लिए की जानी चाहिए:

1. **कम्युनिटी नेतृत्व:** गठबंधन बनाएँ, और कम्युनिटी के उभरते नेताओं को प्रशिक्षित करें।
2. **परियोजनाओं की कम्युनिटी पाइपलाइन:** परियोजनाओं के प्रस्ताव और कार्यान्वयन के लिए तैयार करने के लिए BIPOC के नेतृत्व वाले संगठनों और BIPOC के स्वामित्व वाले व्यवसायों की क्षमता का निर्माण करें, जिसमें संभावित रूप से कर्मचारियों को काम पर रखने और प्रशिक्षण देने, तकनीकी सहायता के लिए अनुबंध, रणनीतिक योजना और संसाधन विकास शामिल हो।

3. **कम्युनिटी भागीदारी:** प्रोजेक्ट कनेक्ट के आसपास विस्थापन से प्रभावित कम्युनिटीज़ तक पहुँच और जुड़ाव के लिए सिटी, ऑस्टिन ट्रांज़िट पार्टनरशिप और कैपिटल मेट्रो के साथ साझेदारी करने के लिए BIPOC के नेतृत्व वाले संगठनों की क्षमता का निर्माण करें।

4. **कम्युनिटी योजना**: परियोजनाओं के लिए BIPOC कम्युनिटी के नेतृत्व वाली नियोजन गतिविधियाँ जिनके लिए बाद में विस्थापन-विरोधी फंड से बड़ी डॉलर पूंजी की आवशयकता होगी, जैसे कि कम्युनिटी कार्यशालाएँ, कार्यक्रम, अनुसंधान, दूरदर्शिता और साइट डिज़ाइन।

## निर्णय लेने की शक्ति को कम्युनिटी में स्थानांतरित करें

स्वामित्व के लिए कम्युनिटी जुड़ाव के स्पेक्ट्रम (अगले पृष्ठ पर) का उपयोग टूल का उपयोग करने के लिए निर्णय लेने वाली संरचनाओं को डिज़ाइन और मूल्यांकन करने के लिए किया जाना चाहिए, और यह तय करने के लिए कि कौन से प्रस्ताव विस्थापन-विरोधी फंड से संसाधन प्राप्त कर सकते हैं।[26]

[26] स्वामित्व के लिए कम्युनिटी जुड़ाव का स्पेक्ट्रम

को ऑनलाइन की देखने के लिए यहां या इमेज पर क्लिक करें

▸ निर्णय लेने और समाधान कार्यान्वयन की दक्षता में वृद्धि समानता

| | 0 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **कम्युनिटी के प्रति रुख** | **अनदेखा करें** | **सूचित करें** | **परामर्श करें** | **शामिल करें** | **सहयोग करें** | **मान करें** |
| **प्रभाव** | **हाशियाकरण** | **तैयारी या संतुष्ट करना** | **सीमित आवाज़ या टोकनाइज़ेशन** | **आवाज़** | **प्रत्यायोजित शक्ति** | **कम्युनिटी स्वामित्व** |
| **कम्युनिटी व्यस्तता के लक्ष्य** | निर्णय लेने की प्रक्रियाओं तक पहुँच ना प्रदान करें | कम्युनिटी को प्रासंगिक जानकारी प्रदान करें | कम्युनिटी से इनपुट इकट्ठा करें | सुनिश्चित करें कि कम्युनिटी की ज़रूरतों और संपत्तियों को प्रक्रिया में एकीकृत किया गया है और योजना को सूचित करें | निर्णय लेने और निर्णयों के कार्यान्वयन में नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए कम्युनिटी की क्षमता को सुनिश्चित करें। | कम्युनिटी संचालित निर्णय लेने के माध्यम से लोकतांत्रिक भागीदारी और समानता को बढ़ावा दें; कम्युनिटी और शासन के बीच की दूरी को कम करें |
| **कम्युनिटी के लिए संदेश** | *आपकी आवाज़, ज़रूरतें और रुचियाँ मायने नहीं रखती* | *हम आपको सूचित करते रहेंगे* | *हमें आपकी सोच की परवाह है* | *आप हमें इस मुद्दे के बारे में अलग तरह से सोचने (और इसलिए कार्य करने) पर मजबूर कर रहे हैं* | *आपका नेतृत्व और विशेषज्ञता इस बात के लिए महत्वपूर्ण है कि हम इस मुद्दे का समाधान कैसे करते हैं* | *परिवर्तनकारी समाधानों के लिए सामूहिक शक्ति और क्षमता को अनलॉक करने का समय आ गया है* |
| **गतिविधियाँ** | बंद कमरे में होने वाली बैठक<br>झूठी खबर<br>व्यवस्थित रूप से मताधिकार से वंचित करना<br>मतदाता दमन | तथ्य पत्रक ओपन हाउस प्रस्तुतियाँ बिलबोर्ड वीडियो | सार्वजनिक टिप्पणी फोकस समूह कम्युनिटी मंच सर्वेक्षण | कम्युनिटी आयोजन और वकालत<br>इंटरैक्टिव कार्यशालाएँ<br>मतदान<br>कम्युनिटी फ़ोरम्स<br>नागरिक मतदान के साथ ओपन प्लानिंग फोरम | कम्युनिटी आधारित संगठनों के साथ समझौता ज्ञापन<br>नागरिक सलाहकार समितियाँ<br>सहयोगात्मक डेटा विश्लेषण<br>समाधानों का सह-डिज़ाइन और सह-कार्यान्वयन<br>सहयोगात्मक निर्णय-लेना | कम्युनिटी द्वारा संचालित योजना और शासन<br>सर्वसम्मति बनाना<br>सहभागी कार्रवाई अनुसंधान<br>सहभागी बजट सहकारी मॉडल |
| **संसाधन आवंटन अनुपात** | **100%**<br>सिस्टम एडमिन | **70-90%**<br>सिस्टम एडमिन<br>**10-30%**<br>प्रोमोशंस और प्रचार | **60-80%**<br>सिस्टम एडमिन<br>**20-40%**<br>परामर्श गतिविधियाँ | **50-60%**<br>सिस्टम एडमिन<br>**40-50%**<br>कम्युनिटी भागीदारी | **20-50%**<br>सिस्टम एडमिन<br>**50-70%**<br>कम्युनिटी भागीदार | **80-100%**<br>कम्युनिटी भागीदार और कम्युनिटी द्वारा संचालित प्रक्रियाएँ आदर्श रूप से नए मूल्य और संसाधन उत्पन्न करती हैं जिन्हें समाधानों में निवेश किया जा सकता है |

# 3. न्यायसंगत निर्णय लेने की प्रक्रिया के लिए सिद्धांत और सीमाएँ स्थापित करें

न्यायसंगत निर्णय लेने के लिए सिद्धांत और सीमाएँ टूल के दुरुपयोग और विस्थापन-विरोधी निधि के गलत खर्च से बचाने के लिए महत्वपूर्ण तत्व हैं। इन्हें प्रोजेक्ट कनेक्ट कार्यान्वयन संरचनाओं के गवर्निंग दस्तावेज़ों में शामिल किया जाना चाहिए।

## सिद्धांत

1. विस्थापन के सबसे अधिक जोख़िम में आने वाले BIPOC लोगों के विज़न और लक्ष्यों को प्राथमिकता दें
2. विस्थापन के सबसे अधिक जोख़िम में आने वाले BIPOC लोगों के प्रति जवाबदेह बनें
3. निर्णय लेने के लिए विस्थापन के सबसे अधिक जोख़िम में आने वाले BIPOC लोगों को अधिकार दें; उन्हें उनकी विशेषज्ञता के लिए मुआवज़ा दें
4. इस कार्य को पूरा करने के लिए कम्युनिटी की आयोजन और निर्माण शक्ति संसाधित करें
5. प्रोजेक्ट कनेक्ट से परे टूल के उपयोग के माध्यम से संस्थानों में बदलाव लाएँ

## सीमाएँ

1. निर्वाचित और नियुक्त अधिकारियों के हितों के टकराव को दूर करें: उदाहरण के लिए, ऐसे अधिकारी जो जमींदार हैं, जिन्हें संभावित फंड आवेदकों से धन सहायता प्राप्त हुई है, आदि।
2. सभी निर्णयों, खर्च किए गए फंड्स, किए गए कार्यों, इनसे किसको लाभ होगा, आगे क्या होने वाला है आदि पर पूर्ण सार्वजनिक पारदर्शिता प्रदान करें।
3. सभी निर्वाचित अधिकारियों, बोर्ड और आयोग के सदस्यों, और प्रोजेक्ट कनेक्ट पर काम करने वाले सरकारी कर्मचारियों के लिए Undoing Racism® कम्युनिटी ओर्गनइज़िंग वर्कशॉप और अभ्यास की आवश्यकता को सुनिश्चित करें।
4. परिषद और मीडिया के ध्यान के साथ BIPOC कम्युनिटीज़ को वार्षिक निगरानी कार्यक्रम की रिपोर्ट दें, जिसमें कम्युनिटी-स्तर के परिणाम, प्रारंभिक चेतावनी संकेत, प्रदर्शन मापदंड, और निर्णय लेने और कार्यान्वयन में जवाबदेही शामिल है
5. शहर के नेताओं द्वारा असमान निर्णय लेने के परिणामों को लागू करना; यानी, निर्णय लेने का अधिकार छीन लें

## कम्युनिटी टूल का उपयोग करती है और विस्थापन-विरोधी फंड को नियंत्रित करती है

सक्रिय सदस्यों (कैटलिस्ट) ने सर्वसम्मति से कहा कि विस्थापन से सबसे अधिक प्रभावित कम्युनिटीज़ के सदस्यों को टूल का उपयोग करने और विस्थापन विरोधी फंड की निगरानी में भूमिका निभानी चाहिए। CAC इस बात को बढ़ावा देगी कि विस्थापन के दबाव से सबसे ज़्यादा

प्रभावित लोगों का निर्णय लेने वाला बनना ज़रूरी है। इसके लिए, CAC प्रोजेक्ट कनेक्ट निर्णयों के लिए टूल के उपयोग को बढ़ावा देगा और सबसे अधिक प्रभावित लोगों के निर्णयों का समर्थन करेगा। हालांकि इस संबंध का रूप अभी निर्धारित नहीं किया गया है, लेकिन यह कार्य स्पष्ट है। विस्थापन से सर्वाधिक प्रभावित कम्युनिटीज़ को निम्न के लिए टूल का उपयोग करना चाहिए:

1. **विस्थापन-विरोधी फंड का मार्गदर्शन।** संभावित ज़िम्मेदारियों में फंड लक्ष्यों और दिशानिर्देशों का डिज़ाइन और अनुमोदन, वार्षिक बजट आवंटन खर्च योजना, प्रस्ताव मानदंड के लिए अनुरोध और हामीदारी मानदंड शामिल हैं।
2. **विस्थापन-विरोधी फंड पुरस्कार के निर्णय लेना।** इसमें प्रस्तावों को स्कोर करना और पुरस्कार राशि के लिए सिफारिशें करना शामिल है।
3. **इस टूल में व्यक्त नस्लीय समानता की रूपरेखा और प्राथमिकताओं के अनुसार विस्थापन-विरोधी फंड खर्च करने के लिए ऑस्टिन शहर को जवाबदेह ठहराना।** इसमें स्वतंत्र रूप से विस्थापन-विरोधी फंड के प्रदर्शन और प्रक्रिया की सफलता की निगरानी और मूल्यांकन शामिल है। यदि कोई मूल्यांकन पाता है कि धन नस्लीय समानता की रूपरेखा और टूल में व्यक्त प्राथमिकताओं के संरेखण से बाहर खर्च किया गया था, तो एक BIPOC के नेतृत्व वाले और BIPOC- सेवारत कम्युनिटी-आधारित संगठन को शहर के नियंत्रण से स्वतंत्र कार्यक्रम का प्रबंधन करने का अधिकार दिया जाना चाहिए।

4. **प्रोजेक्ट कनेक्ट योजना और नीतिगत निर्णयों का मूल्यांकन करें।** प्राथमिकता के क्रम में लिखे गए प्रोजेक्ट कनेक्ट के निम्नलिखित तत्वों को, डिज़ाइन और निर्णय लेने के लिए टूल का उपयोग करना चाहिए:

   ए. मोहल्ले के लिए विस्थापन विरोधी रणनीतियाँ

   बी. स्थानीय BIPOC फर्मों और निवासियों को अनुबंधित करना और काम पर रखना

   सी. छोटे व्यवसायों, मकान मालिकों और किराएदारों के लिए आउटरीच और स्थानांतरण सहायता कार्यक्रम

   डी. स्टेशनों के आसपास पुनर्विकास योजनाएँ (जैसे परिवहन-उन्मुख विकास नीतियाँ और जोनिंग योजनाएँ)

   ई. रास्ते के अधिकारों के लिए संपत्तियाँ खरीदना

   एफ. लाइट रेलवे स्टेशनों के लिए स्थान चुनना

   जी. सरप्लस ऑस्टिन ट्रांज़िट पार्टनरशिप, कैपिटल मेट्रो और सिटी प्रॉपर्टी का इस्तेमाल

   एच. पार्क और राइड स्थानों की नियुक्ति और योजना

## 4. टूल प्राथमिकताओं के साथ विस्थापन रोधी फंड को डिज़ाइन करें

जैसा कि सक्रिय सदस्यों (कैटलिस्ट) ने टूल को डिज़ाइन किया था, उन्होंने विस्थापन-विरोधी फंड के लिए प्राथमिकताओं पर दिशा प्रदान की: कि किन लोगों और मोहल्लों को इससे लाभ होना चाहिए, और किस उद्देश्य के लिए यह फंड प्रदान किए जाने चाहिए। नीचे सूचीबद्ध लोगों, स्थान और उद्देश्य प्राथमिकताओं, संतुलित आवंटन प्राथमिकताओं सहित, को शहर की व्यय योजना में संहिताबद्ध किया जाएगा। तब टूल का उपयोग प्रस्तावों को स्कोर करने के लिए किया जा सकता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि व्यक्तिगत परियोजनाएँ सामूहिक रूप से इन प्राथमिकताओं को प्राप्त कर सकें।

**लोग:** विस्थापन के जोख़िम वाले अश्वेत, स्वदेशी और विभिन्न नस्लों और रंगों के लोग विस्थापन विरोधी निवेशों से लाभान्वित होने वाली प्राथमिकता वाली आबादी हैं। अध्याय 1 में प्राथमिकता आबादी का अधिक विशिष्ट रूप से वर्णन किया गया है।

**स्थान:** ईस्टर्न क्रिसेंट में प्रोजेक्ट कनेक्ट स्टेशन के 1 मील के भीतर के मोहल्लों में विस्थापन-विरोधी निवेश की सबसे बड़ी आवश्यकता है। अधिक जानकारी के लिए अध्याय 1 देखें।

**उद्देश्य:** सबसे बड़े से सबसे छोटे आवंटन के क्रम में प्राथमिकता के उद्देश्यों को नीचे संक्षेप में प्रस्तुत किया गया है। अध्याय 1 में वर्णित अतिरिक्त विवरण के लिए लिंक पर क्लिक करें।

1. किफ़ायती आवास: मोहल्ले के उन निवासियों के लिए किफ़ायती किराये और स्वामित्व वाले आवास की खरीद, संरक्षण और निर्माण करें, जो या तो वर्तमान में विस्थापन के जोख़िम में हैं या जो अतीत में विस्थापित हो गए थे।
2. BIPOC के स्वामित्व वाले व्यवसाय: संसाधन और किफ़ायती वाणिज्यिक स्थान बनाएँ ताकि BIPOC के स्वामित्व वाले व्यवसाय फल-फूल सकें।
3. तत्काल BIPOC निवासी विस्थापन को कम करें: विस्थापन के जोख़िम वाले लोगों को नकद सहायता, किराया और संपत्ति कर राहत प्रदान करें।
4. उच्च गुणवत्ता वाली नौकरियाँ: बुनियादी भुगतान वाली नौकरियों के रास्ते में आने वाली बाधाओं को दूर करें, और उन तक पहुँच का रास्ता बनाएँ।
5. सांस्कृतिक एंकर: BIPOC द्वारा संचालित गैर-लाभकारी संगठनों का समर्थन करें जो विशिष्ट सांस्कृतिक कम्युनिटीज़ को समर्थन देने और उन्हें बनाए रखने के लिए सेवाएँ प्रदान करते हैं और वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों के लिए उनकी संस्कृतियों को बनाए रखते हैं और उनका मान रखते हैं।
6. लैंड बैंक: कम्युनिटी के नेतृत्व वाली परियोजनाओं के लिए भूमि खरीदें।
7. कम्युनिटी की शक्ति और क्षमता: कम्युनिटी विकास निगम (CDCs), गठबंधन, नेतृत्व विकास और कम्युनिटी आयोजन का गठन करें।
8. किरायेदार और गृहस्वामी के अधिकारों को मज़बूत करें: किरायेदारों और मकान मालिकों को अनुचित और निहित स्वार्थ की गतिविधियों से बचाने के लिए कानूनी और वित्तीय सहायता प्रदान करें।

## 5. विस्थापन विरोधी प्रभाव का लाभ उठाने के लिए सिस्टम परिवर्तन के लिए सिफारिशें

नीतियों, प्रथाओं और संस्थानों में खर्च के सिस्टम परिवर्तन विस्थापन-विरोधी फंड के प्रभाव को बढ़ाएगा। सक्रिय सदस्यों (कैटलिस्ट) द्वारा की पहचान की गई सिस्टम परिवर्तन की प्राथमिकताएँ ऑस्टिन शहर, ऑस्टिन ट्रांज़िट पार्टनरशिप और कैपिटल मेट्रो द्वारा की जानी चाहिए और साथ में इसके लिए भुगतान विस्थापन रोधी फंड के **बाहर** से होना चाहिए।

1. सभी निर्वाचित अधिकारियों, बोर्ड और आयोग के सदस्यों, और प्रोजेक्ट कनेक्ट पर काम करने वाले सरकारी कर्मचारियों के लिए **Undoing Racism® कम्युनिटी ओर्गनइज़िंग वर्कशॉप और अभ्यास** की आवश्यकता को सुनिश्चित करें।[27]
2. **सार्वजनिक संसाधनों की बाधाओं को दूर करने के लिए लालफीताशाही को समाप्त करें:** MBE/WBE/DBE प्रक्रिया तक पहुँचने के लिए कागज़ी कार्रवाई कम करें, निर्माण बीमा और बंधन, और भौतिक कार्यालय स्थान की आवश्यकता जैसी असमान बाधाओं को दूर करें। ऑस्टिन शहर, ऑस्टिन ट्रांज़िट पार्टनरशिप और कैपिटल मेट्रो के लिए पसंदीदा विक्रेता के रूप में प्रमाणित होने के लिए अनुमोदन का समर्थन करें और इसमें तेज़ी लाएँ। किफ़ायती आवास और लघु व्यवसाय कार्यक्रमों तक पहुँचने के लिए कागज़ी कार्रवाई को कम करें।
3. **सही कीमत वाली किफ़ायती आवास नीति:** क्षेत्रीय डेटा को छोड़ कर, मोहल्ले के स्तर के आय डेटा के आधार पर घर की आय का 30% होने के लिए सामर्थ्य को परिभाषित करें।
4. **दीर्घकालिक सामर्थ्य:** सभी नए और संरक्षित किफ़ायती आवासों को 99 वर्षों के लिए किफ़ायती होने की आवश्यकता है।
5. **हाउसिंग डेंसिटी बोनस प्रोग्राम में ग्रैंड फादर लॉन्ग टाइम रेसिडेंट्स**
6. **BIPOC निवासियों और व्यवसायों के लिए वरीयता नीति:** विस्थापन से क्षतिग्रस्त BIPOC निवासियों को वरीयता दें, जब सरकारी संसाधनों को किफ़ायती आवास और व्यावसायिक सहायता के लिए उन क्षेत्रों में उपलब्ध कराया जाता हो, जहाँ से वे विस्थापित हुए थे।
7. **शहर, ऑस्टिन ट्रांज़िट पार्टनरशिप, और कैपिटल मेट्रो भूमि को विस्थापन-विरोधी परियोजनाओं** के लिए प्राथमिकता दें: लक्ष्य-संचालित गैर-लाभकारी डेवलपर्स को बिना किसी कीमत के सार्वजनिक स्वामित्व वाली भूमि प्रदान करें ताकि विस्थापन-विरोधी फंड के लक्ष्यों को पूरा करने में मदद मिल सके और साथ ही सवारियों को बढ़ावा दिया जा सके और पारगमन की पैदल दूरी के भीतर समावेशी मोहल्लों में योगदान दिया जा सके।[28]

---

[27] Undoing Racism® कम्युनिटी ओर्गनइज़िंग वर्कशॉप के बारे में

[28] साउंड ट्रांज़िट TOD प्रोग्राम और किफ़ायती आवास नीति

8. **प्रोजेक्ट कनेक्ट से प्रभावित व्यवसायों को मुआवज़ा दें:** संघीय न्यूनतम आवश्यकताओं से परे, व्यावसायिक हानि के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करें, विशेष रूप से उन व्यवसाय मालिकों के लिए जो अपना स्थान किराए पर लेते हैं। व्यवसायों पर प्रोजेक्ट कनेक्ट के प्रभावों को समान रूप से कम करें, विशेष रूप से उन पर जो विस्थापन के सबसे अधिक जोख़िम में हैं।

9. **सक्रिय बने रहें:** जस्ट कॉज़ इविक्शन, न्यूनतम आवास गुणवत्ता मानक, आदि सुरक्षात्मक कानूनों को बनाएँ, मज़बूत करें और/या सुधारें।

10. **जवाबदेही बनाएँ:** रियल एस्टेट या वित्तीय निहित स्वार्थियों, संपत्ति के मालिकों, जो न्यूनतम आवास गुणवत्ता मानकों को पूरा नहीं करते हैं, आदि जैसे नियमित अपराधियों के लिए परिणाम लागू करें।

11. **प्रोजेक्ट कनेक्ट स्थानीय नौकरी या प्राथमिकता नौकरी:** प्राथमिकता वाले स्थानों में प्राथमिकता वाली आबादी के लिए करियर-पथ, बुनियादी भुगतान वाली नौकरी, रास्ते और प्रशिक्षण के लिए प्राथमिकता प्रदान करें, और अन्य सभी के लिए पहुँच को कम करें। इसका अर्थ केवल न्यूनतम वेतन वाले अस्थाई पदों की एक छोटी संख्या को बनाना और भरना नहीं है।[29]

12. **पूर्ण और वांछनीय रोज़गार के लिए बाधाओं को दूर करें:** बाधाओं को दूर करें, विशेष रूप से उच्च गुणवत्ता वाले करियर वाले क्षेत्रों में जहाँ ये बाधाएँ व्याप्त हैं।

13. **बड़े व्यवसायों के लिए कम्युनिटी लाभ अनुबंधों की आवश्यकता को सुनिश्चित करें:** व्यवसायों के लिए पूर्ण, वांछनीय रोज़गार के लिए बाधाओं को दूर करने और कंपनी में प्रवेश करने, फलने-फूलने और आगे बढ़ने के लिए प्राथमिकता आबादी के लिए प्रशिक्षण और सहायता प्रदान करने; किफ़ायती आवास प्रदान करने; माल और सेवाओं के लिए MBE/WBE/DBE व्यवसायों के साथ अनुबंध करने; और सभी कर्मचारियों के लिए बुनियादी भुगतान वाली नौकरी प्रदान करने आदि, की आवश्यकताओं को सुनिश्चित करें।

14. **सभी प्रोजेक्ट कनेक्ट निवेशों में संस्थागत अनुबंधों के लिए MBE व्यवसायों को प्राथमिकता दें।**

15. **MBE/WBE/DBE निर्माण कंपनियों के लिए बाधाओं को दूर करें:** बीमा, बॉन्डिंग, वित्तीय सॉल्वेंसी और वेयरहाउस/वाणिज्यिक यार्ड की आवश्यकताओं को हटा दें जो उन व्यवसायों के लिए असमान बाधाएँ पैदा करते हैं जिन्हें ऐतिहासिक रूप से पूंजी तक पहुँच से वंचित कर दिया गया था।

[29] सिएटल प्राथमिकता नौकरी कार्यक्रम

16. **कानूनी रूप से बीमा योग्य स्थानों की बाधा आवश्यकता को दूर करें:** निर्माण बूम के दौरान MBE/WBE/DBE ठेकेदारों को शहर के स्वामित्व वाले लॉट पर अल्पकालिक पट्टों की अनुमति देकर व्यवसायों के लिए विशिष्ट बाधाओं को दूर करें।

17. **स्वामित्व (घर और व्यापार), पूंजी और वाणिज्य के लिए बाधाओं को दूर करें।**

18. **व्यवसायों को लाइसेंस बनने से रोकने वाली बाधाओं को दूर करें और प्रोत्साहन प्रदान करें:** ऐतिहासिक रूप से BIPOC के स्वामित्व वाले व्यवसायों जैसे भोजन, निर्माण, बाल और नाखून सैलून, नाई, सांस्कृतिक और नस्लीय व्यापारिक स्टोर और मनोरंजन का समर्थन करने के लिए कई तरह की रणनीतियाँ नियोजित करें।

19. **सुनिश्चित करें कि स्कूल बच्चों को वे सभी कौशल प्रदान करें जिनकी उन्हें सफलता के लिए आवश्यकता है:** स्कूल ज़िले के भीतर समान शिक्षा निवेश करें और अलग-अलग परिणाम बनाने में पाठ्यक्रम और अनुशासनात्मक नीतियों की भूमिका की जाँच करें।

20. **खरीद नीति के पहले अधिकार के साथ किरायेदार के स्वामित्व का समर्थन करें:** संपत्ति बेचने से पहले किरायेदारों को खरीदने का पहला अधिकार दें; उन्हें उस अधिकार को एक गैर-लाभकारी संस्था को हस्तांतरित करने की अनुमति दें।

21. **कम आय वाले गृहस्वामियों के लिए समान कर राहत संरचनाएँ बनाएँ**: नई संपत्ति कर छूट, कर सीमा, कर सब्सिडी, और कर माफी कार्यक्रमों के साथ गृहस्वामियों का समर्थन करें।

22. **न्यायसंगत जोनिंग, शीघ्र अनुमति और निर्माण अनुदान के माध्यम से धन-निर्माण के अवसर पैदा करें:** ऐसे उपाय लागू करें जो BIPOC के गृहस्वामियों को उनके लॉट पर नई इकाइयों के पुनर्निर्माण और निर्माण में सहायता करें।

## 6. एक क्रॉस-डिपार्टमेंट नस्लीय समानता विस्थापन-विरोधी समन्वय टीम का गठन करें

इक्विटी ऑफिस और हाउसिंग एंड प्लानिंग डिपार्टमेंट का डिस्प्लेसमेंट प्रिवेंशन डिवीज़न टूल के उपयोग सहित जवाबदेही संरचना के चार क्वाड्रेंट का समर्थन करने वाली प्रणालियों को विकसित करने के लिए एक क्रॉस-डिपार्टमेंटल टीम को सह-आयोजित करने के लिए अच्छी स्थिति में हैं। यह टीम टूल के रोलआउट और उपयोग के दौरान नेतृत्व के लिए चुनौतियों और अवसरों को बढ़ाने में सक्षम होगी, फिर संसाधन को सुव्यवस्थित और समाधान विकसित करेगी।

प्रत्येक विभाग की विशेषज्ञता का लाभ उठाने वाले क्रॉस-डिपार्टमेंटल तालमेल नस्लीय समानता के अच्छे परिणाम देंगे। इक्विटी ऑफिस और हाउसिंग एंड प्लानिंग डिपार्टमेंट के अलावा, कम-से-कम निम्नलिखित विभागों को टीम में शामिल किया जाना चाहिए:

- ऑफिस ऑफ़ इनोवेशन जो न्यायसंगत परिणामों को मापने में नई प्रथाओं को स्थापित करने में मदद करता है;
- ऑफिस ऑफ़ सस्टेनेबिलिटी, जो नए और प्रभावी जलवायु न्याय और कम्युनिटी सहयोग प्रथाओं को आगे बढ़ाता है;
- इकोनॉमिक डेवलपमेंट डिपार्टमेंट जो कार्यबल विकास के लिए प्रदर्शनकारी प्रतिबद्धता को क्रियान्वित करता है, लघु व्यवसाय संसाधन प्रदान करता है, और ऐतिहासिक ज़िलों और सांस्कृतिक संगठनों का समर्थन करता है; और
- ट्रांसपोर्टेशन डिपार्टमेंट, जो बुनियादी ढाँचे के मानकों को अद्यतन करता है और समानता और विस्थापन विरोधी पर ध्यान देने के साथ मल्टीमॉडल परिवहन प्रणालियों का विस्तार करता है। इन कार्यालयों के कर्मचारी टीम के महत्वपूर्ण सदस्य होंगे, जिन्हें अपनी कार्य योजना में समर्पित समय की आवश्यकता होगी।

विस्थापन से प्रभावित कम्युनिटीज़ के साथ टूल का उपयोग करना टीम का प्रभार होगा। प्रारंभ में, इस टीम को टूल का उपयोग करने और नस्ल और सामाजिक समानता को समझने के लिए प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए भुगतान किए गए सक्रिय सदस्यों (कैटलिस्ट) के साथ भागीदारी करनी चाहिए क्योंकि वे विकास और पारगमन निवेश से संबंधित हैं। कम्युनिटी सलाहकार समिति, ऑस्टिन ट्रांज़िट पार्टनरशिप बोर्ड, कैपिटल मेट्रो और सिटी लीडरशिप इस प्रशिक्षण के शुरुआती दर्शक हैं।

विस्थापन से प्रभावित कम्युनिटीज़ के साथ भागीदारी करना टीम के लिए एक सतत भूमिका होगी। प्रारंभिक गतिविधियों में टूल को रोल आउट करने के लिए सक्रिय सदस्यों (कैटलिस्ट) के साथ अनुबंध करना, कम्युनिटी क्षमता-निर्माण फंड की स्थापना करना और प्रोजेक्ट कनेक्ट निगरानी कार्यक्रम के हिस्से के रूप में डेटा डैशबोर्ड के डिज़ाइन पर कम्युनिटी सलाहकार समिति के साथ भागीदारी करना शामिल होगा।

समान विकास की सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना और विकसित करना इस टीम का मुख्य फोकस होगा, जिसमें सक्रिय सदस्यों (कैटलिस्ट) द्वारा पहचानी गई संस्थागत परिवर्तन प्राथमिकताएँ शामिल हैं, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है। इन चर्चाओं के माध्यम से, टीम सीखे गए पाठों को साझा करेगी और कम्युनिटी सलाहकार समिति, सिटी लीडरशिप, कैपिटल मेट्रो लीडरशिप और ऑस्टिन ट्रांज़िट पार्टनरशिप बोर्ड को अपनाने के लिए संदर्भित किए जाने वाले नए नीतिगत दृष्टिकोणों की पहचान करेगी।

# 7. प्रक्रिया, प्रगति और परिणामों पर निगरानी और रिपोर्ट करें

ऑस्टिन ट्रांज़िट पार्टनरशिप की कम्युनिटी सलाहकार समिति पर कम्युनिटी को अधिक जवाबदेही और पारदर्शिता के लिए डेटा डैशबोर्ड के डिज़ाइन में कम्युनिटी की सहायता करने की ज़िम्मेदारी है। प्रोजेक्ट कनेक्ट मॉनिटरिंग प्रोग्राम के हिस्से के रूप में डैशबोर्ड पर नियमित रिपोर्टिंग नीति निर्माताओं और कम्युनिटी के बीच बातचीत को बढ़ाने और नवीनीकृत करने का एक मूल्यवान अवसर है कि ऑस्टिन कैसे समान रूप से बढ़ रहा है, और प्रदर्शित करता है कि मतदाताओं के साथ अनुबंध कैसे रखा जा रहा है।

विस्थापन और नस्लीय असमानता से प्रभावित कम्युनिटीज़ के लिए सार्थक मेट्रिक्स को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। सक्रिय सदस्यों (कैटलिस्ट) ने तीन श्रेणियों में डेटा की पहचान की जिन्हें उपयोग के लिए माना जाना चाहिए:

- विस्थापन और अवसर तक पहुँच को मापने वाले कम्युनिटी-स्तरीय संकेतक
- विस्थापन और निहित स्वार्थों वाली रियल एस्टेट प्रथाओं के प्रारंभिक चेतावनी संकेत
- विस्थापन-विरोधी फंड के लिए प्रदर्शन और जवाबदेही उपाय

इसके अलावा, किए गए निर्णयों, खर्च की गई धनराशि, किए गए कार्यों, और किसे लाभ होता है, सहित, विस्थापन-विरोधी फंड से पुरस्कार आवंटित करने के लिए उपयोग की जाने वाली प्रक्रिया पर डेटा प्रतिवर्ष प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

## निगरानी कार्यक्रम की रूपरेखा

विस्थापन जैसे संरचनात्मक मुद्दे को मापने के लिए अंतरविभागीय समन्वय महत्वपूर्ण है। क्रॉस-डिपार्टमेंटल समन्वय टीम के डेटा विश्लेषकों को निगरानी कार्यक्रम का प्रबंधन; कम्युनिटी के सदस्यों के साथ साझेदारी में डेटा का संकलन और विश्लेषण; और वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करनी चाहिए।

प्राथमिकता जनसंख्या के नेतृत्व, कम्युनिटी सलाहकार समिति, ऑस्टिन ट्रांज़िट पार्टनरशिप बोर्ड, और कैपिटल मेट्रो और सिटी लीडरशिप के लिए प्रस्तुतियाँ, एक शेड्यूल पर होंगी जो वार्षिक खर्च योजना समायोजन और संसाधन ज़रूरतों के बारे में सूचना देने के लिए प्रोजेक्ट कनेक्ट-संबंधित समय सीमा के आधार पर और बजट प्रक्रिया **से पहले** होंगी।

पारंपरिक डेटा स्रोत सीमित जानकारी प्रदान करते हैं। प्रभावी मात्रात्मक और गुणात्मक डेटा की पहचान करने और निष्कर्षों के महत्व का विश्लेषण करने में कम्युनिटी की भूमिका होनी चाहिए। इसके लिए विरोधी विस्थापन और पारगमन निवेश का मार्गदर्शन करने के लिए असमानता से सबसे अधिक प्रभावित लोगों की विशेषज्ञता को महत्व देने के लिए एक मज़बूत प्रतिबद्धता की

आवश्यकता है। अभिनव मात्रात्मक और गुणात्मक डेटा प्राप्त करने के लिए कम्युनिटी आधारित अनुसंधान के कार्यान्वयन की आवश्यकता है। इसमें कम्युनिटीज़ को डेटा एकत्र करने में सक्षम बनाने के लिए धन और सहायता प्रदान करना शामिल हो सकता है जो निवासियों, व्यवसायों और उनकी कम्युनिटीज़ में होने वाले सांस्कृतिक संस्थानों के विस्थापन और आवश्यक प्रतिक्रिया में पूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं।

## उपायों को डिज़ाइन करना

अंतिम उपायों का विकास विस्थापन से सबसे अधिक प्रभावित कम्युनिटीज़ के सदस्यों के परामर्श से और उनके प्रति पारदर्शिता के साथ किया जाना चाहिए। जो उपाय बनाए जाएँगे वह लागू भी किए जाएँगे इसलिए उपाय उसी से संबंधित हों जो मायने रखता है। संभावित संकेतकों के उदाहरण नीचे दिए गए हैं। निगरानी कार्यक्रम में शामिल करने के लिए चुने गए संकेतक आगे की पहुँच और अनुसंधान पर आधारित होंगे।

### कम्युनिटी-स्तर के परिणाम

कम्युनिटी में परिणामों के दीर्घकालिक संकेतक नॉर्थ स्टार के रूप में काम करेंगे क्योंकि प्रोजेक्ट कनेक्ट 13 साल के ट्रांज़िट विस्तार में समानता ले लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए निवेश करता है। यह निर्धारित करने के लिए कि क्या सभी लोगों और स्थानों के परिणामों में सुधार हो रहा है, शहर भर में समय और भौगोलिक अंतरों के साथ रुझानों को मापना महत्वपूर्ण है।

संकेतकों को विशिष्ट उद्देश्यों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया जाना चाहिए, अर्थात् नस्लीय असमानताओं को बंद करने की दिशा में प्रगति का आकलन करना। न्यायसंगत विकास पर अंतर-एजेंसी के काम के माध्यम से उन्हें काफी हद तक प्रभावित किया जा सकता है। अंत में, उन्हें कार्रवाई योग्य होना चाहिए, ऐसे फीडबैक प्रदान करने कि जिन्हें सिटी, ऑस्टिन ट्रांज़िट पार्टनरशिप और कैपिटल मेट्रो नीतियों और रणनीतियों को समायोजित करने के लिए उपयोग कर सकते हैं।

संकेतक निम्नलिखित सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप होने चाहिए:

- उपलब्ध, विश्वसनीय डेटा पर आधारित हों, जिन्हें नस्ल और आय से अलग किया जा सकता हो
- इनमें अत्यधिक संकीर्ण पहलू के बजाय व्यापक रूप से सार्थक परिणाम शामिल हों (कोई "छोटे कदम नहीं")
- विस्थापन से सबसे अधिक प्रभावित लोगों द्वारा सम्मोहक और समझने में आसान और उपयोग करने वाले होने चाहिए
- दीर्घकालिक प्रासंगिकता रखें

कम्युनिटी स्तर के संकेतकों के उदाहरणों में शामिल हैं:

- परिवारों और व्यवसायों का %, जो नस्ल और नस्लीयता से अलग हैं, जिन्हें विस्थापन-विरोधी फंड्स प्राप्त हुए हैं, जो या तो अपने मोहल्लों में रहते हैं या

उन मोहल्लों में लौट आए हैं जहाँ से वे विस्थापित हुए थे

- पूर्वी क्रिसेंट में और पूरे शहर में नस्लीय/नस्लीय संरचना
- प्रत्येक पब्लिक स्कूल में छात्र निकाय की नस्लीय/नस्लीय संरचना
- जाति और नस्ल द्वारा अलग किया गया गृह स्वामित्व
- नस्ल/नस्लीयता के आधार पर मालिक और किराएदार परिवारों के शेयर, जो गंभीर रूप से आवास-लागत-बोझ वाले हैं
- आय स्तर और बैडरूम की संख्या के आधार पर किराये के आवास की वहनीयता और उपलब्धता
- किराए- और आय-प्रतिबंधित आवास इकाइयों की आपूर्ति
- जाति और नस्ल के आधार पर गृह स्वामित्व की दरें
- जाति और नस्ल के आधार पर गरीबी दर
- जाति और नस्ल के आधार पर व्यवसाय का स्वामित्व
- जाति और नस्ल के आधार पर व्यापार बंद या स्थानांतरण
- जाति और नस्ल के आधार पर व्यापार दीर्घायु
- मालिक की नस्ल और नस्लीयता के आधार पर सार्वजनिक और निजी वित्तपोषण तक व्यावसायिक पहुँच
- क्षेत्र, जाति और नस्ल के आधार पर नौकरियाँ
- सांस्कृतिक एंकरों का बंद होना या उनका स्थान बदलना
- निवासियों का हिस्सा, नस्ल और नस्लीयता के आधार पर, लगातार पारगमन के निकट में
- पार्कों और खुली जगह के निकट निवासियों का हिस्सा और नस्ल के आधार पर
- स्कूल-आयु वर्ग के निवासियों का हिस्सा और नस्ल के आधार पर, अच्छी तरह से संसाधन वाले स्कूलों के निकट
- बहु-परिवार आवास ज़ोनिंग के साथ एकड़ का % बनाम बहुसंख्यक BIPOC पड़ोस बनाम बहुसंख्यक श्वेत पड़ोस में एकल-परिवार आवास ज़ोनिंग के साथ एकड़ का %

## पूर्व चेतावनी संकेत

अल्पकालिक उपायों से रीयल-टाइम की जानकारी हमेशा बदलते रियल एस्टेट बाज़ार पर प्रतिक्रिया करने और प्रोजेक्ट कनेक्ट निवेश प्राप्त करने वाले पूर्वी क्रिसेंट में उच्चतम ज़रूरतों वाले निवासियों और पड़ोस पर ध्यान केंद्रित करने के लिए वास्तविक समय की जानकारी देगी।
इस डेटा को ऐतिहासिक रेडलाइन नक्शों और वॉकशेड के साथ ओवरले करना, जो ट्रांज़िट निवेश से निकटता दिखाते हैं, इन संकेतों के लिए संदर्भ प्रदान कर सकते हैं।

विस्थापन दबावों के प्रारंभिक चेतावनी संकेत विस्थापन दबाव की डिग्री में समग्र प्रवृत्तियों में अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं। प्रारंभिक चेतावनी संकेत उन मोहल्लों को जहाँ विस्थापन जोख़िम आसन्न या सबसे बड़ा है, उन घरों या संगठनों के प्रकार (व्यवसाय या संस्थान) जो सबसे अधिक जोख़िम में हैं, और सट्टा रियल एस्टेट प्रथाओं के रूप में जो नुकसान का स्रोत है, उसे भी इंगित करते हैं।

प्रारंभिक चेतावनी संकेतों के उदाहरण संकेतक इन अटकलों की ओर इशारा करते हैं:

- मोहल्ले के किराए में ऊपर-औसत वृद्धि या शहर भर में और काउंटीव्यापी रुझानों की तुलना में पुराने अपार्टमेंट की रिक्ति दरों में कमी
- कम लागत वाले बाजार दर आवास के लिए प्रॉक्सी के रूप में काम करने वाले पुराने अपार्टमेंट भवनों की बिक्री का समूहन
- शहर भर में और काउंटीव्यापी रुझानों के ऊपर घरेलू बिक्री मूल्य वृद्धि
- होम फ़्लिपिंग: दो साल से कम समय में खरीद और पुनर्विक्रय, मूल्य में ऊपर-औसत वृद्धि के साथ
- बिल्डिंग परमिट गतिविधि: यूनिट आकार पर अतिरिक्त डेटा के साथ प्रारंभिक डिज़ाइन मार्गदर्शन और निर्माण परमिट (स्टूडियो बनाम 3 BR)
- मोहल्ला आवासीय और वाणिज्यिक रियल एस्टेट बाजार पूर्वानुमान या बाजार-शक्ति सूचकांक
- मोहल्ले के किराए में ऊपर-औसत वृद्धि या शहर भर में और काउंटी व्यापी रुझानों की तुलना में पुराने वाणिज्यिक स्थानों की रिक्ति दरों में कमी
- विस्थापन या बढ़े हुए जोख़िम के संकेत
    - ◊ संपत्ति मूल्य के निकट या उससे अधिक बंधक का %
    - ◊ ग्रहणाधिकार के साथ संपत्तियों का % (एक विलेख पर निजी साहूकार, दूसरा बंधक, सार्वजनिक रिकॉर्ड पर संपत्ति कर ऋणदाता ऋण, मैकेनिक का ग्रहणाधिकार)
    - ◊ पात्र गृहस्वामी का % जो संपत्ति या रियासत की छूट नहीं ले रहे हैं
    - ◊ औपचारिक और अनौपचारिक निष्कासन
    - ◊ बकाया संपत्ति कर
    - ◊ यूटिलिटी डिस्कनेक्शन और भुगतान व्यवस्था

## विस्थापन के संकेत




## प्रदर्शन और जवाबदेही उपाय

प्रदर्शन और जवाबदेही के उपाय, पाठ्यक्रम को सही करने और प्रगति पर निर्माण करने के लिए वार्षिक व्यय योजना और विस्थापन-विरोधी फंड लक्ष्यों में समायोजन को सूचित कर सकते हैं। डेटा को यह विश्लेषण करने के लिए भी एकत्र किया जा सकता है कि कैसे और किसके द्वारा टूल का उपयोग किया जा रहा है, जिससे विस्थापन विरोधी निवेशों को निर्देशित करने में टूल की प्रभावशीलता को मज़बूत करने के अवसर मिलते हैं।

- **लोग:**
    - ◊ प्राथमिकता वाले लोगों द्वारा प्रदान किए गए फंड्स का %
    - ◊ #विस्थापन-विरोधी फंड से सीधे लाभान्वित होने वाले लोगों, व्यवसायों और कम्युनिटी संगठनों की
- **स्थान :**
    - ◊ पूर्वी क्रिसेंट में मोहल्लों द्वारा प्रदत्त फंड्स का %
    - ◊ विस्थापन जोख़िम श्रेणी द्वारा प्रदत्त फंड्स का %
- **उद्देश्य**
    - ◊ समानता चालक द्वारा प्रदत्त फंड्स का %
    - ◊ प्राथमिकता के उद्देश्य द्वारा प्रदत्त फंड्स का %
- **प्रक्रिया**
    - ◊ BIPOC के नेतृत्व वाले संगठनों, व्यवसायों और परियोजनाओं में निवेश किए गए फंड्स का %
    - ◊ जाति, नस्ल, आय स्तर और अधिकार की स्थिति सहित टूल का उपयोग करने वालों की जनसांख्यिकी

## निर्णय लेने और कार्यान्वयन में जवाबदेही


यह आवश्यक है कि इस परियोजना के सभी पहलुओं के बारे में डिज़ाइन और कार्यान्वयन के फैसले, जिसमें विस्थापन-विरोधी फंड भी शामिल है, सार्वजनिक रूप से ट्रैक और रिपोर्ट किए जाने चाहिए। यह परियोजना सरकारी एजेंसियों को पूरी तरह से समावेशी होने के लिए अपनी निर्णय लेने की प्रक्रियाओं को बदलने का सुझाव देती है, यानि जिनके पास शक्ति और पैसा है, केवल उन्हीं को पूरी तरह से प्रतिक्रिया देने की अपनी आदत को छोड़ना। इसके लिए सबसे अधिक प्रभावित लोगों द्वारा मूल्यांकन के लिए खुलेपन की आवश्यकता होगी, आलोचना (या प्रशंसा) प्राप्त करना, त्रुटियों को स्वीकार करना, सीखना, पुन: संरेखित करना और सुधार करना। निर्णय मूल्यांकन कई स्तरों पर होगा: व्यक्तिगत स्तर पर प्रोजेक्ट कनेक्ट, व्यक्तिगत एजेंसियों और निर्णय निर्माताओं, विशेष रूप से निर्वाचित अधिकारियों को लागू करने वाली अंतर-एजेंसी साझेदारी के लिए।

विस्थापन-विरोधी फंड के लिए कार्यान्वयन योजना बनाने वालों को यह मूल्यांकन करने के लिए स्पष्ट मानदंड और समय-सीमा स्थापित करनी चाहिए कि धन कैसे और किसके लिए दिया जाता है, इस स्पष्ट आदेश के साथ बार-बार या गंभीर गलत कदम उठाने पर कि धन को BIPOC के नेतृत्व वाले कम्युनिटी-आधारित संगठन को हस्तांतरित किया जाएगा।
इसी तरह, जो एजेंसियाँ और व्यक्ति बार-बार नस्लीय समानता को आगे नहीं बढ़ाने या विस्थापन के दबाव को बढ़ाने का निर्णय लेते हैं, उन्हें निर्णय लेने से हटा दिया जाना चाहिए। एक निर्णय लेने वाले बुनियादी ढाँचे को विकसित करने के माध्यम से जो नस्लीय समानता को आगे बढ़ाने और विस्थापन के खिलाफ़ काम करने के लिए प्रतिबद्ध है, और यह परियोजना ऑस्टिन के मतदाताओं के शहर के जनादेश को सफलतापूर्वक प्राप्त करेगी।

# उपसंहार

ऑस्टिन सफलता के लिए तैयार है। हमारे पास अपने निपटान के लिए ज़बरदस्त संसाधन हैं, जिसमें संस्थागत नस्लवाद को खत्म करने के लिए एक शहरव्यापी प्रतिबद्धता, वास्तविक परिवर्तन करने के लिए प्रतिबद्ध कम्युनिटी नेतृत्व, नस्लीय असमानताओं को समझने के लिए अच्छी तरह से प्रशिक्षित एक कार्यबल, एक बढ़ता कम्युनिटी विकास क्षेत्र, एक निजी क्षेत्र जो समान परिणामों में निवेश करने के लिए अच्छी स्थिति में है, और ऑस्टिनाइट्स जो अपने मूल्यों पर गर्व करते हैं और अपने पड़ोसियों की भलाई के लिए चिंता करते हैं। ये सभी और अन्य संपत्तियाँ स्थाई परिवर्तन लाने के लिए आवश्यक होंगी।

संस्थागत नस्लवाद और विस्थापन के बिना समान विकास का विज़न साहसिक है और ऑस्टिन के लिए पुरस्कार अविश्वसनीय रूप से उच्च हैं। यदि यह विज़न प्राप्त हो जाता है तो, ऑस्टिन अपने सभी निवासियों के लिए समान परिणामों के साथ पारगमन विस्तार और ध्वनि आर्थिक विकास को जोड़ने के लिए राष्ट्रीय टेम्पलेट स्थापित करेगा। यह 21वीं सदी का एक ऐसा वैश्विक शहर बनेगा जो नस्लीय समानता, जलवायु लचीलापन, सांस्कृतिक विविधता और साझा आर्थिक समृद्धि के संयोजन में बेजोड़ होगा।




*चित्र 22। कम्युनिटी की शक्ति ग्राफिक (क्रेडिट: रेस फॉरवर्ड)*

# परिशिष्ट I

## असमान विकास के सरकारी कारण[30]


1. भूमि स्वामित्व का एक लंबा इतिहास, जो कई पीढ़ियों से श्वेत लोगों तक ही सीमित रहा है
2. एक लाभदायक निवेश के रूप में भूमि का उपयोग
3. सरकारी बजट संपत्ति करों पर निर्भर करते हैं जो भूमि मूल्य पर निर्भर होते हैं
4. कर प्रणाली और सरकारी संसाधनों का श्वेत लोगों के घरों में अनुपातहीन रूप से निवेश
5. एक निजी वित्त प्रणाली जो श्वेत लोगों को विशेषाधिकार देती है और जिसमें सट्टेबाज़ी का इनाम मिलता है
6. शहर अमीर निवासियों को मोहल्लों की तरफ आकर्षित करने के लिए सार्वजनिक निवेश करते हैं
7. अश्वेत और भूरे रंग वाले लोगों के मोहल्लों में सार्वजनिक और निजी निवेश की कमी
8. सार्वजनिक बुनियादी ढाँचा परियोजनाएँ और भेदभावपूर्ण कोड प्रवर्तन अश्वेत और भूरे रंग वाले लोगों के मोहल्लों में विस्थापन को लक्षित करता है
9. ज़ोनिंग विशिष्ट मोहल्लों में धन और श्वेत लोगों की रक्षा करती है और अश्वेत और भूरे रंग वाले लोगों की कम्युनिटीज़ विस्थापन को प्रोत्साहित करती है
10. सरकार डेवलपर्स, भूस्वामियों और उनका समर्थन करने वाले नागरिक संगठनों के साथ संबंधों को विशेषाधिकार देती है

[30] रेस फॉरवर्ड

# परिशिष्ट II

## विस्थापन रोधी फंड्स सर्वेक्षण परिणामों को प्राथमिकता देना

सक्रिय सदस्यों (कैटलिस्ट) से पूछा गया कि वे प्राथमिकता के उद्देश्यों पर $100 कैसे खर्च करेंगे। सर्वेक्षण के परिणाम नीचे दिए गए चित्र में दिखाए गए हैं। इस सर्वेक्षण के परिणाम आवंटन दिशानिर्देशों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं; ये प्रोजेक्ट कनेक्ट के लिए विस्थापन-विरोधी फंड्स आवंटित करने की प्रक्रिया के दौरान विस्थापन या विस्थापन जोखिम से सबसे अधिक प्रभावित कम्युनिटी के सदस्यों के टूल के कार्यान्वयन से जो सामने आ सकता है, उसके उदाहरण के रूप में कार्य करते हैं।




*चित्र* **23 /** विस्थापन रोधी फंड्स सर्वेक्षण परिणामों को प्राथमिकता देना

# परिशिष्ट III

## प्रोजेक्ट कनेक्ट नस्लीय समानता विस्थापन-विरोधी टूल मानचित्र डेटा सूची

ऑनलाइन नक़्शे का लिंक

| नक़्शे के लेयर्स | विवरण | स्रोत |
|---|---|---|
| **विस्थापन जोख़िम** | | |
| **प्रोजेक्ट कनेक्ट द्वारा प्रस्तावित स्टॉप्स** | प्रोजेक्ट कनेक्ट द्वारा प्रस्तावित स्टॉप्स और स्टेशन। इन बस स्टॉप्स और लाइट रेल स्टेशनों का सटीक स्थान परिवर्तन के अधीन है | कैपिटल मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्टेशन अथॉरिटी (CMTA), प्रोजेक्ट कनेक्ट सिस्टम प्लान, 2020 |
| **प्रोजेक्ट कनेक्ट स्टॉप्स के बफ़र्स** | प्रोजेक्ट कनेक्ट द्वारा प्रस्तावित स्टॉप्स और स्टेशनों के आसपास एक चौथाई मील, आधे मील और एक मील की दूरी के बफ़र्स | ऑस्टिन शहर, 2021 |
| **प्रोजेक्ट कनेक्ट के रास्ते** | प्रोजेक्ट कनेक्ट के ट्रांज़िट रास्ते जिनमें लाइट रेल लाइनें, कम्यूटर रेल लाइनें और रैपिड बस के रस्ते शामिल हैं | कैपिटल मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्टेशन अथॉरिटी (CMTA), प्रोजेक्ट कनेक्ट सिस्टम प्लान, 2020 |
| **प्रोजेक्ट कनेक्ट रास्तों के बफ़र्स** | लाइट रेल लाइनों, कम्यूटर रेल लाइनों और रैपिड बस के रास्तों सहित प्रोजेक्ट कनेक्ट ट्रांज़िट रास्तों के आसपास एक चौथाई मील, आधे मील और एक मील की दूरी के बफ़र्स | ऑस्टिन शहर, 2021 |
| **प्रोजेक्ट कनेक्ट स्टेशन या स्टॉप से निकटता (वॉकशेड)** | प्रोजेक्ट कनेक्ट प्रस्तावित स्टॉप या स्टेशन से 5, 10, 15 और 20 मिनट की पैदल दूरी के भीतर के क्षेत्र | ऑस्टिन शहर, 2021 |
| **प्रोजेक्ट कनेक्ट स्टॉप के 1 मील के भीतर आने वाले विस्थापन जोख़िम क्षेत्र** | यह लेयर विस्थापन जोख़िम वाले क्षेत्रों को दिखाती है, जो प्रोजेक्ट कनेक्ट प्रस्तावित स्टॉप या स्टेशन के 1 मील के भीतर आते हैं | ऑस्टिन शहर, 2021 |
| **HOLC निवेश ग्रेड नक़्शा (1934)** | यह लेयर होम ओनर्स लोन कॉरपोरेशन द्वारा निर्मित मूल 1934 निवेश ग्रेड नक़्शे का डिजीटल वर्ज़न है। इन नक्शों ने देश भर के मोहल्लों को एक रेटिंग प्रदान की ताकि उन्हें क़र्ज़ देने की स्थिति में उत्पन्न होने वाले जोख़िम और बाद के दशकों में किए गए बड़े सार्वजनिक निवेश और दी गई सब्सिडी की उपयुक्तता निर्धारित की जा सके। ग्रेड "A - सर्वश्रेष्ठ," "B - अभी भी योग्य," "C - निश्चित रूप से कमज़ोर," और "D - खतरनाक" थे। ऑस्टिन में, देश भर के कई अन्य शहरों की तरह, इन विषय संबंधी ग्रेडों को निर्दिष्ट करने की प्रक्रिया नस्लीय सांद्रता के स्थान से निकटता से संबंधित थी। मध्य और पश्चिमी ऑस्टिन में विशेष रूप से श्वेत लोगों के मोहल्लों को निवेश के लिए "सर्वश्रेष्ठ" और "योग्य" माना जाता था। पूर्वी और दक्षिणी ऑस्टिन में विशेष रूप से श्वेत और लैटिनक्स लोगों के मोहल्लों को निवेश के लिए "कमज़ोर" और "खतरनाक" माना जाता था और इस प्रकार उन्हें संघीय सरकार द्वारा समर्थित बंधक प्राप्त करने से वंचित रखा जाता था। "खतरनाक" क्षेत्रों पर अक्सर बुनियादी ढाँचे को प्रदूषित करने का आरोप लगाया जाता था। | मैपिंग इनइक्वलिटी, रिचमंड विश्वविद्यालय, 2019 को अद्यतन किया गया |

| नक़्शे के लेयर्स | विवरण | स्रोत |
|---|---|---|
| **विस्थापन जोख़िम (जारी)** | | |
| **विस्थापन जोख़िम क्षेत्रों की रूपरेखा** | यह लेयर टेक्सास विश्वविद्यालय में 2018 की अपरूटेड रिपोर्ट और मैपिंग के अनुसंधान के लिए इस्तेमाल की जाने वाली विधि पर आधारित है। इस विधि में मोहल्ले के स्तर पर विस्थापन के जोख़िम को निर्धारित करने के लिए तीन-भाग का विश्लेषण शामिल है: असुरक्षित आबादी की उपस्थिति, आवास बाजार की समझ और जनसांख्यिकीय परिवर्तन। शहर ऑस्टिन के हाउसिंग एंड प्लानिंग डिपार्टमेंट के कर्मचारियों ने 2019 में इस डेटा को अपडेट किया और श्रेणियों को सरल बनाया। | ऑस्टिन शहर, 2021 |
| **विस्थापन जोख़िम क्षेत्र (2019)** | यह लेयर टेक्सास विश्वविद्यालय में 2018 की अपरूटेड रिपोर्ट और मैपिंग के अनुसंधान के लिए इस्तेमाल की जाने वाली विधि पर आधारित है। इस विधि में मोहल्ले के स्तर पर विस्थापन के जोख़िम को निर्धारित करने के लिए तीन-भाग का विश्लेषण शामिल है: असुरक्षित आबादी की उपस्थिति, आवास बाजार की समझ और जनसांख्यिकीय परिवर्तन। शहर ऑस्टिन के हाउसिंग एंड प्लानिंग डिपार्टमेंट के कर्मचारियों ने 2019 में इस डेटा को अपडेट किया और श्रेणियों को सरल बनाया। विस्थापन जोख़िम की चार श्रेणियाँ इस प्रकार से हैं: - असुरक्षित: असुरक्षित आबादी मौजूद है, कोई महत्वपूर्ण जनसांख्यिकीय परिवर्तन नहीं है, कुछ क्षेत्र उच्च मूल्य और उच्च प्रशंसा क्षेत्रों के करीब हैं- सक्रिय: असुरक्षित आबादी मौजूद है, सक्रिय जनसांख्यिकीय परिवर्तन, आवास बाजार का मूल्य बढ़ रहा है या इसमें तेज़ी आ रही है - स्थाई: असुरक्षित आबादी को विस्थापित हो गई है, काफी जनसांख्यिकीय परिवर्तन हुआ है, आवास बाजार का मूल्य बढ़ रहा है और इसमें तेज़ी आ रही है- ऐतिहासिक बहिष्करण: इन क्षेत्रों ने ऐतिहासिक रूप से असुरक्षित आबादी को बाहर रखा है और अन्य स्थानों की तरह अभिजात्यवाद (जेंट्रीफिकेशन) और विस्थापन के अधीन नहीं है। | ऑस्टिन शहर, 2021 |
| **ऑस्टिन शहर की सीमा** | ऑस्टिन शहर के अधिकार क्षेत्र की पूर्ण सीमा | ऑस्टिन शहर, 2021 |
| **BIPOC जनसंख्या की प्रतिशतता (2019)** | ऑस्टिन मेट्रोपॉलिटन सांख्यिकीय क्षेत्र के प्रत्येक जनगणना स्थल में रहने वाले श्वेत, स्वदेशी और विभिन्न नस्लों और रंगों की जनसंख्या की प्रतिशतता | अमेरिकन कम्युनिटी सर्वे, टेबल B03002: नस्ल के अनुसार हिस्पैनिक या लैटिन मूल, 2019 5-वर्ष का अनुमान |
| **श्वेत जनसंख्या (2019)** | ऑस्टिन मेट्रोपॉलिटन सांख्यिकीय क्षेत्र के प्रत्येक जनगणना स्थल में रहने वाले हिस्पैनिक और गैर हिस्पैनिक सहित श्वेत या अफ़्रीकी अमेरिकी लोगों की जनसंख्या | अमेरिकन कम्युनिटी सर्वे, टेबल B03002: नस्ल के अनुसार हिस्पैनिक या लैटिन मूल, 2019 5-वर्ष का अनुमान |
| **लैटिनक्स जनसंख्या (2019)** | ऑस्टिन मेट्रोपॉलिटन सांख्यिकीय क्षेत्र के प्रत्येक जनगणना स्थल में रहने वाले लोगों की जनसंख्या जो नस्लीय रूप से हिस्पैनिक हैं और किसी भी नस्ल से संबंध रखते हैं | अमेरिकन कम्युनिटी सर्वे, टेबल B03002: नस्ल के अनुसार हिस्पैनिक या लैटिन मूल, 2019 5-वर्ष का अनुमान |
| **एशियाई जनसंख्या (2019)** | ऑस्टिन मेट्रोपॉलिटन सांख्यिकीय क्षेत्र के प्रत्येक जनगणना स्थल में रहने वाले नस्लीय रूप से हिस्पैनिक और गैर हिस्पैनिक सहित एशियाई लोगों की जनसंख्या | अमेरिकन कम्युनिटी सर्वे, टेबल B03002: नस्ल के अनुसार हिस्पैनिक या लैटिन मूल, 2019 5-वर्षीय |

| नक़्शे के लेयर्स | विवरण | स्रोत |
| --- | --- | --- |
| **विस्थापन जोख़िम (जारी)** | | |
| **एक, दो और तीन सितारा बहुपरिवार आवास इकाइयों के समूह** | यह लेयर आधे मील के हेक्सागोनल ग्रिड के भीतर आने वाले एक, दो और तीन सितारा बहुपरिवार आवास इकाइयों के समूहों को दिखाती है। 1, 2, और 3 सितारा बहु-पारिवारिक संपत्तियों को CoStar द्वारा रेट किया गया है और नव निर्मित या लक्जरी अपार्टमेंट की तुलना में इनकी अधिक उम्र या इनके मानक डिज़ाइन के कारण इन्हें अपेक्षाकृत किफ़ायती आवास के लिए प्रॉक्सी के रूप में उपयोग किया जाता है। | CoStar डेटा एक्सट्रैक्ट, जून 2021 |
| **औसत आवागमन समय (2019)** | यह लेयर ऑस्टिन मेट्रोपॉलिटन सांख्यिकीय क्षेत्रों के जनगणना स्थलों के औसत आवागमन समय को दर्शाती है। कम यात्रा समय वाले क्षेत्रों का उपयोग नौकरी केंद्रों से निकटता के लिए प्रॉक्सी के रूप में किया जा सकता है | अमेरिकन कम्युनिटी सर्वे, टेबल B08012: कार्यस्थल तक पहुँचने में लगने वाला समय, 2019 5-वर्ष का अनुमान |
| **BIPOC मकान मालिकों का BIPOC किराएदारों से अनुपात** | यह लेयर ऑस्टिन मेट्रोपॉलिटन सांख्यिकीय क्षेत्रों के जनगणना स्थलों में BIPOC मकान मालिकों के BIPOC किराएदारों से अनुपात को दर्शाती है। जनगणना स्थलों का रंग इस बात को दर्शाता है कि क्या स्थलों में BIPOC की अधिकांश आबादी के पास अपने घर हैं या उनमें से अधिकांश किरायेदार हैं। | अमेरिकन कम्युनिटी सर्वे, टेबल S2502: हाउसिंग टेन्योर, 2019 5-वर्ष का अनुमान |

| नक़्शे के लेयर्स | विवरण | स्रोत |
| --- | --- | --- |
| **अवसरों तक पहुँच** | | |
| **ऑस्टिन शहर की परिसंपत्तियाँ** | यह लेयर ऑस्टिन हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन के स्वामित्व वाली भूमि सहित, ऑस्टिन शहर के स्वामित्व वाली या प्रबंधित भूमि दिखाती है। यह लेयर अविकसित या अधिशेष भूमि के अतिरिक्त उस भूमि को दिखाती है जिसका वर्तमान में पार्कों, कार्यालयों या अन्य कार्यों के लिए उपयोग किया जा सकता है। | ऑस्टिन शहर, 2021 |
| **SNAP सुविधाओं को स्वीकार करने वाले स्वस्थ भोजन से निकटता (वॉकशेड; 2017)** | यह लेयर ताज़ा उत्पाद बेचते वाली और SNAP सुविधाओं को स्वीकार करने वाली भोजन की दुकानों से 5, 10, 15 और 20 मिनट की पैदल दूरी के भीतर के क्षेत्रों को दिखाती है। यह लेयर 2017 में ऑस्टिन शहर द्वारा आयोजित सभी खाद्य खुदरा स्थानों की जनगणना पर आधारित है। | ऑस्टिन शहर, 2021 |
| **किसी वैक्सीन प्रदाता से निकटता (वॉकशेड; स्वास्थ्य देखभाल तक पहुँच के लिए प्रॉक्सी)** | यह लेयर ट्रैविस काउंटी में दिसंबर 2020 तक Covid-19 वैक्सीन वितरण स्थानों से 5, 10, 15 और 20 मिनट की पैदल दूरी के भीतर के क्षेत्रों को दिखाती है, जिसमें फार्मेसियाँ, निजी चिकित्सा पद्धतियाँ, अस्पताल, कम्युनिटी स्वास्थ्य सुविधाएँ, इत्यादि शामिल हैं। इसका उपयोग स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुँच वाले क्षेत्रों को दिखाने के लिए एक प्रॉक्सी के रूप में किया जा सकता है। | ऑस्टिन शहर, 2021 |
| **एक सार्वजनिक कम्युनिटी केंद्र से निकटता** | ऑस्टिन शहर के किसी कम्युनिटी मनोरंजन केंद्र से 5, 10, 15 और 20 मिनट की पैदल दूरी के भीतर के क्षेत्र। | ऑस्टिन शहर, 2021 |
| **एक सार्वजनिक पुस्तकालय से निकटता** | ऑस्टिन शहर के किसी सार्वजनिक पुस्तकालय से 5, 10, 15 और 20 मिनट की पैदल दूरी के भीतर के क्षेत्र। | ऑस्टिन शहर, संचार और प्रौद्योगिकी, 2021 |
| **बंद स्कूल (2019)** | ऑस्टिन इंडिपेंडेंट स्कूल डिस्ट्रिक्ट (AISD) द्वारा 2019 शैक्षणिक वर्ष में बंद किए गए स्कूलों की पहचान करने के लिए, इस लेयर को पब्लिक स्कूलों को दर्शाने वाली अन्य लेयर्स के साथ देखा जा सकता है। | ऑस्टिन स्वतंत्र स्कूल डिस्ट्रिक्ट, 2019 |

| नक़्शे के लेयर्स | विवरण | स्रोत |
|---|---|---|
| **अवसरों तक पहुँच (जारी)** | | |
| **सभी स्कूल** | यह लेयर सार्वजनिक, निजी और चार्टर स्कूलों सहित टेक्सास के सभी प्राथमिक, मध्य और उच्च विद्यालय परिसरों का स्थान दिखाती है। | टेक्सास एजुकेशन एजेंसी, 2021 |
| **सार्वजनिक AISD स्कूलों से निकटता (वॉकशेड)** | यह लेयर ऑस्टिन इंडिपेंडेंट स्कूल डिस्ट्रिक्ट के भीतर के किसी पब्लिक स्कूल से 5, 10, 15 और 20 मिनट की पैदल दूरी के भीतर के क्षेत्रों को दिखाती है। | टेक्सास शिक्षा एजेंसी, 2021 |
| **हाई इंजरी नेटवर्क (सभी स्रोतों सहित)** | हाई इंजरी नेटवर्क (HIN) को ऑस्टिन ट्रांसपोर्टेशन डिपार्टमेंट (ATD) द्वारा विकसित किया गया था और यह ऑस्टिन में उन सड़कों की पहचान करता है जहाँ ड्राइविंग, बाइकिंग और पैदल चलने सहित परिवहन के सभी साधनों से होने वाली गंभीर चोट और घातक दुर्घटनाओं की अपेक्षाकृत अधिक संख्या होती है। | ऑस्टिन शहर, 2021 |
| **पैदल यात्रियों का हाई इंजरी नेटवर्क** | पेडेस्ट्रियन हाई इंजरी नेटवर्क ऑस्टिन में उन सड़कों की पहचान करता है जहाँ पैदल चलने वालों के साथ अपेक्षाकृत अधिक संख्या घातक दुर्घटनाएँ होती हैं और उन्हें गंभीर चोटें लगती हैं। | ऑस्टिन शहर, 2021 |


# प्रोजेक्ट कनेक्ट नस्लीय समानता विस्थापन-विरोधी मानचित्र का उपयोग कैसे करें

मानचित्र पर जो दिखाया जा रहा है उसे समझने के लिए लीजेंड (संक्षिप्त विवरण) का उपयोग करें। विभिन्न जानकारी देखने और डेटासेट के बीच संबंध खोजने के लिए नक़्शे को अनुकूलित करने के लिए लेयर सूची का उपयोग करें। किसी विशेष क्षेत्र के बारे में अतिरिक्त विवरण देखने के लिए उस पर ज़ूम इन करें और अधिक जानकारी के साथ एक पॉप-अप विंडो उत्पन्न करने के लिए किसी क्षेत्र पर क्लिक करें।

## नक़्शे के टूल के घटकों के लिए गाइड


### साइडबार

- स्क्रीन के बाईं ओर साइडबार में नक़्शे के लीजेंड (संक्षिप्त विवरण) और लेयर सूची शामिल है।
- साइडबार को छोटा करने या विस्तृत करने के लिए उसके नीचे स्थित तीरों का उपयोग करें। यह समायोजित करेगा कि साइडबार आपकी स्क्रीन पर कितनी जगह लेता है।
- पूर्ण साइडबार को फिर से देखने के लिए, आप या तो साइडबार के निचले भाग में स्थित तीरों पर एक बार फिर क्लिक कर सकते हैं या साइडबार पर लीजेंड (संक्षिप्त विवरण) या लेयर सूची आइकन का चयन कर सकते हैं।





### लीजेंड (संक्षिप्त विवरण)

- लीजेंड (संक्षिप्त विवरण) मानचित्र पर "चालू" या दृश्यमान सभी लेयर्स के लिए एक दृश्य कुंजी प्रदर्शित करता है।
- लेयर सूची में लेयर्स के चालू या बंद होने पर लीजेंड अपडेट हो जाएगा।




## लेयर सूची

- लेयर सूची देखने के लिए उपलब्ध नक़्शे के सभी लेयर्स की सूची प्रदर्शित करती है।
- किसी लेयर को देखने के लिए, उसके नाम के आगे स्थित चेकबॉक्स पर क्लिक करें।
- किसी लेयर को बंद करने के लिए, उसके नाम के आगे स्थित बॉक्स को अनचेक करें।
- कुछ लेयर्स को देखने के लिए, नक़्शे की पठनीयता में सुधार करने के लिए दूसरी लेयर्स को बंद करना सहायक हो सकता है। लेयर की जानकारी सूचीबद्ध अन्य सभी लेयर्स के ऊपर जमा होती जाएगी और यदि एक साथ बहुत सारी लेयर्स दिखाई दे रही हों तो आप भ्रमित हो सकते हैं।





## लेयर पारदर्शिता समायोजित करें

- आप लेयर सूची में लेयर के नाम के आगे तीन बिंदुओं पर क्लिक करके लेयर की अस्पष्टता और पारदर्शिता को समायोजित कर सकते हैं। विकल्पों की सूची दिखाई देने के बाद, "पारदर्शिता" चुनें। एक स्लाइडर टूल दिखाई देगा जिससे आप लेयर की पारदर्शिता को समायोजित कर पाएँगे।



## ज़ूम इन और ज़ूम आउट करें

- अधिक विवरण देखने के लिए नक़्शे के निकट ज़ूम इन करने के लिए प्लस चिह्न बटन का उपयोग करें।
- नक़्शे पर अधिक ज़ूम आउट करने के लिए माइनस बटन का उपयोग करें ताकि आप एक विस्तृत क्षेत्र देख सकें।
- नक़्शे दृश्य को ज़ूम इन और आउट करने के लिए आप माउस पर स्क्रॉलिंग व्हील का भी उपयोग कर सकते हैं।
- टच स्क्रीन वाले डिवाइस पर, आप नक़्शे दृश्य को ज़ूम इन और ज़ूम आउट करने के लिए आप स्क्रीन पर दो अंगुलियों को रख कर उन्हें एक तरफ खींच सकते हैं या उन्हें अलग कर सकते हैं।





## पैन करें

- नक़्शे के चारों ओर घूमने के लिए, नक़्शे दृश्य को विंडो के चारों ओर ले जाने के लिए नक़्शे को क्लिक करें और खींचें।

## पॉप-अप सूचना विंडो

- जब आप मानचित्र पर किसी विशेष क्षेत्र का चयन करते हैं तो कुछ लेयर्स में अतिरिक्त जानकारी उपलब्ध होती है।
- उस डेटासेट की जानकारी वाले पॉप-अप विंडो को उत्पन्न करने के लिए नक़्शे के किसी क्षेत्र पर क्लिक करें। पॉप-अप को बंद करने के लिए पॉप-अप विंडो के ऊपर दाईं ओर बने "X" पर क्लिक करें।
- सभी लेयर्स में पॉप-अप विंडो और अतिरिक्त जानकारी उपलब्ध नहीं होती है।



### नक़्शे के टैब्स

- टूल के शीर्ष पर स्थित टैब दो अलग-अलग नक़्शे के लेयर्स की सूचियाँ प्रदान करते हैं: एक विस्थापन जोख़िम के लिए और दूसरा अवसरों तक पहुँच के लिए।

